शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

मौसम

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	24.4	21.1
डालटनगंज	27.0	21.0
धनबाद	29.0	23.8

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

रांची, गुरुवार 30 अक्टूबर 2025 ● कार्तिक शुक्ल पक्ष 09, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 199 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रचा इतिहास, राफेल से भरी उड़ान

30 मिनट तक आकाश में बिताया समय, बोलीं-अविस्मरणीय अनुभव

अंबाला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को अंबाला वायुसेना स्टेशन से फ्रांस निर्मित राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरी. वह फ्लाइट सूट पहनकर राफेल में बैठीं और टेक ऑफ से पहले हाथ हिलाकर अभिवादन किया. राष्ट्रपति मुर्मू ने अधिकारियों से राफेल विमान की तकनीक, उसे चलाने के तरीके और सुरक्षा से जुड़ी बातें समझीं. बता दें कि राष्ट्रपति ने हमेशा से सेना से जुड़े कामों में दिलचस्पी दिखाई है. उन्होंने इसे 'अविस्मरणीय अनुभव' करार देते हुए कहा कि इस उड़ान ने देश की रक्षा क्षमताओं के प्रति उनके मन में गर्व की नई भावना जगाई है. मुर्मू भारत की पहली राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने

दो अलग-अलग लड़ाकू विमानों में उड़ान भरी है. इससे पहले 2023 में उन्होंने सुखोई-30 एमकेआई में उड़ान का अनुभव लिया था. अंबाला वायु सेना स्टेशन से उड़ान भरते हुए राष्ट्रपति ने लगभग 30 मिनट तक आसमान में समय बिताया और करीब 200 किलोमीटर की दूरी तय की. विमान समुद्र तल से 15,000 फीट की ऊंचाई पर उड़ा और इस दौरान इसकी गति 700 किलोमीटर प्रति घंटे रही. उड़ान को 17 स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन अमित गेहानी ने संचालित किया.

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ

भारत के साथ व्यापार समझौते पर भी दिए संकेत

एजेंसियां। नयी दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ की है. दक्षिण कोरिया के बसान में एपेक सीईओ समिट को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को नाइसेस्ट लुकिंग गाइ बताया और कहा कि वह ऐसे लगते हैं, जैसे आप अपने पिता को चाहते हों. ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान युद्ध का जिक्र कर फिर से पुराना सीजफायर वाला राग भी अलापा.

अमेरिकी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को लेकर कहा कि वह बहुत कठोर हैं. वह (पीएम मोदी) बोले कि नहीं, हम लड़ेंगे. मैंने कहा वाह, यह वही आदमी है जिसे मैं जानता हूं. उन्होंने आगे कहा, मैंने पीएम मोदी को फोन

किया और कहा कि हम आपके साथ व्यापार नहीं कर सकते. ट्रंप के मुताबिक पीएम मोदी ने कहा कि हमें व्यापार करना ही चाहिए. उन्होंने कहा कि मैंने ये दोहराया कि आप पाकिस्तान के साथ युद्ध शुरू कर रहे हैं, हम व्यापार नहीं करेंगे. फिर मैंने पाकिस्तान को फोन किया. ट्रंप ने कहा कि पाकिस्तान से भी यही कहा. पाकिस्तान से कहा कि आप भारत से लड़ रहे हैं और आप जानते हैं कि दो परमाणु संपन्न राष्ट्र. पाकिस्तान ने कहा कि नहीं, नहीं, आपको हमें लड़ने देना चाहिए. ट्रंप ने कहा कि मुझसे दोनों ही देशों ने कहा कि आप जानते हैं, वे युद्ध कर रहे हैं.

ट्रंप ने कहा कि हमने स्पष्ट कहा कि हम ट्रेड कर रहे हैं, तो आपको एक-दूसरे पर गोलीबारी बंद करनी होगी. उन्होंने वही पुराना राग अलापते हुए कहा कि सात विमान गिराए गए, आपको युद्ध रोकना होगा और उन्होंने युद्ध रोक दिया. ट्रंप ने दावा किया कि हमने साफ कह दिया था कि हर देश पर 250 फीसदी टैरिफ लगाएंगे. इसका मतलब है कि आप कभी व्यापार नहीं करेंगे और 48 घंटे के भीतर युद्ध खत्म हो गया.

ट्रंप ने कहा कि कोई मारा नहीं गया, इसने मुझे बहुत अच्छा महसूस कराया है. हमने लाखों जिंदगियां बचाईं. ट्रंप ने भारतीयों को अच्छे लोग बताया और कहा कि क्या आपको लगता है कि बाइडेन ऐसा कर पाते? मुझे नहीं लगता. ट्रंप ने आगे कहा कि अगर आप भारत और पाकिस्तान को देखें, तो भारत के साथ ट्रेड डील कर रहा हूं. पीएम मोदी के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध हैं और मुझे बहुत सम्मान, प्यार है. पीएम मोदी के साथ अच्छे संबंधों की दुहाई देते-देते, सीजफायर का पुराना राग अलापते-अलापते अमेरिकी राष्ट्रपति पाकिस्तान के सात विमान गिराने वाले प्रोपेगैंड का भी उल्लेख कर गए. वह इस आतंकी देश के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और हारकर फील्ड मार्शल का ओहदा पा अपनी पीठ खुद ही थपथपाते घूम रहे पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर को भी महान बता गए.

भारत-यूएस व्यापार समझौते पर जल्द हस्ताक्षर

ट्रंप ने अपने भाषण के दौरान भारत से जल्द व्यापार समझौता पूरा होने के संकेत दिए. उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका जल्द ही व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे. हालांकि, इस बीच उन्होंने आयात शुल्क को अमेरिका की ताकत के तौर पर भी दर्शाया. ट्रंप ने एक बार फिर पुराना राग अलापते हुए कहा, अगर आप भारत-पाकिस्तान को देखें तो मैं भारत के साथ व्यापार समझौता करने वाला हूं और मैं पीएम मोदी का बेहद सम्मान करता हूं.

ब्रीफ न्यूज

छग में 73 नक्सलियों ने फिर सरेंडर किया

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में बुधवार को 51 नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के सामने सरेंडर कर दिया. इनमें 9 महिलाएं और 42 पुरुष माओवादी शामिल हैं. सरेंडर करने वाले नक्सलियों के ऊपर कुल 66 लाख रुपये का इनाम घोषित था. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार की नक्सल उन्मूलन नीति, शांति, संवाद एवं विकास पर केंद्रित निरंतर प्रयासों के कारण एक ही दिन में कुल 73 माओवादी कैडरों ने हिंसा का मार्ग छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया है.

मोदी ने की जापान की प्रधानमंत्री से बात

नयी दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को जापान की नई पीएम सनाए तकाइची से फोन पर बात की. मोदी ने उन्हें पीएम पद संभालने पर बधाई दी और उनके साथ द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने पर चर्चा की. 64 वर्षीय ताकाइची हाल ही में जापान की पहली महिला पीएम बनी हैं. उन्होंने शिगेरू इशिबा के हटने के बाद यह पद संभाला है. मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, जापान की पीएम से सौहार्दपूर्ण बातचीत हुई. उन्हें पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी और भारत-जापान के विशेष सामरिक और वैश्विक साझेदारी को आगे बढ़ाने के हमारे साझा दृष्टिकोण पर चर्चा हुई.

बिहार में तीन दलों पर ईओयू ने दर्ज किया केस

पटना। बिहार में चुनाव को लेकर सोशल मीडिया पर गतिविधियों की निगरानी तेज हो गई है. चुनावी प्रचार के बीच आर्थिक अपराध इकाई(ईओयू) ने कार्रवाई की है. ईओयू ने तीन पार्टियों पर केस दर्ज किया है. इसमें भाजपा, कांग्रेस व राजद शामिल हैं. ये कार्रवाई तीनों दलों के सोशल मीडिया अकाउंट्स से कथित रूप से भड़काऊ, धार्मिक और नफरत फैलाने वाली पोस्ट साझा किए जाने के आरोप में हुई है. तीनों दलों के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई कंटेंट आचार संहिता का उल्लंघन करते हैं.

बिहार चुनाव: राहुल गांधी ने लोगों को दी सियासी तंज वाली नसीहत

मोदी जी आप स्टेज पर आइए और डांस कीजिए

शुभम संदेश। मुजफ्फरपुर/दरभंगा

अगर आप कहोगे नरेंद्र मोदी जी आप ऐसा ड्रामा करो. वोट के लिए वो कर देंगे. जो भी करवाना है, करवा लो. आप उनसे कहो कि देखो भइया हम आपको वोट देंगे. आप स्टेज पर आकर नाच लो, वो नाच लेंगे. नाच लेंगे और आप कोशिश करके देखो. मोदी जी आप स्टेज पर आइए और डांस कीजिए. आपको वोट देंगे. देखिए वो नाच लेंगे. जो भी करवाना है, करवा लो. ये बातें बुधवार राहुल गांधी ने मुजफ्फरपुर के सकरा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं. कहा कि महागठबंधन का संकल्प बिहार को मौजूदा बदहाली से निकाल कर आगे बढ़ाना है.

प्रोडक्ट पर मेड इन बिहार देखना चाहता हूं : उन्होंने कहा, नोटबंदी और जीएसटी के जरिए मोदी ने छोटे कारोबार खत्म कर दिए. अपने फोन के पीछे देखिए- लिखा है 'मेड इन चाइना'. हम चाहते हैं उस पर लिखा हो 'मेड इन बिहार'. मोबाइल, शर्ट, पैंट सब यहीं बनें ताकि युवाओं को रोजगार मिले. उन्होंने कहा कि उनकी सरकार बिहार को 'वैश्विक शिक्षा केंद्र' बनाएगी और नालंदा विवि को फिर से विश्वस्तरीय संस्थान बनाने का वादा किया. राहुल गांधी ने कहा कि आप सब बारिश में यहां आए, आपका स्वागत है. मैं देश में जहां भी जाता हूं वहां बिहार के युवा मिलते हैं. आपने दिल्ली बनाई. बेंगलुरु, गुजरात, मुंबई समेत सभी बड़े शहरों को बनाने में मदद की. विदेशों के विकास में भी आपने मदद की. लेकिन, आप बताओ जब आप देश विदेश के विकास में मदद कर सकते हो, तो बिहार के लिए क्यों नहीं? हमलोग बिहार को सबसे आगे ले जाना चाहते हैं.

छठ के नाम पर ड्रामा करते हैं : राहुल बोले कि ये यमुना के नाम पर ड्रामा करते हैं. राहुल ने कहा कि छठ में लोग यमुना में नहा रहे थे, मोदी स्विमिंग पूल में. छठ पूजा का जिक्र करते हुए राहुल बोले, दिल्ली में लोग गंदी यमुना में डुबकी लगा रहे थे और नरेंद्र मोदी अपने लिए बने खास तालाब में नहा रहे थे. उनका छठ पूजा या बिहार से कोई लेना-देना नहीं, बस वोट से मतलब है. नीतीश कुमार पर हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा, नीतीश जी का चेहरा बस इस्तेमाल किया जा रहा है, रिमोट कंट्रोल बीजेपी के हाथ में है. उन्हें सामाजिक न्याय की कोई परवाह नहीं.

वोट चोरी का आरोप, 66 लाख नामों की बात : राहुल गांधी ने एक बार फिर वोट चोरी का आरोप दोहराया. उन्होंने कहा कि बीजेपी बिहार में भी चुनाव चुराने की कोशिश करेगी. उन्होंने महाराष्ट्र और हरियाणा में चुनाव चुराए. अब बिहार में पूरी कोशिश करेंगे. उन्होंने मतदाता सूची से 66 लाख नाम हटाए जाने का मुद्दा उठाया और कहा कि महागठबंधन का साथ दीजिए. राहुल ने कहा, हम हर वर्ग, हर जाति, हर धर्म की सरकार बनाएंगे. किसी को पीछे नहीं छोड़ेंगे.

दो हिंदुस्तान बना रहे मोदी : राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने अडानी और अंबानी को जो भी चाहिए, वो भी दे दी. देश में दो हिन्दुस्तान बन रहा. एक गरीबों का और दूसरा तीन चार अरबपतियों का. पीएम मोदी बिहार के युवाओं से कहते हैं कि हमने आपको कम दाम में डाटा दे दिया लेकिन यह नहीं बताया कि डाटा की कंपनी किसको दी. पैसा तो जियो का मालिक अंबानी बना रहा है. आप झूठ बोल रहे हैं. आपने अंबानी को स्पेक्ट्रम दिया. मुंबई में लाखों-करोड़ों रुपये की जमीन, जिसमें बिहार के लोग रहते हैं, वह जमीन आपने अडानी को दे दी. बिहार में एक रुपये में आपने अडानी को जमीन दे दी. बिहार के किसानों से जमीनें छीन लीं.

तेजस्वी बोले-मेरी परछाई भी गलती करेगी तो सजा दूंगा : घोषणा पत्र जारी के बाद बुधवार से पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतर चुका है. मुजफ्फरपुर के सकरा विधानसभा में जनसभा राहुल गांधी के साथ तेजस्वी यादव ने भी सभा को संबोधित किया. तेजस्वी ने भी एनडीए पर हमला बोला. कहा कि अब बिहार की जनता इस खटारा सरकार से ऊब चुकी है. अब वक्त आ गया है नया बिहार बनाने का. युवाओं का बिहार बनाने का. तेजस्वी ने वादा कि अपराध और भ्रष्टाचार पर उनकी जीरो टॉलरेंस की नीति होगी. अगर उनकी परछाईं भी गलती करेगी, तो उसे कड़ी सजा मिलेगी.

भाजपा का राहुल गांधी पर पलटवार

पीएम मोदी पर राहुल गांधी की टिप्पणी पर भाजपा ने पलटवार किया है. सत्तारूढ़ भाजपा के प्रवक्ता रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी की भाषा को 'स्थानीय गुंडे' जैसा बताया और कहा कि उन्होंने पीएम मोदी को वोट देने वाले हर व्यक्ति का अपमान किया है. भाजपा ने आरोप लगाया कि इन टिप्पणियों ने भारतीय मतदाताओं और लोकतंत्र का मजाक उड़ाया है.

डोनाल्ड ट्रंप से डरते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

बाद में दरभंगा में अपनी दूसरी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, ट्रंप ने बार-बार कहा कि उन्होंने मोदी को व्यापार के नाम पर डराया ताकि ऑपरेशन सिंदूर रुक जाए. उन्होंने यहां तक कहा कि भारत के 7 विमान गिराए गए. ट्रंप ने यह दावा 50 बार दोहराया, लेकिन मोदी जी के मुंह से एक शब्द तक नहीं निकला. राहुल ने आगे कहा कि जो प्रधानमंत्री अपने देश की सेना और वायुसेना पर लग रहे आरोपों पर चुप रहे, वह बिहार या देश का विकास नहीं कर सकते. कांग्रेस नेता ने 1971 की जंग का उदाहरण देते हुए कहा, जब इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं, तब उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति से साफ कहा था- भारत अपने फैसले खुद करेगा. आज ट्रंप खुलेआम हमारी सेना को लेकर बयान दे रहे हैं और मोदी जी चुप हैं. मैं प्रधानमंत्री को चुनौती देता हूं- अगर उनमें दम है, तो बिहार आकर कहें कि डोनाल्ड ट्रंप झूठ बोल रहे हैं. लेकिन वो नहीं बोल सकते.

बीजपी के हाथ में रिमोट कंट्रोल : उन्होंने कहा कि इस चुनाव में सिर्फ नीतीश कुमार के चेहरे का प्रयोग हो रहा है. अब रिमोट कंट्रोल बीजेपी के हाथ में है, जिन्हें सामाजिक न्याय से कोई मतलब नहीं है. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जनसभा में आए लोगों से महागठबंधन के प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की. उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार सभी समाज और धर्मों की सरकार होगी. हमारी प्राथमिकता बिहार को आगे ले जाने की है. राहुल गांधी ने चिंता जताते हुए कहा कि बिहार में बिहारियों का भविष्य नहीं बचा है. इस लिए तेजस्वी को जिता कर बिहार में ही नौकरी का इंतजाम करना है.

अमित शाह ने बताया कौन होगा एनडीए का सीएम?

लालू को दिया संदेश बोले-सीट खाली नहीं

शुभम संदेश। पटना

महागठबंधन लगातार एनडीए पर बिहार में मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने का दबाव बना रहा है. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव बार-बार पूछ रहे कि हम लोगों ने अपना मुख्यमंत्री चेहरा तो घोषित कर दिया लेकिन एनडीए कब करेगा? उन्होंने अमित शाह के बयान का हवाला देते हुए यह भी आरोप लगाया कि भाजपा अब नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री नहीं बनाने वाली है. लेकिन, बुधवार को गृह मंत्री ने अपने बयान के जरिए सभी सवालों का जवाब दे दिया है. उन्होंने स्पष्ट कह दिया है कि बिहार में सीएम की सीट खाली नहीं है.

लालू और सोनिया ऐसा चाहते हैं लेकिन सीटें खाली ही नहीं हैं : बुधवार को दरभंगा के अलीनगर में भाजपा की प्रत्याशी मैथिली ठाकुर के लिए वोट मांगने पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह ने महागठबंधन पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि महागठबंधन में मां और पिता अपने अपने बेटे को सीएम और पीएम बनाना चाहते हैं. लालू प्रसाद अपने बेटे तेजस्वी को सीएम बनाना चाहते हैं और सोनिया गांधी अपने बेटे राहुल को प्रधानमंत्री बनना चाहती हैं, लेकिन मैं उन्हें संदेश देना चाहता हूं की बिहार में सीएम और देश में पीएम के लिए कोई सीट खाली नहीं है. बिहार में सीएम नीतीश कुमार हैं और देश में पीएम नरेंद्र मोदी हैं. देश और बिहार में कोई सीट खाली नहीं है. केवल भाजपा ही है जो परिवारवाद की राजनीति को नहीं मानती है. भाजपा ही केवल युवाओं को मौका दे सकती है. उन्होंने कहा कि लालू-राबड़ी सरकार ने लैंड फॉर जॉब, चारा, बाढ़ राहत घोटला समेत कई घोटले किए. कांग्रेस पार्टी ने 2004 से 2014 तक 12 लाख करोड़ के घोटाले किए. शाह के बयान पर भाजपा के प्रवक्ता ने कहा कि गृह मंत्री का बयान महत्वपूर्ण है. उन्होंने चेतावनी दे दी है कि बिहार में दोबारा जंगल राज नहीं आने देंगे.

राजनीतिक पंडित बोले- गृह मंत्री अमित शाह ने चालाकी से अपने पुराने बयान पर सफाई दी

गृह मंत्री के इस बयान के बाद स्पष्ट हो गया है कि नीतीश कुमार ही एनडीए का मुख्यमंत्री चेहरा होंगे. राजनीतिक पंडितों का कहना है कि गृह मंत्री अमित शाह ने बहुत ही चालाकी से अपने बयानों पर सफाई दे दी है. पहले उन्होंने ही कहा था कि एनडीए का मुख्यमंत्री विधायक दल के नेता आपस में बैठकर तय करेंगे. इसके बाद जब विपक्ष ने उन्हें घेरना शुरू किया उनके बयानों का हवाला देकर यह प्रचार करने वालों की भाजपा नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री नहीं बनने वाली है तब जाकर गृह मंत्री अमित शाह का यह बयान सामने आया है. उन्होंने स्पष्ट कह दिया है कि कि नीतीश कुमार बिहार में हैं. अभी यह सीट खाली नहीं है. इतना ही नहीं अमित शाह ने पीएम मोदी के साथ-साथ नीतीश कुमार के हाथों को मजबूती देने की अपील भी लोगों से की और एनडीए प्रत्याशियों को जिताने की अपील की.

हम प्रत्याशी पर हमला रोड़ेबाजी से हाथ टूटा

पटना। बिहार चुनाव के दौरान टिकारी विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार को प्रचार के दौरान हम पार्टी के प्रत्याशी एवं वरिष्ठ नेता डॉ. अनिल कुमार पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया. यह घटना कोच थाना क्षेत्र के दिघौरा गांव में बुधवार देर शाम हुई. जानकारी के अनुसार, प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ गांव में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे. इस दौरान भीड़ में कुछ असामाजिक तत्वों ने पथराव और फायरिंग शुरू कर दी. हमले में प्रत्याशी गंभीर रूप से घायल हो गए. उनके सिर फट गया और हाथ टूट गया हैं. घटना में हमलावरों ने उनकी गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया.

भारत के समुद्री क्षेत्र पर दुनिया को विश्वास : मोदी

एजेंसियां। मुंबई

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को इंडिया मरीनटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव 2025

को संबोधित किया. इस दौरान मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के इस कालखंड में भारत समुद्री क्षेत्र तेजी और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है. उन्होंने यह भी कहा कि देश के बंदरगाह विकासशील देशों में सबसे कुशल बंदरगाहों में गिने जाते हैं. पीएम ने कहा कि साल 2025 भारत के मरीनटाइम सेक्टर के लिए बहुत अहम साल रहा है. उन्होंने कहा, 2016 में मुंबई में ही इस आयोजन की शुरूआत हुई थी और आज ये समिट एक ग्लोबल इवेंट बन चुका है. आज यहां इस कार्यक्रम में दुनिया के 85 से अधिक देशों की भागीदारी अपने आप में एक बहुत बड़ा संदेश दे रही है. अभी यहां शिपिंग सेक्टर से जुड़ी कई योजनाओं का शुभारंभ हुआ है और शिपिंग सेक्टर्स में हुए लाखों-करोड़ों के एमओयू भी जारी हुए हैं.

खरी-खरी : केंद्रीय मंत्री गडकरी बोले- मैं अकेले ही क्यों दोष अपने ऊपर लूं?

सड़क ठेकेदार, इंजीनियर का विवरण सार्वजनिक करेंगे

एजेंसियां। नयी दिल्ली

देशभर में खराब सड़कों और हाईवे की हालत को लेकर लगातार ट्रोल हो रहे केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने अब बड़ा एलान किया है. उन्होंने कहा कि अब जिन लोगों का सड़क निर्माण से सीधा लेना-देना है, जैसे ठेकेदार, सचिव, और इंजीनियर, उनकी जानकारी सार्वजनिक की जाएगी. गडकरी ने यह बयान सीआईआई नेशनल कॉन्फ्रेंस में दिया.

इस कार्यक्रम का विषय था स्मार्ट सड़कों का भविष्य - सुरक्षा, स्थिरता और लचीलापन. उन्होंने साफ कहा कि हर गलती का ठीकरा मेरे सिर पर क्यों फोड़ा जाए? जो खराब काम कर रहे हैं, जनता को उनके बारे में पता चलना चाहिए.

ठेकेदार की फोटो भी छापो, सिर्फ मेरी क्यों : गडकरी ने कहा, अब जनता को मंत्री, सचिव, ठेकेदार, एग्जिक्यूटिव इंजीनियर- सबकी डिटेल और उनके फोन नंबर मिलेंगे. मीडिया हमेशा मुझ पर क्यों आरोप लगाए और मेरी फोटो क्यों छापे? ठेकेदार और सचिव की फोटो भी छापो. जब लोगों को सबकी जानकारी मिलेगी, तो खराब काम करने वाले बेनकाब होंगे.

इंफ्रास्ट्रक्चर का नया मंत्र-लोग, समृद्धि और प्लानिंग : गडकरी ने कहा कि देश के इंफ्रास्ट्रक्चर का भविष्य तीन स्तंभों पर टिका है- लोग, समृद्धि और योजना. उन्होंने बताया कि हमारा इंफ्रास्ट्रक्चर (आधारभूत संरचना) लोगों के लिए होना चाहिए, ताकि उन्हें सुविधा और

आराम मिले. इसी सोच के तहत देशभर में 670 रोडसाइड सुविधाएं विकसित की गई हैं.

2027 तक 5 खरब डॉलर इकोनॉमी का लक्ष्य : गडकरी ने कहा कि पीएम मोदी के विजन के तहत 2027 तक भारत को 5 ट्रिलियन (खरब) डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है. और इसमें विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर का बड़ा योगदान रहेगा. उन्होंने बताया कि सड़क और परिवहन सेक्टर में निवेश, रोजगार और आर्थिक विकास की भारी संभावनाएं हैं.

दो साल में मंत्रालय की आमदनी दोगुनी होगी : गडकरी के मुताबिक, सड़क परिवहन मंत्रालय की वार्षिक आय करीब 55,000 करोड़ रुपये है, जो अगले दो साल में बढ़कर 1.4 लाख करोड़ तक पहुंच जाएगी. उन्होंने बताया कि 2027 के लिए समग्र इंफ्रास्ट्रक्चर योजना तैयार की गई है, जिसमें सड़क निर्माण में 80 लाख टन प्लास्टिक वेस्ट का इस्तेमाल और शुद्धिकरण प्लांट के ट्रीटेड पानी का पुनः उपयोग जैसे टिकाऊ उपाय शामिल हैं.

25,000 किमी हाईवे होंगे चौड़े, बंदरगाह जुड़ेंगे राष्ट्रीय राजमार्गों से : मंत्री ने बताया कि 25,000 किमी के टू-लेन हाईवे को चार-लेन में बदला जा रहा है. साथ ही, 2 लाख करोड़ के पोर्ट कनेक्टिविटी प्रोग्राम के तहत सभी बड़े बंदरगाहों को हाईवे से जोड़ा जा रहा है. सड़क कनेक्टिविटी से धार्मिक पर्यटन व एडवेंचर स्पोर्ट्स जैसे सेक्टरों में भी तेजी आ रही है.

हर एक रुपया लगाओ, तीन रुपये का फायदा : इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश किए गए हर एक रुपये से देश को तीन रुपये का आर्थिक फायदा होता है. यही इसका मल्टीप्लायर इफेक्ट है. उन्होंने बताया कि भारत में 80 प्रतिशत माल की आवाजाही सड़कों के जरिए होती है, 1 प्रतिशत हवाई मार्ग से और 18 प्रतिशत अन्य तरीकों से. बेहतर सड़क नेटवर्क से लॉजिस्टिक्स और ईंधन की लागत जल्द ही एकल अंक में आने की उम्मीद है.

शादी में महिलाओं ने पहने ज्यादा गहने तो लगेगा 50 हजार रुपये का जुर्माना!

शुभम संदेश डेस्क

एक अनोखे सामाजिक आंदोलन के तहत, उत्तराखंड के देहरादून ज़िले के चकराता ब्लॉक के दो गांवों, कंडार और इद्रोली ने एक अनोखा नियम लागू किया है जिसके तहत महिलाओं को शादी और अन्य सामाजिक अवसरों पर बहुत ज़्यादा सोने के गहने पहनने से रोका गया है.

नए नियम के अनुसार, महिलाएं सिर्फ़ तीन गहने- एक मंगलसूत्र, झुमके और एक नाक की नथ पहन सकती हैं. जो कोई भी इस नियम का उल्लंघन करता पकड़ा जाएगा, उसे 50,000 रुपए का जुर्माना देना होगा. इस कदम ने अपने अनोखे लेकिन सामाजिक रूप से प्रेरित कारण से पूरे देश में लोगों का ध्यान आकर्षित किया है.

नियम के पीछे का उद्देश्य : इस

परियोजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों में सादगी और सामाजिक समानता को प्रोत्साहित करना है. गांव के बुजुर्गों ने बताया कि शादियों में आभूषणों के भव्य प्रदर्शन से गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है. इस प्रवृत्ति को उलटने और शालीनता को बढ़ावा देने के प्रयास में, गांव की एक बैठक में सर्वसम्मति से यह कदम उठाया गया. ग्रामीणों का मानना है कि आभूषणों पर प्रतिबंध से न केवल दिखावा और प्रतिस्पर्धा कम होगी, बल्कि परिवारों को विवाह के भौतिक पहलू की कम और विवाह संस्था की अधिक परवाह होगी.

सामाजिक सुधार की ओर एक कदम : स्थानीय लोगों ने इसे एक सामाजिक सुधार आंदोलन बताया है, जो समाज के सभी वर्गों के लिए शादियों को किफायती और परेशानी मुक्त बनाता है. नियम का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जुर्माना भी शामिल है. कंडार और इद्रोली गांवों के इस कदम की सामाजिक संतुलन की दिशा में एक दूरदर्शी कदम के रूप में सराहना की जा रही है, जो क्षेत्र के अन्य समाजों के लिए अनुकरणीय आदर्श है.

परमाणु डिजाइन बेचने और जाली पासपोर्ट रखने के आरोप में जमशेदपुर का आदिल हुसैनी गिरफ्तार

शुभम संदेश। रांची

रूसी वैज्ञानिक से डिजाइन लेकर ईरानी एजेंट को बेचा

दिल्ली पुलिस के प्रवक्ता के अनुसार, आदिल और उसका भाई विदेशी एजेंसियों को संवेदनशील जानकारी देते रहे हैं. जांच में सामने आया है कि आदिल ने रूसी वैज्ञानिक से प्राप्त परमाणु डिजाइन ईरानी एजेंट को बेच दिए थे. मामले की जांच जारी है. एडिशनल कमिश्नर (स्पेशल सेल) प्रमोद कुशवाहा ने फिलहाल इस पर टिप्पणी करने से इनकार किया है. बताया गया है कि आदिल पिछले कई सालों से दुबई और अन्य देशों में रह रहा था.

दिल्ली पुलिस की एंटी-टेरर यूनिट (स्पेशल सेल) ने एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिस पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने का आरोप है. गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान 59 वर्षीय आदिल हुसैनी के रूप में हुई है. पुलिस का कहना है कि आदिल न केवल आईएसआई से जुड़ा था, बल्कि ईरान और रूस के परमाणु नेटवर्क से संपर्क में भी था.

क्या हैं आरोप : सूत्रों के मुताबिक, आदिल हुसैनी ने एक रूसी वैज्ञानिक से मिले न्यूक्लियर डिजाइन को ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन (एईओआई) के एजेंट को बेचा था. यह भी शक है कि उसने भारत के परमाणु प्रतिष्ठान (बीएआरसी) के एक कर्मचारी से संपर्क साधने की कोशिश की थी. इस गिरफ्तारी के बाद केंद्रीय एजेंसियां अलर्ट पर हैं और जांच में एक बड़े अंतरराष्ट्रीय परमाणु जासूसी नेटवर्क की आशंका जताई जा रही है.

आदिल तक कैसे पहुंची पुलिस : आदिल की गिरफ्तारी दिल्ली के सीमापुरी से हुई, जब उसके आईएसआई हैंडलर्स से संबंधों का पता चला. इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है. पता चला है कि उसका भाई भी हाल ही में मुंबई से गिरफ्तार हुआ था. दोनों भाई भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) के वैज्ञानिक बनकर फर्जी पहचान पत्र बनवाने में शामिल थे.

दुबई में प्रॉपर्टी और फर्जी दस्तावेज : जांच एजेंसियों के मुताबिक, आदिल ने ईरानी एजेंटों से हुई डील से मिले पैसे को दुबई में संपत्ति खरीदने में लगाया था. मूल रूप से जमशेदपुर (झारखंड) का रहने वाला आदिल करीब 20 साल पहले अपने परिवार के साथ दिल्ली के सीमापुरी में आकर बस गया था. पुलिस ने उसके पास से कई फर्जी यात्रा दस्तावेज बरामद किए हैं.

कई पहचानें, कई पासपोर्ट : पुलिस के अनुसार, आदिल हुसैनी कई नामों से सक्रिय था - सैयद आदिल हुसैन, मोहम्मद आदिल हुसैनी, और नसीमुद्दीन. वह और उसका भाई नकली दस्तावेजों के जरिए कई भारतीय पासपोर्ट बनवाने में शामिल थे. छापेमारी में पुलिस को एक असली और दो फर्जी पासपोर्ट मिले हैं.

अदालत में पेशी और पुलिस रिमांड : आदिल को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 7 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है. शुरुआती जांच में सामने आया है कि उसने इन फर्जी पासपोर्टों का इस्तेमाल कर पाकिस्तान समेत कई देशों की यात्राएं की थीं.

मुख्यमंत्री से टीएमसी सांसद ने की मुलाकात

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने मुलाकात की. मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी. दोनों नेताओं के बीच देश के हालात पर इस दौरान लंबी बातचीत हुई.

घाटशिला उपचुनाव : सोमेश या बाबूलाल, आखिर किसका खेल बिगाड़ेंगे जयराम महतो! सियासी मंथन तेज

शुभम संदेश। रांची

झारखंड की राजनीति में इस वक्त सबसे ज्यादा चर्चा घाटशिला उपचुनाव की हो रही है. तारीख नजदीक आते ही राजनीतिक सरगर्मी चरम पर पहुंच गई है. एक तरफ जहां झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन और भाजपा उम्मीदवार बाबूलाल सोरेन के बीच सीधी टक्कर की चर्चा थी. इस बीच डुमरी विधायक जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम की एंट्री ने समीकरण को दिलचस्प बना दिया है. सवाल यह है कि क्या जयराम महतो का 'टाइगर फैक्टर' किसी एक का खेल बिगाड़ेगा या फिर इस बार भी वे सिर्फ वोटकटवा की भूमिका में रह जाएंगे.

बेरोजगारी-पलायन प्रमुख मुद्दा : घाटशिला विधानसभा क्षेत्र की अधिकांश आबादी ग्रामीण है और यहां रोजगार का मुख्य साधन खनन और छोटे-मोटे व्यवसाय हैं. बड़ी संख्या में लोग मजदूरी पर निर्भर हैं. चुनावी मुद्दों में बेरोजगारी, पलायन, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी जरूरतें इस बार भी केंद्र में हैं. घाटशिला विधानसभा क्षेत्र की कुल आबादी करीब 3.21 लाख है, जिनमें 2.55 लाख से अधिक मतदाता हैं. इनमें पुरुष मतदाता 1,24,899 और महिला मतदाता 1,30,921 हैं. जातिगत आधार पर देखें तो लगभग 48% मतदाता आदिवासी (एसटी) हैं. वहीं ओबीसी की हिस्सेदारी करीब 40% और एससी वर्ग के मतदाता लगभग 5.3% हैं. यानि फैसला काफी हद तक आदिवासी समाज के रुझान पर निर्भर करेगा.

झामुमो बनाम भाजपा-परंपरागत मुकाबला : झारखंड की राजनीति में आदिवासी मतदाता लंबे समय से झामुमो के पारंपरिक वोटर माने जाते हैं. इस बार भी झामुमो के सोमेश सोरेन अपने पिता पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की विरासत पर चुनावी मैदान में हैं. दूसरी ओर भाजपा ने संगठन और केंद्रीय नेतृत्व के दम पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन को जीत दिलाने की पूरी रणनीति बना ली है. पार्टी गांव-गांव में मोदी सरकार की योजनाओं को गिनाने में जुटी है.

जयराम की पार्टी की एंट्री ने बढ़ाई बेचैनी : डुमरी विधायक जयराम महतो, जिन्होंने हाल के वर्षों में खुद को एक युवा आंदोलनकारी चेहरे के रूप में स्थापित किया है, अब घाटशिला में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराने की कोशिश में हैं. उनकी पार्टी ने यहां आदिवासी उम्मीदवार उतारा है, ताकि आदिवासी मतदाताओं में पैठ बनाई जा सके. हालांकि 2024 के विधानसभा चुनाव में उनके प्रत्याशी रामदास मुर्मू को सिर्फ 8 हजार वोट मिले थे और वे तीसरे स्थान पर रहे थे. हार का अंतर करीब 90 हजार वोटों का था. राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस बार वे थोड़ी बढ़त जरूर बना सकते हैं. पर फिलहाल वे जीत की दौड़ में नहीं हैं. लेकिन हार-जीत का अंतर जरूर प्रभावित कर सकते हैं.

घाटशिला में बीजेपी की करारी हार होगी: कैलाश यादव

प्रखर आदिवासी नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री कार्तिक उरांव की जयंती पर राजद का नमन

शुभम संदेश। रांची

झारखंड प्रदेश राजद प्रवक्ता कैलाश यादव ने कहा कि झारखंड में घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में महागठबंधन से जेएमएम उम्मीदवार सोमेश सोरेन की बड़ी जीत होगी. यादव ने कहा कि राज्य में लगातार दूसरी बार सत्तासीन इंडिया गठबंधन के मुखिया हेमंत सोरेन के खिलाफ अभी तक किसी तरह का सत्ता विरोधी लहर नहीं है. राज्य एवं देश के सबसे बड़े लोकप्रिय आदिवासी नेता राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हैं. बीजेपी आदिवासी समाज का हितैषी नहीं है क्योंकि भाजपाई आदिवासी समाज को हमेशा राजनीतिक फायदे के लिए सिर्फ वोट बैंक बनाकर इस्तेमाल करते रही है इनकी नीति फुट डालो राज करो है. राजद नेता ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेताओं के जुमलेबाजी, झूठे वादे व जनविरोधी कार्यशैली एवं सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर बदले की भावना से कार्य करने का मामला उजागर हो चुका है जिस कारण जनता इनसे काफी दूर हो गई है. निकट भविष्य में राज्य की जनता खासकर आदिवासी समाज भाजपा के झांसे में अब कभी आने वाली नहीं है क्योंकि मौकापरस्त भाजपा एनडीए ध्रुवीकरण की राजनीति करते हैं. झारखंड का काला हीरा के नाम से प्रसिद्ध जननेता पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे आदिवासी समाज धर्म संस्कृति के प्रणेता श्रद्धेय कार्तिक उरांव के जयंती पर राजद की ओर से कोटि कोटि नमन कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं.

चाईबासा डीसी ने कर दिया पूर्व सीएम मधु कोड़ा को बेइज्जत!

शुभम संदेश। रांची

कैमरा देखते ही आवाज तेज हो जाती है?

नेता लोग जैसे ही कैमरा को देखते हैं, उनका आवाज तेज हो जाता है. झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोड़ा को एक आईएएस अफसर ने मुंह पर यह बात बोल दी. ये आईएएस हैं चाईबासा के डीसी चंदन कुमार. दरअसल दो दिन पहले चाईबासा में कई आदिवासी संगठनों के लोग एनएच-220 पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नो-एंट्री की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे. सोमवार रात पुलिस ने प्रदर्शकारियों पर लाठीचार्ज किया और कई लोगों को गिरफ्तार कर लिया. इस घटना के विरोध में बुधवार को बीजेपी ने पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिला में बंद बुलाया. वहीं मधु कोड़ा मामले पर उचित कार्रवाई करने की मांग को लेकर मानकी, मुंडा और कई समाज के प्रतिनिधियों के साथ डीसी के पास पहुंचे. डीसी ने इन लोगों को तरजीह नहीं दी. तब मधु कोड़ा डीसी पर भड़क गये. उनकी आवाज तेज हो गई. उन्होंने कहा ऐसा लग रहा है कि मानो हमलोग जंगल से उठकर आ गये हैं. इस तरह का व्यवहार नहीं चलेगा. आपको हमारी बात सुननी होगी.

इसी के बाद डीसी ने रिएक्ट किया. उन्होंने कहा कि देखते हैं नेता लोग जैसे ही कैमरा देखता है उनका आवाज तेज हो जाता है. डीसी की यह बात सुनते ही मधु कोड़ा फिर बिगड़ गये और कहा देखिए नेता है न तबे देश बचा हुआ है. महात्मा गांधी नहीं होते तो देश आजाद नहीं हुआ होता. आप नेता को गाली दे रहे हैं. बिल्कुल गाली दे रहे हैं. बात यहीं खत्म नहीं हुई. महात्मा गांधी का नाम आते ही डीसी ने फिर कहा कि अब आप खुद को महात्मा गांधी से कंपेयर करिएगा तो हम क्या करें. पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने मधु कोड़ा और डीसी की नोकझोंक का यह वीडियो अपने फेसबुक प्रोफाइल पर पोस्ट किया है. उन्होंने कहा कि चाईबासा में हुई घटना लोकतंत्र और प्रशासनिक निष्पक्षता—दोनों पर गंभीर सवाल खड़े करती है. इस वीडियो में साफ नजर आ रहा है की कार्यवाही की मांग पर उपायुक्त के पास जब प्रतिनिधिमंडल गया तो कैसे मधु कोड़ा जी, मानकी मुंडा और समाज के कई अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ प्रशासनिक दुर्व्यवहार हुआ. यह आचरण किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में अस्वीकार्य है.

मंत्री और सचिव भी दोषी हैं बच्चों को संक्रमित रक्त चढ़ाने के लिए : सरयू

शुभम संदेश। रांची

विधायक सरयू राय ने चाईबासा ब्लड बैंक से थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाने की घटना को राज्य स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर लापरवाही बताया है. उन्होंने बुधवार को जमशेदपुर में कहा कि केवल सिविल सर्जन का निलंबन इस अमानवीय घटना की जवाबदेही तय करने के लिए पर्याप्त नहीं है. इसके लिए स्वास्थ्य मंत्रालय और सचिवालय दोनों समान रूप से जिम्मेदार हैं.

विधायक सरयू राय ने कहा कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य सचिव से स्पष्टीकरण पूछा जाना चाहिए कि झारखंड में राष्ट्रीय रक्त नीति (नेशनल ब्लड पॉलिसी) के प्रावधानों को अब तक लागू क्यों नहीं किया गया. उन्होंने कहा कि झारखंड के किसी भी सरकारी ब्लड बैंक की कार्यप्रणाली राष्ट्रीय रक्त नीति के मानकों पर खरी नहीं उतरती है. उन्होंने याद दिलाया कि विधानसभा में राष्ट्रीय रक्त नीति से संबंधित उनके एक प्रश्न के उत्तर में सरकार ने 11 मार्च 2022 को स्वीकार किया था कि राज्य रक्त संग्रह की प्राथमिक शर्तों का भी पालन नहीं कर रहा है. उस समय सरकार ने सदन पटल पर जो आश्वासन दिया था, उसका पालन आज तक नहीं हुआ है. यहां तक कि जिन अस्पतालों ने रक्त संग्रह अभियान नहीं चलाया, उनके खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं की गई.

राय ने बताया कि राज्य के 24 जिलों के सदर अस्पतालों में से केवल रांची सदर अस्पताल में ब्लड सेपरेशन यूनिट कार्यरत है, जबकि रिम्स और एमजीएम, जमशेदपुर में भी यह सुविधा उपलब्ध है. बाकी 23 जिलों के सदर अस्पतालों में यह यूनिट अब तक स्थापित नहीं की गई है. परिणामस्वरूप, संग्रहित रक्त से प्लेटलेट्स, आरबीसी और प्लाज्मा अलग करने की सुविधा उपलब्ध नहीं है.

बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाने की घटना की जिम्मेवारी लें स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान: वृंदा

शुभम संदेश। रांची

पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में थैलेसीमिया के पीडित बच्चों को संक्रमित खून चढाने की घटना दुखद है. इस घटना की जिम्मेवारी स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को लेना चाहिए. यह बातें माकपा की वरिष्ठ नेत्री वृंदा करात ने बुधवार को मेन रोड स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कही. उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को नागरिकता निर्धारण का उपकरण नहीं बनाया जा सकता है. निर्वाचन आयोग की ओर से 12 राज्यों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को विस्तारित करने के फैसले का माकपा कड़ा विरोध करती है. उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया गरीबों और कमजोर वर्गों के बड़े हिस्से को मताधिकार से वंचित कर सकती है.

उन्होंने कहा कि बिहार के अनुभव से यह स्पष्ट हुआ है कि इस प्रक्रिया के तहत समाज के कमजोर तबकों के अनेक लोग मतदाता सूची से बाहर कर दिए गए. उन्होंने इस पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जब नागरिकता निर्धारण के अधिकार क्षेत्र को लेकर मामला सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है, तब भी निर्वाचन आयोग इस प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है.

आयोग ने बिहार के अनुभव से नहीं लिया सबक : उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग ने बिहार के अनुभव से कोई सबक नहीं लिया है. आयोग को यह स्वीकार करना पड़ा था कि पात्रता के प्रमाण के रूप में मांगे गए 11 दस्तावेज़ प्रारंभिक आवेदन के साथ अनिवार्य नहीं हैं. यहां तक कि आधार कार्ड जिसे सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद जोड़ा गया, मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण भाजपा की विभाजनकारी राजनीति को आगे बढ़ाने का माध्यम नहीं बनना चाहिए.

विनय सिंह की पत्नी को हाईकोर्ट से झटका, नहीं मिली अग्रिम बेल

रांची। जेल में बंद ऑटोमोबाइल कारोबारी विनय सिंह की पत्नी स्निग्धा सिंह को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है. बुधवार को हाईकोर्ट ने उन्हें अग्रिम बेल देने से इनकार करते हुए उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर एसीबी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. स्निग्धा सिंह की अग्रिम जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की बेंच में सुनवाई हुई. स्निग्धा के ऊपर एसीबी ने आईएएस विनय चौबे के हजारीबाग डीसी रहने के दौरान वन भूमि की अवैध ढंग से खरीद-बिक्री और नियमविरुद्ध म्यूटेशन का मामला दर्ज किया है. जिसके बाद उनके ऊपर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है. स्निग्धा सिंह एसीबी की कांड संख्या 11/2025 की नामजद आरोपी हैं. एसीबी के मुताबिक, जिस भूमि को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है वह विनय सिंह और उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह के नाम है. यह भूमि हजारीबाग के सदर अंचल के थाना नंबर 252 में स्थित है. जिसका खाता नंबर 95, प्लॉट नंबर 1055, 1060 और 848 जिसका कुल रकबा 28 डिसमिल एवं खाता नंबर 73, प्लाट नंबर 812 का रकबा 72 डिसमिल है. यह भूमि सदर अंचल के बभनवे मौजा के हल्का 11 में स्थित है.

जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले में अधिकारी की गिरफ्तारी पर भड़के बाबूलाल कहा

आवाज उठाने वाले को ही उठा रही है सरकार

शुभम संदेश। रांची

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की सीबीआई जांच की दायर याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई आज

रांची। जेएसएससी सीजीएल (कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा) में कथित पेपर लीक मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग के लिए दायर याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. बुधवार को इस मामले में याचिका दायर करने वाले अभ्यर्थियों की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार सिंहा ने लगभग दो घंटे से ज्यादा समय तक बहस की. वहीं, हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने भी बहस की. जिसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है. राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश एवं जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजॉय पिपरवाल ने बहस की. अगली सुनवाई तक अदालत द्वारा रिजल्ट के प्रकाशन पर लगाया गया स्टे जारी रहेगा. गुरुवार यानी कल यह केस सुनवाई के लिए पहले नंबर पर सूचीबद्ध किया गया है.

है. बाबूलाल ने सीआईडी पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि मुझे ज्ञात हुआ है कि सीआईडी इस पेपर लीक केस में सारे तथ्यों और सबूतों को मिटा रही है. इसके साथ ही मामले में गवाहों को डरा धमका के उनके बयान को बदला जा रहा है.

तथ्यों को तोड़ मरोड़ के पेश कर रही सीआईडी : उन्होंने कहा कि आखिर ऐसी कौन सी बात है जो सीआईडी सारे तथ्यों को सरकार के इशारे पर तोड़ मरोड़ के पेश कर रही है और गवाहों के बयान को डरा धमका के सीआईडी द्वारा बदला जा रहा है. नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मंगलवार को ही केस की हाई कोर्ट में सुनवाई है और अब गिरफ्तारी, ये समझ से परे है. शुरुआत में आयोग ने कहा कि सारे सबूत से छेड़छाड़ किया है उसके बाद एफएसएल रिपोर्ट से स्पष्ट है कि किसी भी मोबाइल में किसी प्रकार की कोई छेड़छाड़ नहीं है.

किंगपिन को बचाना चाहती है राज्य सरकार : मामले को लेकर छात्रों ने नेपाल में पेपर लीक का कनेक्शन बताया बाद में सीआईडी ने स्वयं स्वीकार किया कि नेपाल 28 लोग गए थे और उसमें से बहुत सारे छात्र पास भी किए हैं. सबूत के तौर पर दिए गए मोबाइल में मिले अधिकतर प्रश्नों के उत्तर का मिलान भी सही पाया गया है. इन सबके बावजूद अब सीआईडी कोर्ट में इसे महज गेस क्वेश्चन साबित करने कर तुली हुई है. हर तथ्य को शुरू से तोड़ मरोड़ कर पेश किया जा रहा है. शुरुआत से ही इस से स्पष्ट है कि इस पेपर लीक प्रकरण में किंगपिन को बचाकर सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वालों को गिरफ्तार कर उनकी आवाज को दबाना चाहती है.

घाटशिला विस क्षेत्र में 9 से 11 तक ड्राई डे घोषित

रांची। पूर्वी जिला स्थित 45-घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने बुधवार को घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में 9 नवंबर की अपराह्न 5.00 बजे से 11 नवंबर की अपराह्न 5.00 बजे तक शुष्क दिवस (ड्राई डे) घोषित किया है. यह आदेश उत्पाद अधिनियम की धारा 26 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135(ग) के तहत जारी किया गया है. निर्वाचन पदाधिकारी ने इस संबंध में बताया है कि इस अवधि के दौरान क्षेत्र में किसी भी होटल, भोजनालय, क्लब, दुकान या किसी सार्वजनिक या निजी स्थल में शराब या अन्य मादक पेय पदार्थों का विक्रय, वितरण या परोसना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा. यह निर्णय मतदान दिवस पर शांति और निष्पक्षता बरकरार रखने के उद्देश्य से लिया गया है. आदेश का उल्लंघन करने वालों को छह माह तक की कारावास, दो हजार रुपये तक जुर्माना या दोनों दंड भुगतने पड़ सकते हैं.

मुख्यमंत्री से लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ की टीम ने की मुलाकात

सरना धर्म महासम्मेलन में शामिल होने का दिया न्योता

शुभम संदेश। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की. मौके पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने अवगत कराया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोहराय कुनामी (कार्तिक पुर्णिमा) के शुभ अवसर पर लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़, टीटीपीएस ललपनिया बोकारो में आगामी 3, 4 एवं 5 नवम्बर 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन-2025 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. मौके पर प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया. मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को इस आमंत्रण को स्वीकार करने का आश्वासन दिया. इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ के अध्यक्ष बबुली सोरेन, सचिव लोबिन मुर्मू सहित मिथिलेश किस्कू, बिंदे सोरेन (मांझी बाबा, जमशेदपुर), सुरेन्द्र टुडू, बुधन सोरेन, सुखराम बेसरा एवं अन्य उपस्थित रहे.

https://epaper.shubhamsandesh.net

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

03

रांची, गुरुवार 30 अक्टूबर 2025 I कार्तिक शुक्ल पक्ष नवमी, संवत 2082 I रांची एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 199 I मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

झारखंड के विभिन्न जिलों में भारी बारिश के आसार

चक्रवाती तूफान मोंथा हुआ विकराल, 31 तक भारी बारिश का अलर्ट

शुभम संदेश। रांची

चक्रवाती तूफान मोंथा के कारण 31 अक्टूबर तक झारखंड के विभिन्न जिलों में भारी बारिश की आशंका है. यह जानकारी मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को दी. उन्होंने बताया कि आनेवाले समय में इसके पूर्व-मध्य अरब सागर के ऊपर उत्तर-पूर्व दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है. आनंद ने बताया कि गुरुवार को झारखंड के उत्तर-पश्चिमी और मध्यवर्ती भाग में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है. 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और कहीं-कहीं आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है. इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है. इसके अलावा शुक्रवार को राज्य के उत्तर पूर्वी भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है. वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान झारखंड के विभिन्न जिलों में बारिश रिकार्ड की गई. इस दौरान राजधानी रांची, बहरागोड़ा और डाल्टनगंज में कहीं-कहीं बारिश रिकार्ड की गई. बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मूसलाधार बारिश हुई. बारिश होने के कारण ठंड बढ़ गई है और लोग अपने घरों में दुबक गए हैं. बारिश होने से जनजीवन प्रभावित हुआ है. बच्चों को स्कूल जाने और लोगों के दिनचर्या का काम प्रभावित हुआ. पिछले 24 घंटों के दौरान झारखंड में सबसे अधिक तापमान गोड्डा में 33.8 डिग्री और सबसे कम लातेहार में 19.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. राजधानी रांची में अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री जमशेदपुर में 31.6 डिग्री, डाल्टनगंज में 33.2, बोकारो में 32.2 और चाईबासा में अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया.

बेमौसम बारिश ने बढ़ा दी किसानों की चिंता

झारखंड में मोंथा चक्रवात के प्रभाव से मंगलवार शाम से लगातार हो रही बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है. बेमौसम वर्षा के कारण धान, मड़ुआ, मक्का सहित अन्य सब्जियों की खड़ी फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं. खेतों में पानी भरने से कई स्थानों पर फसलें गिर गई हैं, जबकि कटाई के लिए तैयार धान के भीगने से खराब होने की आशंका बढ़ गई है. किसानों का कहना है कि मौसम में आए अचानक बदलाव ने उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है. खूंटी के स्थानीय किसानों ने बताया कि पिछले 15 दिनों से मौसम सामान्य था और फसलें अच्छी स्थिति में थीं. लेकिन मोंथा चक्रवात के चलते हुई लगातार बारिश से खेतों में पानी जमा हो गया है. तोरपा के किसान ज़करियास टोपनो ने कहा कि अगर बारिश दो तीन दिन इसी तरह जारी रही, तो तैयार धान खास कर गोडा धान का बड़ा हिस्सा खराब हो सकता है, जिससे पैदावार पर सीधा असर पड़ेगा. कृषि विभाग की संस्था एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एजेंसी (आत्मा) के उपनिदेशक अमरेश कुमार ने कहा कि बारिश से सब्जी की फसल को नुकसान पहुंचा है. धान के अलावा सब्जियों की खेती करने वाले किसानों को भी बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है. विशेष रूप से टमाटर, गोभी, मिर्च और हरी सब्जियां बारिश से बर्बाद हो रही हैं. वहीं, किसानों ने सरकार से मुआवजा देने और बीमा दावों को तेजी से निपटाने की मांग की है. उनका कहना है कि लगातार मौसम में बदलाव और प्राकृतिक आपदाओं के कारण खेती करना दिन-ब-दिन जोखिम भरा होता जा रहा है. कृषि विज्ञान केंद्र खूंटी की ओर से बताया गया कि अगले 24 घंटे तक हल्की से मध्यम बारिश जारी रहने की संभावना है, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है.

आंध्र से ओडिशा तक मोंथा का कहर अब तक दो लोगों की मौत

चक्रवात मोंथा ने बुधवार सुबह ओडिशा के गंजम जिले में गोपालपुर तट पर दस्तक दे दी. इससे पहले मंगलवार रात यह तूफान आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम तट से टकराया था. तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण कई इलाकों में जनजीवन प्रभावित हो गया है. भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, लैंडफॉल के बाद भी अगले 6 घंटों तक तूफान का असर बना रहेगा. समुद्र में 80 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं और ऊंची लहरें तट से टकरा रही हैं. ओडिशा के गंजम, गजपति, रायगढ़ा, कोरापुट, मलकानगिरी, कंधमाल, कालाहांडी और नबरंगपुर-में भारी बारिश और तेज आंधी की संभावना है. राज्य प्रशासन ने अब तक 11 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है, जबकि और 30 हजार लोगों को शिफ्ट करने की तैयारी है. ओडीआरएफ की 30 टीम और एनडीआरएफ की 5 टीमों को राहत कार्य में लगाया गया है. आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बताया कि तूफान से दो लोगों की मौत हुई है, हालांकि समय रहते उठाए गए कदमों से बड़ा नुकसान टल गया.

ब्रीफ खबरें

नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

गिरिडीह। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना घटी है. यहां सिहोडीह (चौधरी मोहल्ला) में एक नवविवाहिता ने पति से फोन पर झगड़ा होने पर अपने मायके में फांसी लगाकार आत्महत्या कर ली. मृतका की पहचान सुलेखा कुमारी के रूप में हुई है. उसने एक महीने पहले ही पटना लखीसराय के रहने वाले प्रल्हाद तिवारी से लव मैरिज किया था. दोनों ने कोर्ट में शादी की थी.

जमीन विवाद में खूनी झड़प, 20 लोग घायल

गिरिडीह। गिरिडीह के बिरनी प्रखंड स्थित जनता जिरीडीह गांव के करीब 20 घायल लोग बुधवार को गंभीर हालत में धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) लाए गए. जहां उनका इलाज किया जा रहा है. बताया जा रहा है कि सभी घायल जमीन विवाद हुए खूनी झड़प में घायल हुए हैं. घटना को लेकर बिरनी प्रखंड निवासी घायल श्रीकांत वर्मा ने बताया कि उनकी जमीन जिसे वे अपने पूर्वजों के समय से जोत रहे हैं, उसे उनके रिश्तेदार यादव समाज की मदद से छीनना चाहते हैं.

टुंडी के डोभा में मिली किशोरी की लाश

टुंडी। टुंडी थाना से उतर दिशा लगभग एक किलोमीटर दूरी परसाटांड़ वन विभाग के डोभा में एक युवती की लाश मिलने से सनसनी फ़ैल गई. जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई व लाश की पहचान टुंडी सुरेश दास की पुत्री खुशबू कुमारी 17वर्ष की रुप में हुई. सूचना मिलने पर टुंडी थानेदार उमाशंकर दलबल के साथ पहुंचे व लाश को पोस्टमार्टम के लिए अपने कब्जे में लेने का प्रयास किया तो मौजूद स्वजन व ग्रामीण मुआवजा की मांग करने लगे.

टुंडी के कमलपुर जंगल के पास हादसा, टेलर चालक ने अस्पताल में दम तोड़ा

मिश्रा बस और टेलर में टक्कर, एक की मौत

डेढ़ दर्जन जख्मी, हादसे के बाद ढाई घंटे तक जाम रहा टुंडी - गिरिडीह मार्ग

शुभम संदेश। टुंडी

टुंडी-गिरिडीह मुख्य पथ कमलपुर जंगल के पास बस व ट्रेलर में जबरदस्त टक्कर की चपेट में आने पर टेलर चालक की मौत हो गई. जबकि बस पर सवार लगभग डेढ़ दर्जन यात्री घायल हो गए. बस सवार यात्रियों ने बताया कि बस चालक काफी तेज गति से और लापरवाही के साथ चला रहा था, इस कारण हादसा हुआ. घटना के बाद बस चालक भागने में सफल रहा. घटना के बाद टुंडी गिरिडीह मुख्य पथ लगभग ढाई घंटे तक जाम रहा. दोनों वाहन एक दूसरे में फंस गए थे.

टुंडी गिरिडीह मुख्य पथ कमलपुर जंगल के समीप बुधवार लगभग तीन बजे के आसपास बोकारो से देवघर के लिए सवारी लेकर जा रही शिव शक्ति मिश्रा बस व गिरिडीह की तरफ से आ रही टेलर के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई., टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेलर व बस के परखच्चे उड़ गए. टेलर का अगला हिस्सा टूटकर पलट गया व चालक उसी में फंस गया. घटना के बाद भगदड़ व कोहराम के साथ यात्रियों की चीत्कार क्रंदन से आम लोगों की रूह कांप गई. सूचना मिलने पर टुंडी थानेदार उमाशंकर दलबल के साथ पहुंचे व सभी को टुंडी सामुदायिक चिकित्सा केंद्र भेजा गया, इस दौरान ट्रेलर चालक फंस रहा, ग्रामीणों व पुलिस की मदद से काफी मशक्कत के बाद निकाला गया. घटना में जगदीश गोप भरंगडीहा गिरिडीह, मनीष कुमार घुसको बांका बिहार, ममता देवी बरमेसिया गिरिडीह, आनंद राय घसको बांका बिहार, मीणा मुर्मू गुदलीबेडा कतरास धनबाद, रंजीत किस्कू कर्माटांड टुंडी, प्रीति देवी घोरंगडीहा गिरिडीह, अटल राय, आनंद राय, रंजीत राय, मनीष राय, बांका बिहार, आदि घायल हो गए. जबकि कई अन्य चोटिल हुए हैं. टुंडी सामुदायिक चिकित्सा केंद्र के चिकित्सक डा. विजय कुमार व डा ऋतिक रोशन ने प्राथमिक उपचार किया. एक दर्जन गंभीर रूप घायल यात्रियों को धनबाद एसएनएमएमसीएच भेजा तथा अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया. वहीं टेलर चालक जो गंभीर रूप से घायल था, उसे धनबाद भेजने के लिए टुंडी अस्पताल में कोई एंबुलेंस नहीं रहने की वजह से काफी देर हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि यदि घायल को समय पर भेजा जाता तो जान बच जाती. गोविन्दपुर से टुंडी आने जाम के कारण लगभग डेढ़ घंटे लग गया. गंभीर रूप से घायल चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई. टेलर चालक मंसूर खान, उम्र 40वर्ष, जयबिगा गांव, पोस्ट साहोपुर वर्मा थाना गुरबा, गया जिला बिहार का रहनेवाला था. वह पूरे परिवार के साथ टाटा जमशेदपुर में रहता था. घटना के बाद पत्नी व दो लड़का व लड़की का रो-रो कर बुरा हाल है.

निरसा हटिया मोड़ में हादसा, महिला की मौत

निरसा बाजार। जीटी रोड निरसा हटिया मोड़ पर बुधवार को एक सड़क हादसे में महिला की मौत हो गयी. घटना एनएच 19 दिल्ली कोलकाता रोड पर हुई है. बताया जाता है कि एक बाइक सवार सड़क पार कर रहा था. इसी दौरान एक ट्रक ने बाइक को जोरदार धक्का मार दिया. उक्त बाइक पर बैठी महिला सड़क से गिर पड़ी और उसे गंभीर चोट लगी. महिला की मौके पर ही मौत हो गई. महिला निरसा के मागूडीह की रहने वाली थी. घटना के कारण कुछ देर के लिए जीटी रोड जाम रहा. पुलिस के आने और शव को उठाने के बाद जीटी रोड सामान्य हुआ.

निरसा में खड़े ट्रक को कार ने मारी टक्कर, एक की मौत

निरसा बाजार। निरसा थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे19 में दो भयंकर अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक महिला व एक पुरुष की मौत घटनास्थल पर ही हो गई है. जबकि दोनों सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन महिला-पुरुष एवं बच्चे गंभीर रूप से घायल है. घायलों का इलाज स्थानीय निजी नर्सिंग होम में चल रहा है. पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है. घटना के बाद निरसा में अव्यवस्थित ट्रैफिक को लेकर स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया .बताया जाता है मंगलवार की देर रात 2.30 बजे निरसा थाना क्षेत्र के तेतुलिया डाउन एनएच में एक माल लोडेड ट्रक संख्या बीआर45जी-3725 खराब होने के कारण खड़ा था .कार संख्या डब्ल्यूबी 02 एएच 9666 में पूर्वी चंपारण मोतिहारी निवासी अरविंद सिंह सपरिवार अपने पैतृक घर से छठ मनाकर कोलकाता लौट रहे थे. कार तीव्र गति से आ रही थी. आशंका व्यक्त की जा रही है कि कार चालक अरविंद कुमार सिंह की झपकी आई और कार ने खड़े ट्रक को सीधी टक्कर मार दी. हादसे में अरविंद सिंह की मौत हो गई और परिवार के अन्य आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए हैं.

एसएनएमएमसीएच में होगा स्वास्थ्य सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण

- बीपीएल कार्ड धारियों के लिए पुन: शुरू की गई सिटी स्कैन, अल्ट्रासोनोग्राफी और एक्स-रे सुविधा

शुभम संदेश। धनबाद

समाहरणालय कार्यालय कक्ष में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, धनबाद के अधीक्षक कार्यालय में स्वास्थ्य सुविधा दुरुस्त करने को लेकर बैठक की गई. इस दौरान अस्पताल परिसर में बुनियादी ढाँचे के सुदृढ़ीकरण, मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण समेत विभिन्न कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई. इस दौरान उपायुक्त ने बताया कि इस कार्य का मुख्य उद्देश्य अस्पताल परिसर को अधिक सुदृढ़, सुरक्षित एवं आधुनिक बनाना है ताकि रोगियों एवं चिकित्सा कर्मियों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकें.

उपायुक्त के निर्देश पर शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) में बंद पड़े सिटी स्कैन, अल्ट्रासोनोग्राफी और एक्स-रे सुविधा बीपीएल धारकों के लिए पुनः शुरू की गई. यह गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. साथ ही अस्पताल परिसर में वेस्ट डिस्पोज़ल प्रबंधन के लिए एक विशेष समिति गठित करने का निर्देश दिया है ताकि स्वच्छता और पर्यावरणीय सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके. इस दौरान अस्पताल परिसर के सभी भवनों की रंग-रोगन कार्य, अग्नि सुरक्षा के लिए फायर एनओसी के लिए आवश्यक सलाह एवं दिशा-निर्देश दिए गए तथा अस्पताल के फ्लोर की मरम्मती तथा नालियों की सफाई एवं टाइल्स लगाने का कार्य, विभिन्न वार्डों में स्लेब निर्माण कार्य, अस्पताल के मुख्य द्वार का निर्माण, परिसर में जल निकासी प्रणाली की मरम्मती एवं सुधार, भवनों में वाटर सीपेज की मरम्मती, मुख्य भवन के आसपास की सड़कों की मरम्मत एवं नया रास्ता निर्माण, नर्सिंग स्टेशन के लिए स्लेब निर्माण इसके अतिरिक्त, पीजी भवन एवं अन्य संबद्ध भवनों में भी कार्य किए जाएंगे.

(शेष पेज-11 पर)

कुल्हाड़ी से वार कर पुत्र ने की पिता की हत्या

दुमका। एक कलयुगी बेटे शराब के नशे में धूत पिता को कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी. घटना जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव के बोदवा टोला में बुधवार को घटी. जानकारी के अनुसार जीतन हांसदा ने शराब के नशे में पिता तुतीराम हांसदा (55) की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी. आरोपित शराब के नशे में धूत होकर घर पहुंचा जहां किसी बात को लेकर दोनों बाप बेटे में बहस हो गई. इसी दौरान जीतन हांसदा मां, बहन और छोटे भाई को घर से बाहर निकाला और पिता को घर के आंगन में कुल्हाड़ी से बेहरमी से वार करने लगा. इससे पिता लहुलूहान होकर आंगन में ही गिर पड़ा. इससे उसकी मौत मौके पर हो गई. घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारे पुत्र ने बाहर से घर का दरवाजा बंद कर हाथ में कुल्हाड़ी लेकर घूम-घूम कर गांव वालों को धमकी देने लगा कि जो कोई आएगा, उसकी कुल्हाड़ी से हत्या कर देंगे.

पूरे देश में गो हत्या पर प्रतिबंध लगाने की मांग लोस में उठाएंगे : सांसद ढुलू

- झरिया धनबाद गोशाला में आयोजित दो दिवसीय गोपाष्टमी मेला का 105 वां वार्षिक अधिवेशन

शुभम संदेश। झरीया

पूरे भारतवर्ष में गो हत्या पर प्रतिबंध लगनी चाहिए. गाय माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने व गो हत्या पर रोक लगाने की मांग लोकसभा मे उठाउंगा. यह बातें धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने झरिया धनबाद गोशाला में आयोजित दो दिवसीय गोपाष्टमी मेला के दौरान 105 वां वार्षिक अधिवेशन के दौरान बुधवार को कही. उन्होंने कहा कि श्री झरिया धनबाद गौशाला के सौ एकड़ जमीन पर कोयला माफियाओं की नजर है. गोशाला के जमीन के नीचे के कोयला को निकालने के लिए माफिया गोशाला को उजाड़ना चाहते हैं.माफिया को उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि ढुलू माता के गोशाला का एक ईंट भी उखाड़ने नहीं दिया जाएगा.वही पूर्व सांसद पीएन सिंह ने कहा कि गोसेवा सिर्फ धार्मिक ही नहीं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से मानव जाति के लिए अत्यंत आवश्यक है.

(शेष पेज-11 पर)

एक करोड़ के लॉटरी विजेता की हत्या का मामला

तृणमूल की पूर्व बोरो चेयरमैन भाई के साथ गिरफ्तार

शुभम संदेश। कुल्टी

पश्चिम बंगाल आसनसोल के कुल्टी विधानसभा में स्थित लखियाबाद अपर पाड़ा वार्ड संख्या 67 इलाके मे मंगलवार सुबह इलाके के ही पूर्व तृणमूल बोरो चेयरमेन बेबी बाउरी के घर के बाहर दरवाजे के ठीक सामने सीढ़ी पर लहु लहान अधमरा अवस्था में पाए गए एक करोड़ के लॉटरी विजेता कार्तिक बाउरी को लेकर पुरे दिन हंगामा चला. आनन -फानन में कार्तिक बाउरी के परिजन कार्तिक बाउरी को इलाज के लिये आसनसोल जिला अस्पताललले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. जिसके बाद से कार्तिक के परिजन

कार्तिक की हत्या का आरोप इलाके की रहने वाली तृणमूल की पूर्व बोरो चेयरमेन बेबी बाउरी, अमरदीप बाउरी, संदीप बाउरी सहित ज्योत्स्ना बाउरी पर लगाया. उनके खिलाफ एक लिखित शिकायत भी बराकर पुलिस फाड़ी मे दर्ज करवाई गई. जिसमे उन्होंने कार्तिक की हत्या के लिए इन चारों को जिम्मेवार ठहराया. शिकायत पत्र में उन्होंने यह भी लिखा है की घटना के दिन कार्तिक घर से यह कहकर निकला था की अमरदीप बाउरी ने उसको अपने घर बुलाया है. उसने यह भी कहा था की वह उससे मिलकर सीधा घर आएगा, काफ़ी देर हो जाने के बाद भी जब वह वापस नहीं आया. तब वह उसको बुलाने के लिये अमरदीप बाउरी के घर की ओर गई, तभी कार्तिक की चीखने और चिल्लाने की आवाज सुनाई दी. जब वह अमरदीप के घर पहुँची तो घर के बाहर दरवाजे के सामने सीढ़ियों पर कार्तिक लहूलहान अधमरा अवस्था में पड़ा दिखा.

(शेष पेज-11 पर)

शुभ मुहूर्त — देवउठनी एकादशी 1 नवंबर को, निद्रा से जागेंगे भगवान विष्णु

18 से शुरू होंगे मांगलिक कार्य, बजेगी शहनाई

शुभम संदेश। रांची

कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष की देवउठनी एकादशी तिथि यानी एक नवंबर दिन शनिवार को श्रीहरि विष्णु की पूजा के शुभ संयोग के साथ तुलसी-शालिग्राम विवाहोत्सव मनाया जाएगा. आचार्य मनोज पांडेय ने बुधवार को बताया कि देवउठनी एकादशी पर ध्रुव योग, रवि योग और त्रिपुष्कर योग के महासंयोग का निर्माण हो रहा है, जो इसे अत्यंत पावन और मंगलकारी बना रहे हैं. एकादशी तिथि 31 अक्टूबर की रात 4.02 बजे से शुरू होगा और एक नवंबर की रात 2.57 बजे तक रहेगा. ऋषिकेश पंचांग के अनुसार कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि एक नवंबर को मनाई जाएगी. इस दिन माता तुलसी और भगवान विष्णु के शालीग्राम अवतार के विवाह का विधान है. कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को तुलसी विवाह किया जाता है. इस दिन भगवान विष्णु चार माह की योग निद्रा के बाद जाग्रत होते हैं. एकादशी के दिन माता तुलसी का विवाह करने से कन्यादान के समान पुण्य फल की प्राप्ति होती है. उन्होंने बताया कि तुलसी विवाह विधि-विधान से संपन्न कराने से भक्तों को अंत में मोक्ष की प्राप्ति होती है और भगवान विष्णु की कृपा से मनोकामना पूरी होती है. वैवाहिक जीवन में आ रही बाधाओं से मुक्ति मिलती है.

आचार्य ने बताया कि तुलसी के पौधे को धन की देवी मां लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है. इस पौधे की घरों में सुबह-शाम पूजा की जाती है और संध्या में दीपक जलाया जाता है. तुलसी विवाह के दिन इनकी आराधना करने से वैवाहिक जीवन में प्रेम की बढ़ोतरी होती है. तुलसी विवाह के लिए लकड़ी की चौकी पर लाल आसन बिछाएं. माता तुलसी को स्थापित करें और दूसरी चौकी में भगवान शालीग्राम को स्थापित कर दें. दोनों चौकियों को एक दूसरे के पास में रखें. दोनों के ऊपर गन्ने से मंडप सजाएं. इसके बाद पूजा स्थल पर कलश की स्थापना करें. अब शालीग्राम जी और माता तुलसी के सामने दीपक जलाएं. षोडशोपचार विधि से पूजन कर मां तुलसी को लाल रंग की चुनरी, चूड़ी और बिंदी से श्रृंगार करें. शालीग्राम जी को हाथों में लेकर मां तुलसी की सात परिक्रमा कराएं, फिर आरती कर अपने सुख सौभाग्य की कामना करें.

इस दिन से होगा लग्न शुरू

- नवंबर : 18,19, 21,22, 24, 24, 25, 29, 30
- दिसंबर : 01, 04, 05, 06
- 2026 फरवरी में 04, 05, 06, 07, 08, 10 11, 12, 13, 14, 15, 19, 20, 21, 24, 25 और 26
- मार्च : 02, 04,05 . 06, 07, 08, 09, 10, 11, 12, 13, 14

सीओ की विभिन्न पंचायतों के 23 मुखिया के साथ बैठक

बाघमारा प्रखंड में बनेंगे 187 आंगनबाड़ी केंद्र

- केंद्रों के लिए भूमि चिन्हित करने में आई तेजी

शुभम संदेश। महुदा

धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड क्षेत्र में आँगनबाड़ी केन्द्र निर्माण के लिए भूमि चिन्हित करने के विषय पर बुधवार को बैठक हुई. जिसमें विभिन्न पंचायतों से 23 मुखिया ने भाग लिया. उपायुक्त धनबाद ने बाघमारा प्रखण्ड अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण को भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया है. उक्त निर्देश के आलोक में अंचल अधिकारी गिरिजा नंद किस्कू की अध्यक्षता में मुखियाओं की बैठक हुई. जिसमें सभी से सहयोग मांगा गया. कहा गया कि सभी मुखिया व हल्का कर्मचारी के सहयोग से अपने पंचायत में सरकारी भूमि चिन्हित करेंगे, अंचल अधिकारी गिरजा नन्द किस्कू ने बताया कि कुल 187 आँगनबाड़ी केंद्र का भवन निर्माण होना है. सम्बन्धित आँगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण स्थल के पोषक क्षेत्र में जमीन चिन्हित करना है, प्रत्येक केन्द्र भवन के लिए 6 डिसमिल तक जमीन की जरूरत है, यदि इससे ज्यादा भी है तो उसको भी चिन्हित करना है, निर्माण स्थल मे किचन, गार्डन आदि का निर्माण होना है, साथ ही ज्यादा जमीन का अतिक्रमण ना हो सके इसके लिए चाहरदिवारी का भी निर्माण होना है. बैठक में बताया गया कि यदि बीसीसीएल का खाली जमीन है तो उसका अनापत्ति प्रमाण पत्र बीसीसीएल से लेकर केन्द्र का भवन निर्माण किया जा सकता है. वैसी जमीन को भी चिन्हित किया जा सकता है.

बाघमारा विधायक पहुंचे मंदरा, धधकती भूमि का निरीक्षण

बीसीसीएल को दिए सख्त निर्देश, ग्रामीणों का तत्काल कराएं पुनर्वास

शुभम संदेश। बरोरा

कोयला खनन के कारण भूमिगत आग की गंभीर समस्या से जूझ रहे मंदरा क्षेत्र में बुधवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया. जब स्थानीय निवासी मुन्ना रवानी के घर में सफाई के दौरान पानी डालते ही गैस और भाप निकलने लगा. इसकी सूचना मिलते ही विधायक प्रतिनिधि बलराम चौबे अपने सहयोगी हेमंत रवानी और अन्य ग्रामीणों के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और मामले की गंभीरता को देखते हुए बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो को अवगत कराया. विधायक महतो ने मामले को संज्ञान में लेते हुए स्वयं मंदरा पहुंचकर धधकती भूमि का जायजा लिया. ग्रामीणों के साथ बैठक कर घटना की विस्तृत जानकारी ली. इस दौरान उन्होंने बीसीसीएल के संबंधित क्षेत्र के जीएम को सख्त निर्देश दिए कि अविलंब ग्रामीणों को पुनर्वास प्रदान कर सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करें. विधायक ने चेतावनी दी कि लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और यदि कोई अनहोनी घटना हुई तो इसकी पूरी जिम्मेदारी कंपनी की होगी. मामले पर संज्ञान लेते हुए विधायक ने बीसीसीएल के सीएमडी को फोन कर तत्काल कार्रवाई की मांग की और सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. ग्रामीणों ने खनन गतिविधियों से उत्पन्न इस खतरे पर गहरी चिंता जताई, जबकि विधायक ने आश्वासन दिया कि समस्या का स्थायी समाधान जल्द सुनिश्चित किया जाएगा.

ब्रीफ खबरें

कुसुंडा के नए जीएम ने लिया पदभार

पुटकी। कुसुंडा एरिया के नए जीएम निखिल बी त्रिवेदी ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया.जीएम प्रणब दास ने उनका का स्वागत किया और पदभार सौंप बस्ताकोला एरिया रवाना हो गए.जहां जीएम का पदभार ग्रहण किया.त्रिवेदी का लोदना जीएम पद से कुसुंडा एरिया जीएम पद पर तबादला हुआ है.एरिया में एजीएम,एरिया प्लानिंग व गोन्दुडीह कोलयरी प्रोजेक्ट ऑफिसर पद पर 14 वर्ष कार्य करने का अनुभव रहा है.

देवमुनि को दी गई श्रद्धांजलि

केंदुआ। केंदुआडीह बस्ती में स्व. देवमुनि की 19वीं पुण्यतिथि पर राज्य के सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने श्रद्धांजलि अर्पित की. कहा कि वर्तमान युवा पीढ़ी भटकाव की स्थिति में है. गलत काम की ओर कदम बढ़ा रही है जो एक सभ्य समाज के लिए घातक होगा. स्व. देवमुनि झारखंड आंदोलन के साथी रहे हैं. जो क्षेत्र के अग्रणी नेता में शुमार थे. विधायक ने कहा कि धनबाद में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन मजबूती से काम कर रही हैं. जो भी अपराधी हैं उन्हें जेल भेजनें में लगी हैं, राज्य सरकार लगी हुई है. श्रद्धांजलि देने वालों में मासस के हरि प्रसाद पप्पू, गंगाधर महतो, धर्मेंद्र महतो, राधेश्याम महतो, पूर्व पार्षद देवाशीष पासवान, सुंदरी महतो, अशोक महतो, निरंजन महतो, देवीलाल महतो, जेठू महतो, निर्मल महतो, महेंद्र महतो, प्रदीप महतो,सुरेश महतो आदि शामिल थे.

सात दिनों तक इन इलाकों में गुल रहेगी बिजली

महुदा। डीवीसी चंद्रपुरा विद्युत विभाग द्वारा मरम्मत कार्य को लेकर 30 अक्टूबर गुरुवार से अगले बुधवार 6 नवंबर तक सुबह 9 बजे से संध्या 3 बजे तक गणेशपुर सब-स्टेशन के सभी क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी. उक्त बातें बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता ओम प्रकाश चौहान ने महुदा बाजार में बताया. उन्होंने कहा कि चंद्रपुरा से दुगदा तथा दुगदा से चंद्रपुरा तक 33 हजार वोल्ट के तारों की बदली की जाएगी.कई स्थानों में तार जर्जर हो चुके हैं और उससे घटना हो सकती है. इसी को ठीक करने के दौरान सात दिनों तक सात घंटे बिजली बंद रहेगी. इससे महुदा के साथ साथ बाघमारा, कांड्रा, पाथरगड़िया, भाटडीह, भंवरदाहा फीडर का क्षेत्र प्रभावित रहेगा.

सीएमडी ने किया आउट सोर्सिंग खनन पैच का दौरा

मजदूरों से हाथ मिलाकर बढ़ाया हौसला, कहा सुरक्षा सबसे अहम

शुभम संदेश। लोयाबाद

बीसीसीएल सीएमडी मनोज अग्रवाल का कनकनी राम अवतार और बाँसजोड़ा में डेको आउटसोर्सिंग कंपनी उत्खन्न पैच का दौरा किया. एमडी मनोज अग्रवाल राम अवतार आउटसोर्सिंग के कोयला और ओबी डंपिंग के कार्य से संतुष्ट दिखे, उन्होंने कंपनी के मालिक अमरेश सिंह एवं अरविंद सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा इन्होंने छह महीने में 50 से 60 करोड़ का टीपर पोकलेन ग्रेडर ड्रिल मशीन लाकर कोयले का उत्पादन को बढ़ाया है, आने वाले एक साल में कंपनी आगे जाएगी. एक लाख मिलियन टन कोयले का उत्पादन करेगी.राम अवतार को 07 सालों में 84 लाख टन कोयला उत्पादन करना है.कंपनी को डंपिंग की जगह पर्याप्त मिलेगी बाँसजोड़ा और कनकनी में जो भी विस्थापित होंगे वो लोग आगे आएं, बीसीसीएल द्वारा उन्हें मुआवजा और सुरक्षित जगह दिया दिया जाएगा.मनोज अग्रवाल ने कहा सबसे पहले सुरक्षा और कोयला उत्पादन वृद्धि सहित मजदूरों को जागरूक करना की दुर्घटना जीरो प्रतिशत रहे.उन्होंने कहा कोई भी कर्मी शराब पीकर का ड्यूटी नहीं करे.कर्मी में अपने कर्तव्य का सही निर्वहन करे, बाँसजोड़ा में सीएमडी ने मजदूरों से हाथ मिलाकर उनका हौसला बढ़ाया.मौके पर डीपी मुरली कृष्ण रमैया,जीएम सेफ्टी अरुण कुमार, सिजुआ क्षेत्र के महाप्रबंधक निर्झर चक्रवर्ती ,एजीएम एम मिश्रा, एपीएम जगदीश कर्मकार , पीएम निलेश जोशी, एरिया सेफ्टी अफसर आलमगीर आलम, एरिया इंजीनियर लोकेश जैन,डेको कंपनी के मालिक हर्ष अग्रवाल,राम अवतार कंपनी के मालिक अरविंद सिंह आदित्य सिंह पीओ गोपाल जी, पीओ अनील कुमार वर्मा, प्रबंधक कमलेश कुमार, अंकित सिंह आदि मौजूद थे.

गोविंदपुर में फिर नाम मात्र जलापूर्ति

गोविंदपुर (शुभम संदेश)। छठ पूजा के दौरान पर्याप्त जलापूर्ति के बाद मंगलवार से गोविंदपुर में फिर पुरानी स्थिति आ गई है. जलापूर्ति नाम मात्र की जा रही है और उसमें प्रेशर भी नहीं है. इससे उपभोक्ता फिर से परेशान होने लगे हैं. गोविंदपुर पश्चिम की मुखिया ममता देवी व नागरिक समिति के संयुक्त सचिव अनूप साव ने बताया कि कलादि मोड़ के पास जलापूर्ति योजना का पाइप फट गया है और दिन रात पानी व्यर्थ बह रहा है. गोविंदपुर के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं. उन्होंने कार्यपालक अभियंता से पाइप की मरम्मत करने की मांग की है ताकि पानी बेकार नहीं बारे और लोगों को जल संकट का सामना करना नहीं पड़े.

न्यूज अपडेट

सेल कोलियरी डिविजन में सतर्कता जागरुकता कार्यक्रम

चासनाला (शुभम संदेश)। सेल कोलियरी डिवीजन अंतर्गत चासनाला कोलियरी के सामूहिक व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र के सभागार में चल रहे सतर्कता जागरुकता सप्ताह कार्यक्रम पर बुधवार को निबंध लेखन प्रश्नावली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में सेल के चासनाला कोलियरी एवं टासरा प्रोजेक्ट के ठिकेदार व ठेका मजदूर एवं सेल कोलियरी डिविजन के नवनियुक्त कर्मचारियों ने भाग लिया. मौके पर उप महाप्रबंधक सतर्कता कृष्ण मुरारी तिवारी ने कहा कि सतर्कता जागरुकता सप्ताह के दौरान प्रतिदिन प्रश्नावली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा1 जिसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्नावली प्रतियोगिता में प्रतिभागी विजेता व उप विजेता टीमों में सेल के चासनाला,रामनगर कोलियरी,व टासरा प्रोजेक्ट के ठेकेदार एवं ठेका कर्मियों को 3 नवम्बर को समापन समारोह के दौरान पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा. मौके पर समूह व्यवसायिक प्रशिक्षक अधिकारी,ललित कुमार भारद्वाज,प्रशिक्षक बलदेव कुमार यादव,प्रशिक्षक एस एन राय,प्रशिक्षक विजय मिश्रा,एच आर हेड,के टी एम पी एल,टासरा प्रोजेक्ट मिथिलेश कुमार सिंह, सतर्कता विभाग आदि उपस्थित थे.

बीसीसीएल अधिकारी बिना डर के काम करें : सीवीओ

पुटकी (शुभम संदेश)। चीफ विजिलेंस ऑफिसर अमरनाथ ने कहा कि बीसीसीएल के अधिकारी कंपनी हित में अंतरात्मा की सुनें, बिना डर के काम करें,दबाव की फिक्र न करें, सतर्कता विभाग आपके साथ है.अधिकारी खुद अपने अंदर को चेक कर सही गलत का निर्णय लें. नोडल अधिकारियों का प्रयास एसओपी के साथ 100 प्रतिशत सफलता होनी चाहिये. सीवीओ ने कहा कि कम्पनी की इमेज ठीक करने की जरूरत है,जो अच्छे कर्मी हैं उन्हें प्रोत्साहित करें व जो गलत है उनके खिलाफ कार्रवाई करें. उक्त बातें पूर्व सीवीओ ने मटकुरिया ऑफिसर्स क्लब में कुसुंडा ,पुटकी बलिहारी व वेस्टर्न झरिया एरिया मुनिडीह के संयुक्त सतर्कता जागरुकता कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में कही. इस दौरान बल्लभ भाई पटेल की छवि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी.कुसुंडा एरिया के जीएम प्रणब दास से अतिथियों का स्वागत किया. कहा कि सतर्कता विभाग के कार्यशैली में हमेशा बदलाव होते रहे हैं, जिनका पालन किया जाता है.विभाग के भ्रष्टाचार उन्मूलन में देश के लोगों को आगे आकर काम करना होगा. डब्ल्यूजे की कुमारी वर्षा,पीबी की कुमारी सपना व कुसुंडा के अतुल शर्मा ने क्षेत्र में संचालित जागरुकता कार्यकर्मों का वीडियो प्रजेंटेशन दिया.कार्यक्रम में विजिलेंस के प्रबन्धक नीरज ठाकुर, रंजन कुमार,जीएम अरनिंदम मुस्तफी,जीएम धर्मेंद्र मित्तल,जीएम प्रणब दास,ए के सिंह,डीके झा,वेद प्रकाश,देवाशीष बाग आदि शामिल थे. संचालन योगिता सकलानी ने किया.

डीआरएम ने विधायक प्रतिनिधिमंडल को दिया आश्वासन

शुभम संदेश। झरिया

झरिया विधायक रागिनी सिंह के पत्राचार के आलोक में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्रा से मुलाकात की. प्रतिनिधिमंडल में केडी पांडे, भाजपा जिला मंत्री एवं दिशा सदस्य राज किशोर जेना, आईटी जिला प्रभारी शिवांश श्रीवास्तव तथा रेलवे सलाहकार समिति सदस्य विशाल श्रीवास्तव शामिल थे. बैठक में झरिया एवं भाटडीह क्षेत्र की जनता की विभिन्न मांगों पर पांच सूत्री मांग पत्र के आधार पर चर्चा हुई. डीआरएम ने कई मुद्दों पर सकारात्मक आश्वासन दिया. बताया कि भाटडीह रेलवे फाटक पास परियोजना पर जानकारी दी गई कि उपायुक्त द्वारा प्रोजेक्ट स्वीकृत हो चुका है, टेंडर अलॉटमेंट भी हो गया है और कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा. स्वर्णरेखा एक्सप्रेस के सिंदरी ब्लॉक हर्ट ठहराव के प्रस्ताव को उच्च स्तरीय बोर्ड को भेजा गया है. साथ ही सिंदरी–धनबाद पैसेंजर ट्रेन को पुनः नियमित चलाने एवं उसे मेमू ट्रेन में परिवर्तित करने की अपील की गई. पाथरडीह जंक्शन और सिंदरी ब्लॉक हर्ट स्टेशन पर यात्री सुविधाओं जैसे शेड निर्माण, पेयजल, शौचालय और आरक्षित टिकट काउंटर के विकास पर डीआरएम ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया. बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई और रेलवे प्रशासन ने स्थानीय जनता की आवश्यकताओं को प्राथमिकता से पूरा करने का भरोसा दिलाया.

कतरास में मनाई गई जलाराम बापा की जयंती

सांसद ढुलू ने धर्मपत्नी के साथ जलाराम बापा से लिया आशीर्वाद

शुभम संदेश। कतरास

कतरास राजगंज मार्ग स्थित नर्मदेश्वर मंदिर के प्रांगण में बुधवार को कतरास गुजराती समाज के तत्वावधान में हर्षोल्लास के साथ जलाराम बापा की जयंती मनायी गयी. जलाराम जयंती पर जलाराम बापा के मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गयी. पूजा अर्चना के बाद महाप्रसाद वितरण किया गया. सैंकड़ों लोगों ने महाप्रसाद का ग्रहण किया. जलाराम बापा की जयंती पर मुख्य रूप से धनबाद सांसद ढुलू महतो, धर्मपत्नी सावित्री देवी के साथ समारोह में भाग लेकर पूजा अर्चना की और बापा का प्रसाद ग्रहण किया. सांसद ढुलू महतो ने जलाराम बापा से समाज में सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा. मौके पर नितेश ठक्कर, जयेश भाई चावड़ा, यगनेश भाई पाठक, देवेंद्र भाई ठक्कर, अनंत चावड़ा, सुनील भाई चौहान, विजय भाई ठक्कर, किशोर भाई सापरिया, इरीस भाई ठक्कर, धर्मेश भाई राठौड़, विजय भाई चौहान, दिनेश भाई जेठवा, रोहित भाई बजानिया, भाविक भाई ठक्कर, हर्ष पवारिया, अलका बेन चावड़ा, मनीषा बेन चावड़ा, नीता बेन ठक्कर, अलका बेन बजानिया, प्रगना बेन सापरिया, माधवी बेन पवारिया,रणधीर ठाकुर,वाई के पाठक,सूर्य देव मिश्रा आदि उपस्थित थे.

श्री गंगा गोशाला कतरास-करकेन्द के 106 वां वार्षिक अधिवेशन की तैयारी

30 को झंडोतोलन व गोपूजन के साथ शुभारंभ एवं 9 को भव्य विराट कवि सम्मेलन के साथ होगा समापन

- प्रसिद्ध कवित्री अनामिका अम्बर सहित कई कवि गोशाला में बिखेरेंगे जलवा

शुभम संदेश। कतरास

श्री गंगा गोशाला कतरास-करकेन्द में 11 दिवसीय गोपाष्टमी महोत्सव सह 106 वां वार्षिक अधिवेशन का शुभारंभ होगा.पूरे ग्यारह दिनों तक गौशाला परिसर में भक्ति की बयार रहेगी. उपरोक्त जानकारी गौशाला के अधिकारियों ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर दी. गौशाला के अध्यक्ष अनीश डोकानिया व महासचिव महेश अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार को झंडोतोलन व गौपूजन के साथ 11 दिवसीय गोपाष्टमी मेला का शुभारंभ होगा. जिसमें सर्वप्रथम कांको मठ से आये गुरुदेव पूज्यवाद श्रीमद दंडी स्वामी सुरेश्वराश्रम महाराज जी का गुरुपूजन होगा. इसके बाद सुरेश्वराश्रम महाराज जी द्वारा विधिवत रूप से गोमाता का गौपूजन किया जाएगा. तत्पश्चात पूजनीय गुरुदेव जी के मार्गदर्शन में सवा लाख हनुमान चालीसा का पाठ किया जायेगा जो अनवरत 9 दिनों तक चलता रहेगा. इसी बीच इन ग्यारह गौ गृह का उदघाटन, रानी सती दादी जी का मंगल पाठ, रोहित शर्मा जिमी एवं पार्टी कोलकाता टीम द्वारा भजनों की अमृत वर्षा (श्याम बाबा), 9 नवंबर की संध्या 4:00 बजे वार्षिक अधिवेशन का आयोजन एवं रविवार संध्या 7:00 बजे से गौशाला की पावन भूमि पर भव्य विराट कवि सम्मेलन का आयोजन होगा. जिसमें देश के प्रसिद्ध कवि डा अनामिका अम्बर, बिनोद पाल, अनंत महेंद्र, डा. तिष्या श्री,मंजू शाक्या, पहुंचे.

गौशाला के पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार का मुख्य आकर्षण सवा लाख हनुमान चालीसा का पाठ होगा जो अद्भुत प्रतीत होगा. कार्यक्रम में गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी धनबाद सांसद ढुलू महतो बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो जिप अध्यक्ष शारदा सिंह सहित कई अन्य लोग पहुंचेंगे. कमिटी ने आमलोगों से अपील किया कि अधिक से अधिक संख्या में गोपाष्टमी महोत्सव में शामिल हो एवं गौ माता का आशीर्वाद प्राप्त करें. कहा कि गौ माता का सेवा करने से सभी दुखों एवं कष्टों का स्वयं ही निवारण हो जाता है. मौके पर गौशाला के अध्यक्ष अनीश डोकानिया, महासचिव महेष अग्रवाल, सचिव दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डीएन चौधरी, पंकज सिन्हा, कृष्ण कन्हैया राय, कमलेश सिंह, अशोक शर्मा, डॉ मधुमाला, उदय वर्मा, बिष्णु चौरसिया, आनंद खंडेलवाल, तापस दे, मुकेश भट्ट, राजेश स्वर्णकार, आकाश खंडेलवाल, राजन खंडेलवाल आदि उपस्थित थे.

मायुमं झरिया ने किया श्री झरिया-धनबाद गौशाला में गोमाता की महाआरती और पूजन

गोसेवा, आस्था, और संस्कृति के संगम से उज्ज्वल हुई गोपाष्टमी की संध्या

शुभम संदेश। झरिया

गोपाष्टमी के पावन अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच – झरिया शाखा द्वारा बुधवार को श्री झरिया–धनबाद गौशाला प्रांगण में गोमाता की महाआरती एवं गोपूजन का भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम में मंच सदस्यों, समाजसेवियों और श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. गंगा आरती की तर्ज पर संपन्न इस विशेष आरती में सैकड़ों दीपों की उजास और वैदिक मंत्रोच्चार से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा. गौमाता की आराधना के साथ उपस्थितजनों ने गौसंरक्षण, सेवा और संवर्धन का संकल्प लिया. शाखा अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि गोमाता भारतीय संस्कृति की आधारशिला हैं. गोपाष्टमी हमारी सांस्कृतिक चेतना और कर्तव्य का प्रतीक है. कार्यक्रम संयोजक गौतम अग्रवाल ने बताया कि नई पीढ़ी में भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान जगाने के उद्देश्य से कार्यक्रम किया गया है. कार्यक्रम में विनोद शर्मा, विनोद अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष किरण शर्मा, सनी अग्रवाल, दिनेश शर्मा, सुनीता शर्मा, हेमलता शर्मा, आयुष परमाका, अनिरुद्ध अग्रवाल, पंकज जालुका, चंदन पटवारी, अमित भुसानिया, कविता अग्रवाल, महिला समिति अध्यक्ष मीनू गोयल, मारवाड़ी सम्मेलन अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, समृद्धि शाखा अध्यक्ष जया अग्रवाल सहित गौशाला समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा मंच के कई सदस्य उपस्थित रहे. कार्यक्रम में गोमाता की महाआरती के बाद उपरांत सामूहिक गोस्तुति की. सभी ने साथ मिल गोमाता की जयकारा लगाया.

उपायुक्त ने की मोंथा चक्रवात को लेकर सतर्कता बरतने की अपील

नागरिकों और बच्चों से नदी, तालाब और डोभा से दूर रहने का किया आग्रह

शुभम संदेस। गिरिडीह

उपायुक्त रामनिवास यादव ने जानकारी दी है कि बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहा मोंथा चक्रवात एक उष्णकटिबंधीय (ट्रॉपिकल) तूफान के रूप में तेजी से सक्रिय हो रहा है. मौसम विभाग ने आशंका जताई है कि आने वाले दिनों में यह एक गंभीर चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है. इसके प्रभाव से झारखंड के दक्षिणी और मध्य क्षेत्रों में तेज हवाएं, भारी वर्षा और वज्रपात की संभावना व्यक्त की गई है. डीसी यादव ने बताया कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार जिले में भारी बारिश हो सकती है. उन्होंने कहा कि लगातार हो रही वर्षा के कारण जन-धन की क्षति की आशंका बनी रहती है, इसलिए आम नागरिक अनावश्यक रूप से अपने घरों से बाहर न निकलें और केवल अत्यावश्यक स्थिति में ही बाहर जाएं. उन्होंने दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि अत्यधिक वर्षा के कारण झील, तालाब, जलाशय, डोभा और नदी-नाले भर जाते हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित होता है. इस दौरान सड़क जाम, कच्चे मकानों के ध्वस्त होने, वज्रपात, फसल नुकसान और अन्य अप्रिय घटनाओं की संभावना बनी रहती है. विशेष कर बच्चों के लिए यह समय अत्यंत जोखिमपूर्ण है. डीसी ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है. उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे बच्चों को नदी, नाले, जलाशय और जलजमाव वाले क्षेत्रों से दूर रखें. यदि कहीं जलजमाव की स्थिति हो, तो जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें और ऐसे स्थानों से गुजरने से बचें. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं. सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे तैयारियां पूरी रखें, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि या संपत्ति की क्षति को न्यूनतम किया जा सके.

जिले में चक्रवाती तूफान मोंथा का असर

धान और आलू की फसल को भारी नुकसान की आशंका

गिरिडीह। चक्रवाती तूफान मोंथा का प्रभाव बुधवार को गिरिडीह जिले में व्यापक रूप से देखने को मिला. दोपहर के बाद से जिले के सभी प्रखंडों में तेज बारिश शुरू हो गई, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए हुए थे. करीब दस बजे हल्की बारिश हुई, जिसके बाद कुछ समय के लिए मौसम साफ हुआ, लेकिन दोपहर बाद मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया और झमाझम बारिश शुरू हो गई. बेमौसम बारिश से लोगों को काफी परेशानी हो रही है. अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में हो रही इस बारिश से तापमान में गिरावट आई है और ठंड बढ़ने की संभावना है. बारिश से किसान भी बेहद चिंतित हैं. अनुमान है कि धान और आलू की फसल को भारी नुकसान हो सकता है. जानकारों के अनुसार, धान की फसल लगभग तैयार है और किसान कटाई की तैयारी में जुटे हुए थे. खलिहान तैयार किए जा रहे थे, तभी चक्रवाती तूफान मोंथा ने दस्तक दी. मौसम विभाग के अनुसार यह तूफान 31 अक्टूबर तक असर दिखा सकता है. यदि बारिश और तेज हवा का क्रम जारी रहा, तो किसानों की परेशानी और बढ़ जाएगी. ज्ञात हो कि इस वर्ष पहले से ही अधिक बारिश के कारण भदई फसल को काफी नुकसान हुआ था, जिससे किसान अब तक उबर नहीं पाए हैं.

मोंथा तूफान का असर: जिले में बारिश शुरू, बढ़ी ठंड

खेतों में लगी धान की फसल को नुकसान की आशंका

गोड्डा। चक्रवात मेंथा के आंध्र प्रदेश के समुद्री तट से टकराने के बाद इसका असर बुधवार को गोड्डा जिला में भी देखने को मिला. दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदला, देखते ही देखते दिन में ही अंधेरा छा गया और फिर बारिश ने जोर पकड़ लिया. जिले के अधिकांश प्रखंडों में बारिश होने की सूचना है. सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए थे, वहीं रात में हल्की बूंदाबांदी भी हुई थी. बेमौसम बारिश के कारण मौसम में ठंडक बढ़ गई है. बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ और लोग समय से पहले घरों में दुबकने को मजबूर हो गए. इस असमय की बारिश से किसान बेहद परेशान हैं. खेतों में लगी धान की फसल कटाई के लिए तैयार थी, लेकिन बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया. अनुमान है कि धान और आलू की फसल को भारी नुकसान हो सकता है. कई जगहों पर आलू की बुआई भी हो चुकी थी, अब किसानों को डर सता रहा है कि बारिश से आलू के बीज गल सकते हैं. मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवाती तूफान का असर अगले दो दिनों तक रहने की संभावना है. इस वर्ष पहले से ही अधिक बारिश होने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ा था और अब एक बार फिर से बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है.

ब्रीफ खबरें

टोटो और बाइक की भिड़ंत बाइक चालक घायल

साहिबगंज। उधवा प्रखंड के राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत उधवा चौक में बुधवार को टोटो और मोटरसाइकिल की जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें बाइक चालक घायल हो गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक चालक सड़क पार कर रहा था, तभी विपरीत दिशा से आ रहे टोटो ने उसे टक्कर मार दी. टक्कर लगने से बाइक चालक सड़क पर गिर गया. स्थानीय लोगों की मदद से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए एक निजी क्लीनिक ले जाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया. इस दुर्घटना में बाइक के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया.

मृत आईआरबी जवान के परिजनों से मिले सांसद

बोकारो। चास निवासी समाजसेवी लक्ष्मी नारायण यादव के पुत्र एवं आईआरबी में तैनात अजय यादव उर्फ़ सोनू की सोमवार रात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी. इस दुखद घटना की सूचना मिलते ही धनबाद सांसद ढुल्लू महतो पीड़ित परिवार के चास स्थित आवास पहुंचे. सांसद ने परिजनों और शुभचिंतकों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से प्रार्थना की कि इस कठिन घड़ी में परिवार को धैर्य एवं सहनशक्ति प्रदान करें. उन्होंने इस जघन्य कांड की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि घटना की शीघ्र जांच कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए. सांसद ने मौके पर ही जिला प्रशासन से बातचीत कर अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी एवं सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए.

सदर अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर बैठक

साहिबगंज। सदर अस्पताल परिसर स्थित वेयरहाउस सभागार में स्वास्थ्य व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई. बैठक में सदर अस्पताल के सभी चिकित्सक, कर्मी एवं संबंधित अधिकारी अद्यतन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित हुए. सिविल सर्जन ने सदर अस्पताल की सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है. इस दौरान बैठक से अनुपस्थित चिकित्सक एवं कर्मियों का उक्त दिवस का वेतन एवं मानदेय अवरुद्ध करने का निर्देश दिया गया.

अर्जुन बने घाटशिला उप चुनाव में प्रखंड संयोजक

बोकारो। चांदनकियारी विधानसभा के जेएलकेएम प्रत्याशी रहे अर्जुन रजवार को घाटशिला उप चुनाव के लिए जेएलकेएम सुप्रीमो जयराम महतो ने गुराबांधा प्रखंड संयोजक का दायित्व सौंपा है. घाटशिला उप चुनाव में जेएलकेएम ने रामदास मुर्मू को उम्मीदवार बनाया है. ज्ञात हो कि घाटशिला क्षेत्र में घाटशिला, मुसाबनी, धालभूम और गुराबांधा प्रखंड शामिल है. गुराबांधा प्रखंड में चुनाव प्रचार और प्रसार की जिम्मेदारी अर्जुन रजवार को दी गई है. अर्जुन ने अपने मनोनयन पर पार्टी सुप्रीमो जयराम महतो के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सौंपी गई जिम्मेदारी का संजीदगी से निर्वहन करेंगे. वहीं, घाटशिला प्रखंड में रमेश मुर्मू, मुसाबनी प्रखंड में महेश बेसरा और धालभूम प्रखंड में बादल मुर्मू को संयोजक का दायित्व सौंपा गया है.

नाबालिग दुष्कर्म कांड में चार आरोपित गिरफ्तार, गए जेल

महिला निकली किंगपिन, बहला-फुसलाकर नाबालिग को भेजा था युवकों के साथ

शुभम संदेश। बोकारो

कसमार थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड का उद्भेदन कर लिया. इस मामले में मुख्य साजिशकर्ता एक महिला निकली है. कसमार के करकट्टा खुर्द निवासी कुसुम कुमारी (उम्र लगभग 20 वर्ष), पिता भजनलाल करमाली सहित तीन अन्य आरोपितों को पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. छापेमारी कसमार और पेटरवार थाना की संयुक्त टीम ने की. जानकारी के अनुसार, कुसुम पहले भी अनैतिक कार्यों में संलिप्त रही है. नाबालिग लड़की उसकी परिचित थी, जिसे उसने बहला-फुसलाकर तीन युवकों के साथ भेज दिया. बुधवार को पुलिस मुख्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि 27 अक्टूबर 2025 को शाम के समय करीब 14 वर्षीय नाबालिग लड़की अचानक लापता हो गई. परिजनों की खोजबीन के दौरान पता चला कि बरईकला छठ घाट से शाम करीब 6 बजे कुसुम कुमारी ने तीन लड़कों को बुलाकर अपनी बाइकों से नाबालिग को उनके साथ भेजा था. गिरफ्तार युवकों की पहचान सफीक अंसारी (26 वर्ष), ग्राम दारिद निवासी, रंजीत कुमार (19 वर्ष), पिता अज्ञात, ग्राम दारिद (उतासारा), राहुल कुमार तुरी (18 वर्ष), पिता अज्ञात, ग्राम दारिद (उतासारा) के रूप में हुई. एसपी ने बताया कि तीनों आरोपितों ने नाबालिग को शाम करीब 7 बजे ओरमो-दांतू रोड स्थित ग्राम कुलागुजु के पास सड़क किनारे एक सुनसान स्थान पर ले जाकर बारी-बारी से बलात्कार किया. इसके बाद उसे बाइक से वापस गांव लाकर छोड़ दिया. वादिनी के बयान पर कसमार थाना कांड संख्या 78/25 दिनांक 28.10.2025, धारा 70(2), 61(2) बीएनएस 2023 एवं 4/6 पॉक्सो एक्ट 2012 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया. पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, तेनुघाट बोकारो के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया. टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में सभी ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है. अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त सामान और आरोपितों के पहने कपड़े बरामद किए गए. छापेमारी दल में शामिल पुनि शैलेश सिंह (जरीडीह अंचल, बोकारो), पुअनि सह प्रभारी भजनलाल महतो (कसमार थाना), पुअनि कुंदन कुमार, हिमांशु शेखर (अनुसंधानकर्ता), सुंदर हेम्ब्रम, पुअनि राजू मुंडा (थाना प्रभारी पेटरवार), सुनील कुमार, आरक्षी रामेश्वर महतो, मासूम रजा रिजवी, प्रदीप कुमार शर्मा, अशोक पूर्ति तथा तकनीकी शाखा के पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल थे.

साइबर अपराध में शामिल युवक गिरफ्तार

दो आईफोन और तीन एटीएम कार्ड बरामद

गोड्डा। साइबर ठगी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. घटना नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरोतिया के समीप काझिया पुल के पास की है. संध्या गश्ती के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति सुनसान स्थान पर बैठकर साइबर ठगी कर रहा है. सूचना के आधार पर छापेमारी की गई. पुलिस टीम को देखकर आरोपी भागने लगा, लेकिन सशस्त्र बल की मदद से पीछा कर उसे पकड़ लिया गया. गिरफ्तार युवक की पहचान हरदयाल मंडल (उम्र लगभग 35 वर्ष), पिता स्व. राम जीवन मंडल, ग्राम कसबा गोड्डा, थाना गोड्डा मुफ़स्सिल, जिला गोड्डा के रूप में हुई. पूछताछ में पहले टाल मटोल करने के बाद उसने स्वीकार किया कि वह पेड़ के नीचे बैठकर साइबर ठगी का काम कर रहा था. तलाशी में उसके पास से दो मोबाइल फोन (एक हरे रंग का आईफोन 11, जिसमें एयरटेल सिम नंबर 9973864899 लगा था, और दूसरा नीले रंग का रेडमी फोन, जिसमें भी एयरटेल सिम लगा था) बरामद किए गए. इसके अलावा तीन एटीएम कार्ड जब्त किए गए. मामले में नगर थाना कांड संख्या 212/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी दिनेश कुमार महली, पुअनि अंकित कुमार झा, भोलानाथ दास, संजय कुमार सिंह तथा टाइगर मोबाइल के जवान शामिल थे.

न्यूज अपडेट

भाजपा ने किया मुख्यमंत्री का पुतला दहन

बोकारो (शुभम संदेश)। जिला भाजपा ने महावीर चौक, चास में चाईबासा के निहत्थे ग्रामीणों पर प्रशासन द्वारा किए गए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया. वक्ताओं ने कहा कि 27 अक्टूबर 2025 को चाईबासा के तांबो चौक के पास शहर में नो एंट्री की मांग को लेकर शांतिपूर्वक आंदोलन कर रहे आम नागरिकों पर प्रशासन ने हेमंत सरकार के इशारे पर देर रात बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे. भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार जनता की आवाज से डरकर दमन के रास्ते पर चल पड़ी है. राज्य की जनता दमन नहीं, सम्मान चाहती है और भाजपा जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है. कार्यक्रम में शंकर रजक, अमर स्वर्णकार, विक्की राय, बिक्रम महतो, परिंदा सिंह, झंटू दे, माथुर मंडल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

कराटे बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट में डीपीएस का शानदार प्रदर्शन

बोकारो (शुभम संदेश)। डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने कराटे बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 69 छात्रों ने सफलता प्राप्त की. एक्सरसाइज, पंचिंग और स्टांस जैसी 10 श्रेणियों में परीक्षा आयोजित हुई, जिसमें प्रतिभागियों को उनकी दक्षता के अनुसार ऑरेंज, ग्रीन, ब्लू, पर्पल और ब्राउन बेल्ट प्रदान किए गए. विद्यालय में आयोजित विशेष असेंबली में प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने सफल विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और बेल्ट देकर सम्मानित किया. विदित हो कि यह फेडरेशन टेंशिनकान कराटे फेडरेशन ऑफ जापान से मान्यता प्राप्त है तथा कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया (केएआई) से स्वीकृत है. डीपीएस बोकारो, खेल कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सहयोग से, अपने विद्यार्थियों के समग्र विकास के उद्देश्य से लगातार कराटे का गहन प्रशिक्षण दे रहा है. इसके माध्यम से छात्र अनुशासन, आत्मरक्षा और शारीरिक फिटनेस के गुर सीख रहे हैं.

सीएचओ ने किया रक्तदान, 16 यूनिट रक्त संग्रह

साहिबगंज (शुभम संदेश)। सदर अस्पताल परिसर के सभागार में बुधवार को स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई. बैठक में सदर अस्पताल के सभी चिकित्सक और कर्मी उपस्थित थे. सिविल सर्जन ने बैठक में अनुपस्थित चिकित्सक और कर्मियों का इस दिन का वेतन अवरुद्ध करने का निर्देश दिया. इसके अलावा सीएस कार्यालय के संयुक्त सभागार हॉल में जिले के सभी प्रखंड एवं पंचायत के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई. इस दौरान सभी सीएचओ ने रक्तदान किया, जिसमें कुल 16 यूनिट रक्त संग्रह किया गया. सिविल सर्जन ने सीएचओ को निर्देश दिया कि वे सप्ताह में एक दिन सोमवार या शुक्रवार को अपने-अपने पंचायत के प्रत्येक गांव में अलग-अलग मेडिकल कैंप आयोजित करें. उन्होंने सभी को 100% बायो-अटेंडेंस सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. साथ ही सिकलसेल जांच, आभा कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया को तेज करने का भी निर्देश दिया गया. मौके पर सदर अस्पताल के डीएस डॉ. देवेश कुमार, डॉ. रंजन कुमार, डॉ. सती बाबू, डीपीएम अमित कश्यप, डीएएम अमित साड़ील, क्लर्क प्रवीण सक्सेना, क्लर्क मुकेश कुमार सहित सभी चिकित्सक, कर्मचारी एवं जिले के कई सीएचओ उपस्थित थे.

सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक को एसपी ने दी श्रद्धांजलि

तालगड़िया (शुभम संदेश)। चास प्रखंड पंचायत बिजुलिया के तिवारीडीह स्थित मध्य विद्यालय सियालजोरी के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सह समाजसेवी पंडित राधावल्लभ तिवारी की बारहवीं पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. इस अवसर पर बोकारो एसपी हरबिंदर सिंह ने पुष्प अर्पित कर स्व. तिवारी को श्रद्धांजलि दी. उन्होंने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के कर्णधार होते हैं. गुरु के बिना ज्ञान अधूरा रहता है. मौके पर कान्यकुब्ज आर्ष परिषद शिखर मजलिस बोकारो के अध्यक्ष दिलीप चोबे, ब्रजगोपाल पाठक, बुलबुल उपाध्याय, चक्रधर दुबे, धनेश्याम तिवारी, सुशील तिवारी, उत्तम तिवारी, मंतोष तिवारी, उदय तिवारी, मंगल तिवारी, भागवत तिवारी, शिवप्रसाद तिवारी, आदित्यनाथ तिवारी, आनंद तिवारी, सुभाष तिवारी, नारायण चौबे, धनबाद सांसद प्रतिनिधि अरविंद दुबे, चंडी प्रसाद तिवारी, प्रोफेसर किशोर कुमार त्रिवेदी, शिखर समाज युवा मंच अध्यक्ष अमित पाठक, प्रोफेसर सत्यवान उपाध्याय, अधिवक्ता कामदेव पाठक, मिथिलेश तिवारी, धनबाद-बोकारो क्षेत्रीय राजपूत समाज के केंद्रीय प्रवक्ता राधेश्याम सिंह, रघुनाथ सिंह, सूर्यकांत सिंह, जगरनाथ सिंह, भाजपा बिजुलिया मंडल अध्यक्ष बबलू चौबे, बबलू पाठक, साधु महतो सहित कई लोग उपस्थित थे.

डीसी ने वृद्धाश्रम का लिया जायजा

बोकारो (शुभम संदेश)। डीसी अजय नाथ झा ने सोमवार को अचानक चास नगर निगम के सोलांगडीह स्थित बाबा वैद्यनाथ जन सेवा समिति वृद्ध सेवा आश्रम का निरीक्षण किया. संस्था के स्थापना दिवस के अवसर पर पहुंचे डीसी ने आश्रम में रह रहे वृद्धजनों से बातचीत की, उनका हाल-चाल जाना और उनके जीवन के अनुभवों को बड़े ध्यान से सुना. वृद्धाश्रम पहुंचने पर डीसी का स्वागत संस्था के पदाधिकारियों और आश्रम में रह रहे वृद्धजनों ने आत्मीय भाव से किया. बातचीत के दौरान डीसी ने कहा कि आप सब हमारे समाज की जड़ हैं, जिन्होंने अपने जीवन का सबसे सुंदर हिस्सा परिवार, समाज और देश की सेवा में बिताया है. आज हमारा कर्तव्य है कि हम आपकी खुशियों और सम्मान की रक्षा करें. उन्होंने वृद्धजनों से उनके स्वास्थ्य, भोजन और दैनिक सुविधाओं से जुड़ी जानकारी ली और उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया. जैसे ही डीसी वृद्धजनों के बीच पहुंचे, आश्रम का वातावरण भावनाओं से भर गया. किसी ने उनकी कलाई पकड़ कर कहा कि बेटा, बहुत दिनों बाद कोई हमारा हाल पूछने आया, तो किसी ने मुस्कराते हुए कहा कि आप आए, तो लगा कोई अपना देखने आया है. पूरा वातावरण स्नेह और अपनत्व से भर उठा. डीसी ने कहा कि वे समय-समय पर वृद्धजनों से मिलते रहेंगे और आश्रम की सुविधाओं का नियमित रूप से निरीक्षण करेंगे. मौके पर आश्रम संचालक समिति ने डीसी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके इस अनायास आगमन ने वृद्धजनों के मन में नई ऊर्जा और आत्मीयता का संचार किया. वृद्धाश्रम में बिताया गया यह समय डीसी और वृद्धजनों दोनों के लिए अविस्मरणीय बन गया.

बीएसएल में सतर्कता जागरुकता कार्यक्रम

बोकारो (शुभम संदेश)। सतर्कता जागरुकता सप्ताह–2025 के तहत बीएसएल के सतर्कता विभाग द्वारा बुधवार को अधिशासी निदेशक (संकार्य) के कॉन्फ्रेंस हॉल में सतर्कता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन के साथ मुख्य महाप्रबंधक, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, वरीय अधिशासी तथा मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा उपस्थित थे. मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा ने सभी को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई तथा प्रसंस्करण की विसंगतियों, प्रणाली एवं प्रक्रिया, आचार एवं नीति, तकनीकी मूल्यांकन, निष्पादन और रिश्वत विरोधी प्रबंधन प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी.

रेम्बा में मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

समाज के विकास में शिक्षा का योगदान अहम : मंटू

शुभम संदेश। जमुआ (गिरिडीह)

छठ पूजा समिति, रेम्बा द्वारा मंगलवार की रात प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिप सदस्य प्रतिनिधि दिगंबर प्रसाद दिवाकर एवं संचालन सुधीर द्विवेदी ने किया. सीएमसी वेल्लोर द्वारा आयोजित अखिल भारतीय स्तर की प्रवेश परीक्षा में सफल रहे रेम्बा के छात्र आशीर्वाद को अंगवस्त्र और बुके देकर समिति के पदाधिकारी शंकर कुमार राम, पवन कुमार राम, राहुल राम, अजय वर्णवाल तथा निर्भय कुमार सिंह ने सम्मानित किया. समारोह को संबोधित करते हुए शिक्षाविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार मंटू ने कहा कि शिक्षा के सशक्तिकरण से ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव है. दिगंबर प्रसाद दिवाकर ने लोगों से अपील की कि वे दो रोटी कम खाएं, लेकिन बच्चों की शिक्षा पर अवश्य ध्यान दें, क्योंकि शिक्षा ही समानता का अवसर प्रदान करती है. समारोह में इंटर विज्ञान में प्रथम श्रेणी से सफल रहे छात्र अनूप तुरी, अभिषेक कुमार राम और चंदन कुमार तुरी को भी मुख्य अतिथि सुभाष पंडा, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु राम, आजसू नेता अजय द्विवेदी, निरंजन राम तथा आनंदी तुरी ने अंग वस्त्र और उपहार देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. कार्यक्रम को सफल बनाने में विजय पंडित, सौरभ कुमार, डॉ. सुनील राम, प्रदीप पंडित, शोभा राम, दिलीप राम, रवि राम, विकास राम, सहित कई लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

त्रुटिपूर्ण खतियान रद्द करने और पिण्ड्राजोरा को प्रखंड बनाने की मांग तेज

शुभम संदेश। बोकारो

चास–चंदनकियारी प्रखंड के किसानों पर थोपे जा रहे त्रुटिपूर्ण खतियान और सरकार द्वारा सेटेलाइट सर्वे के नाम पर दी जा रही खोखली आश्वासनों के खिलाफ किसान संगठनों ने आवाज बुलंद की है. किसान मुक्ति मोर्चा की ओर से बुधवार को पंचायत भवन, पिंड्राजोरा में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें किसानों के नये सर्वे-सेटलमेंट खतियान से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक की अध्यक्षता कुम्हारदागा पंचायत के मुखिया पशुपति कुमार एवं संचालन मोर्चा के अध्यक्ष संतोष कुमार ने किया. बैठक में किसान नेता पुरन चंद्र महतो ने कहा कि नए सर्वे-सेटलमेंट में कई गंभीर त्रुटियां हैं. कहीं चौहद्दी की जगह दोहद्दी अंकित है, तो कहीं खतियान में दर्ज रकबा से कम भूमि का नक्शा बनाया गया है. उन्होंने कहा कि छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की अनदेखी करते हुए रैयतों की मूल जातीय पहचान को भी खतरे में डाला जा रहा है. इसके बावजूद इस मुद्दे को राजनीतिक दलों ने केवल चुनावी घोषणा पत्र तक सीमित कर दिया है. किसान मुक्ति मोर्चा के सचिव बाटूल चंद्र प्रमाणिक ने कहा कि सरकार किसानों की ज्वलंत समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है. सर्वे-सेटलमेंट रद्द करने का आश्वासन अब केवल सपना बनकर रह गया है. निवर्तमान विधायक ने विधानसभा में इस पर ठोस पहल करने के बजाय इसे न्यायालय के हवाले कर दिया, जिससे किसानों में असंतोष व्याप्त है. ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला सचिव हरिपद महतो ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने त्रुटिपूर्ण सर्वे-सेटलमेंट को तत्काल रद्द नहीं किया, तो किसान रैयत एकजुट होकर देशव्यापी किसान आंदोलन की तर्ज पर जन आंदोलन के लिए विवश होंगे. वहीं, संयुक्त किसान मोर्चा चंदनकियारी के संयोजक जगन्नाथ रजवार ने कहा कि वर्ष 2013 में पूर्ववर्ती सरकार ने पिंड्राजोरा, बरमसिया और अमलाबाद जैसे सुदूरवर्ती एवं उपेक्षित क्षेत्रों को प्रखंड का दर्जा देने का निर्णय लिया था. इन क्षेत्रों ने सभी आवश्यक मानदंड पूरे कर लिए थे, फिर भी इसे अब तक लागू नहीं किया गया. उन्होंने कहा कि पिंड्राजोरा के केम्प प्रखंड कार्यालय को बंद करना एक तानाशाही कदम है, जिससे अंतिम पंक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाएं नहीं पहुंच पा रही हैं. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इन जायज मांगों पर शीघ्र गंभीरता नहीं दिखाई, तो चरणबद्ध आंदोलन छेड़ा जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी. बैठक में किसान मुक्ति मोर्चा के संरक्षक अजीत सिंह चौधरी, चांडू महतो सहित कई किसान नेता उपस्थित रहे.

चंदनकियारी–पुरूलिया मुख्य मार्ग पर ममता मूर्ति नेत्रालय का शुभारंभ

आस-पास के लोगों को मिलेगी बेहतर सेवाएं : विधायक

शुभम संदेश। बोकारो

चंदनकियारी–पुरूलिया मुख्य मार्ग पर बुधवार को ममता मूर्ति नेत्रालय का शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक उमाकांत रजक, उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और आम नागरिक उपस्थित रहे. नेत्रालय का उद्घाटन दीप प्रज्वलन और फीता काटकर किया गया. इस अवसर पर अतिथियों ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह नेत्रालय चंदनकियारी क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगा. विधायक उमाकांत रजक ने अपने संबोधन में कहा कि ममता मूर्ति नेत्रालय की स्थापना चंदनकियारी के विकास का एक अहम कदम है. इस पहल से न केवल स्थानीय लोगों को बल्कि आस-पास के ग्रामीण इलाकों के नागरिकों को भी आधुनिक नेत्र चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी. उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है और ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध होंगे. इस अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने अपने वक्तव्य में कहा कि आँखों से देखना जीवन का आधार है, इसलिए नेत्र उपचार सुविधाओं का सुलभ होना अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में नेत्र जांच और उपचार का लाभ लें. उपायुक्त ने बीडीओ और सीओ को निर्देश दिया कि नेत्रालय एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्र में नेत्र जांच शिविर आयोजित किए जाएं तथा संस्था द्वारा निःशुल्क मोतियाबिंद उपचार कराया जाए. पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने कहा कि ममता मूर्ति नेत्रालय गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान साबित होगा. यह पहल स्वास्थ्य क्षेत्र में एक सराहनीय प्रयास है, जिससे समाज के हर वर्ग को लाभ मिलेगा. उन्होंने संस्था से आग्रह किया कि वे आगे भी सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में अग्रणी भूमिका निभाते रहें. नेत्रालय के उद्घाटन को लेकर स्थानीय नागरिकों में विशेष उत्साह देखा गया. कई लोगों ने इस पहल को आंखों की रोशनी के साथ उम्मीद की नई किरण बताया. नेत्रालय में अत्याधुनिक उपकरणों, विशेषज्ञ चिकित्सकों और प्रशिक्षित स्टाफ की व्यवस्था की गई है, जिससे ग्रामीण अंचलों के लोगों को अब नेत्र उपचार के लिए दूर शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा. मौके पर चंदनकियारी बीडीओ अजय वर्मा, सीओ रवि आनंद, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, बीस सूत्री समिति के उपाध्यक्ष देवाशीष मंडल, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष हीरालाल मांझी सहित नेत्रालय के चिकित्सक और कर्मी उपस्थित थे.

फिर एक बार, सरकार आपके द्वार

भगवान बिरसा की जयंती पर होगा सरकार आपके द्वार

- मोरहाबादी मैदान में जिले की उपलब्धियों पर लगाई जाएगी प्रदर्शनी
- जिलेवासी इन कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता के साथ राज्य के विकास में योगदान दें : उपायुक्त

शुभम संदेश। धनबाद

समाहरणालय सभागार में राज्य स्थापना दिवस, भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं सरकार आपके द्वार को लेकर उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिले से वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में मुख्य आयोजन की रूपरेखा तय की गई तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. राज्य स्थापना दिवस के 25वें वर्ष, भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिले में अनेक जनहितकारी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देशानुसार 11 नवम्बर से 29 नवम्बर तक "सरकार आपके द्वार" तथा राज्य स्थापना सप्ताह से संबंधित कार्यक्रमों की श्रृंखला पूरे जिले में आयोजित की जाएगी. कार्यक्रमों की शुरुआत एलईडी वैन के फ्लैग-ऑफ से होगी, जिसके माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी. इस दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्ट्रीट डांस एवं फ्लैश मॉब के जरिए जनजागरुकता अभियान चलाया जाएगा. साइकिल रैली निकाली जाएगी, जो जिले के सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों तक पहुंचेगी.

इसके साथ ही वॉल पेंटिंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें विद्यार्थियों और स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा.साथ ही रांची के मोरहाबादी में एक प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले की सभी विशिष्ट उपलब्धियाँ प्रदर्शित की जाएंगी. विभिन्न विभाग अपने कार्य और प्रगति को प्रदर्शित करेंगे एवं स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग अपने प्रमुख कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। 29 तारीख को सभी भर्ती संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी. उपायुक्त ने बताया कि कई विकासपरक कार्यक्रम प्रारंभ होंगे ब्लड डोनेशन बस और पॉलीटेक्निक बस का शुभारंभ किया जाएगा. साथ ही स्मार्ट स्कूल, ऑब्जर्वेशन होम कैप, सदर पंजीयन काउंटर, जेआरडीए ई-रिक्शा वितरण, सोलर स्ट्रीट लाइट तथा जरूरतमंदों के बीच स्वेटर एवं कंबल वितरण किया जाएगा.

शराब विक्रेता की जमानत पर सुनवाई

धनबाद। नकली अंग्रेजी शराब विक्रेता निरसा थाना क्षेत्र के जोगीतोपा निवासी विकास साहनी की नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार की अदालत में हुई.बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने बहस की। वहीं अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक सत्येंद्र कुमार राय ने अदालत को बताया कि आरोपी विकास कई मामलों में वांछित है. इस केस में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दायर कर दिया है. अदालत ने उभय पक्षों की दलीलें सुनने के बाद निचली अदालत से केस अभिलेख की मांग करते हुए सुनवाई की अगली तिथि 10 नवंबर 2025 मुकर्रर कर दी.

सीएसआईआर-सिंफर में नागरिक सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा का आयोजन

शुभम संदेश। धनबाद

सीएसआईआर-सिंफर, बरवा रोड, परिसर धनबाद के सभागार में "नागरिक सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा" शपथ समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें संस्थान के कर्मियों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया. प्रशासन नियंत्रक आदित्य मैनाक द्वारा कर्मियों को शपथ दिलाई गई, जिसमें भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए सभी संबंधित पक्षों जैसे सरकार, नागरिकों तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता के बारे में बताया गया. कहा गया कि प्रत्येक नागरिक को सतर्क होना चाहिए तथा उसे ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध होना चाहिए. भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष में साथ देना चाहिए. इस शपथ समारोह में कार्मिकों द्वारा जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी तथा कानून के नियमों का पालन करना, ना तो रिश्वत लूंगा और ना ही रिश्वत दूंगा, सभी कार्य ईमानदारी तथा पारदर्शी रीति से करूंगा, जनहित में कार्य करूंगा, अपने निजी आचरण में ईमानदारी दिखाकर उदाहरण प्रस्तुत करूंगा तथा भ्रष्टाचार की किसी भी घटना की रिपोर्ट उचित एजेन्सी को दूंगा.. की शपथ ली गई. शपथ समारोह का कार्यक्रम सीएसआईआर- सिंफर के अन्य क्षेत्रीय इकाइयों में भी किया गया.

रिश्वतखोरी मामले में अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश

शुभम संदेश। धनबाद

कोयला कारोबारी रमेश पांडेय से 50 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए गोविंदपुर थाने के प्रशिक्षु दारोगा मुनेश तिवारी के मामले की सुनवाई बुधवार को निगरानी के विशेष न्यायाधीश मनीष की अदालत में हुई. केस अभिलेख साक्ष्य पर निर्धारित था लेकिन अभियोजन की ओर से कोई गवाह पेश नहीं किया गया. अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश देते हुए सुनवाई की अगली तारीख 19 दिसंबर 2025 निर्धारित कर दी है. बता दें एसीबी की टीम ने 26 नवंबर 2020 को गोविंदपुर थाना के प्रशिक्षु दारोगा मुनेश तिवारी को कोयला कारोबारी झरिया निवासी रमेश पांडेय से 50 हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था. रकम गोविंदपुर थाना के सामने स्थित चाय दुकान में ली जा रही थी. इस दौरान अन्य प्रशिक्षु दारोगाओ ने मुनेश को एसीबी टीम से छुड़ाने के लिए हाथापाई भी की थी.

पुलिस की तत्परता से चोर गिरफ्तार, जेवर और नकद बरामद

शुभम संदेश। गोमो

हरिहरपुर थाना क्षेत्र के साहू मोहल्ला में चाट विक्रेता नागेश्वर प्रसाद के घर मंगलवार को ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाला युवक पुलिस की तत्परता से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया. पकड़े गए युवक का नाम कृष नायक है, जो उसी मोहल्ले का निवासी है. पुलिस ने उसके घर से चोरी के जेवर और रुपये बरामद किए हैं. भुक्तभोगी नागेश्वर प्रसाद की पत्नी ने अपने जेवरों की पहचान भी कर ली है. पुलिस जांच में पता चला कि छठ पूजा के दिन आरोपी को मंदिर के पास घूमते हुए और घरों का अवलोकन करते देखा गया था. जब परिवार अर्घ्य देने के लिए जमुनिया नदी घाट गया, तो उसने मौके का फायदा उठाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया, जिसकी उसने स्वीकारोक्ति कर ली है. बताया गया कि नागेश्वर प्रसाद की पत्नी छठ व्रत कर रही थीं. मंगलवार की सुबह करीब सवा चार बजे पूरा परिवार अर्घ्य देने के लिए जमुनिया नदी गया था. पूजा के उपरांत करीब साढ़े सात बजे जब वे घर लौटे, तो दरवाजे का ताला टूटा और घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा मिला. चोरी की जानकारी होने पर पुत्र संतोष कुमार ने बताया कि घर से सोने का एक मांगटीका, एक लॉकेट, एक अंगूठी, चांदी के दो जोड़े कंगन, एक जोड़ा पायल, एक कमरखोसनी तथा नगद 40 हजार रुपये चोरी हुए थे. मामले की शिकायत हरिहरपुर थाना में दर्ज कराई गई है.

डीआरएम ने किया 30 करोड़ से बन रहे पुल अंडरपास योजना का निरीक्षण

शुभम संदेश। धनबाद

शहर के लोगों को जल्द3 ही ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है. इस दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए बुधवार को धनबाद रेल मंडल के डीआरएम अखिलेश मिश्रा ने बहुप्रतीक्षित गया पुल चौड़ीकरण परियोजना का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उनके साथ रेल मंडल के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. लगभग 30 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से गया पुल का चौड़ीकरण किया जा रहा है. यह प्रोजेक्ट न केवल पुल को चौड़ा करेगा, बल्कि इसमें एक नया अंडरपास भी बनाया जाएगा. यह अंडरपास बैंक मोड़ से रांगाटांड तक के सबसे व्यस्त ट्रैफिक रूट को जाम से मुक्त कराने में सहायक साबित होगा. रेलवे अधिकारियों के अनुसार प्रस्तावित अंडरपास की चौड़ाई 12.5 मीटर और लंबाई 40 मीटर होगी. इसके बन जाने से भारी वाहनों और स्थानीय यातायात का सुचारू आवागमन सुनिश्चित होगा. बल्कि इससे प्रतिदिन लगने वाले भीषण जाम से स्थायी राहत मिलने की उम्मीद है. निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने अधिकारियों से प्रोजेक्ट की प्रगति और संभावित समय-सीमा के बारे में विस्तृत जानकारी ली. उन्होंने कहा कि गया पुल चौड़ीकरण परियोजना धनबाद शहर के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है. उन्होंने अधिकारियों से योजना को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने के लिए सभी विभागों में समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया. वहीं मौके पर रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है, ताकि परियोजना जल्द से जल्द पूरी हो सके.

नगर निगम चुनाव पर कांग्रेस ने बनाई रणनीति

हाउसिंग कालोनी में वार्ड अध्यक्षों के साथ कांग्रेस नेताओं की बैठक

शुभम संदेश। धनबाद

जिला कांग्रेस मुख्यालय हाउसिंग कॉलोनी धनबाद में धनबाद नगर निगम क्षेत्र के वार्ड अध्यक्षों की बैठक हुई. अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार ने की और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह धनबाद नगर निगम के प्रभारी अजय कुमार दुबे उपस्थित थे. दुबे ने कहा कि जमीनी कार्यकर्ता ही संगठन की शक्ति का मुख्य आधार हैं. उन्होंने कहा कि वार्ड स्तर पर मजबूती से संगठन अपना काम कर रही है, इसमें ओर अधिक मजबूती प्रदान करनी होगी.वार्ड अध्यक्ष अपने-अपने वार्ड में सक्रियता और तेज करें, जिससे बूथ स्तर पर कांग्रेस जनों और आम लोगों में उत्साह बढ़े. इस बार के नगर निगम के होने वाले चुनाव में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित है.

संघठन के निर्देशित कार्यक्रमों में शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारियों की जगह पर संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं को बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी. जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह वार्ड अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि महागठबंधन सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर आम लोगों के बीच जाकर जनसंपर्क के माध्यम से जानकारी लेंगे एवं साथ ही संगठन को मजबूत एवं संबंध स्थापित कर सारे कार्यों को निष्पादन करेंगे. जिससे पार्टी की छवि और कांग्रेस जनों का आधार आम जनों के बीच मजबूत होगी. बैठक में धनबाद नगर कांग्रेस अध्यक्ष मृत्युजंय सिंह, भूली नगर कांग्रेस अध्यक्ष गंगा बाल्मिकी झरिया नगर कांग्रेस अध्यक्ष श्याम कुमार साव,कतरास नगर कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत कुमार पांडेय, केंदुंआ करकेंद नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद यादव, जियाउल हक, बशंत चौधरी, देवराज कुमार ,जितेंद्र राय, प्रकाश राम, साबीर अहमद,शैलेश कुमार, जयमंगल यादव, शक्ती कुमार, आकाश सिंह, आफताब आलम, चंदन मोदक, किसून कुमार दे, नारायण शौंडीक, इंम्तियाज अली, प्रेम कुमार,बिनोद कुमार सहित अन्य उपस्थित थे.

भाजपा पार्षद ललन मेहरा ने किया सड़क का शिलान्यास

शुभम संदेश। कुल्टी

कुल्टी के वार्ड 17 के राँचीग्राम स्थित गेस्ट हाउस से नया बस्ती काली मंदिर तक सडक निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया गया. पार्षद निधि मद से 7.30 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई. टेंडर होने एवं वर्क ऑर्डर मिलने के बाद स्थानीय भाजपा पार्षद ललन मेहरा ने कुदाल से मिट्टी खोदकर रोड निर्माण करने का शुभारंभ किया. पार्षद ललन मेहरा ने कहा कि राँचीग्राम इलाके में स्थित नया बस्ती में सैकड़ों की संख्या में दलित समाज के लोग रहते है, जो दैनिक मजदूरी कर जीविकापार्जन करते है. इस इलाके में रोड नहीं होने के कारण वर्षा के दिनों में कच्ची सड़कों पर कीचड़ पार कर लोगों को घर जाना पड़ता था. इस रोड के निर्माण को लेकर नगर निगम के मेयर से राशि स्वीकृत करने की मांग की, मेयर ने इस इलाके में कंक्रीट रोड निर्माण करने को लेकर 7 लाख 30 हजार रुपये स्वीकृत किया. इस रोड का निर्माण शुरू होने से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है. इस अवसर पर बच्चन यादव, अर्जुन दास, दशरथ यादव, गुड्डु दास, मुकेश यादव, बंशी पाण्डेय, अवधेश चतुर्वेदी, संतोषी देवी, सावित्री देवी सहित काफी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया.

आसनसोल

गोपाष्टमी पर निकली भव्य शोभायात्रा

गोपूजन के साथ स्वामी अन्नताचार्य ने बताया गोसेवा का महत्व

शुभम संदेश। बराकर

बराकर नदी तट स्थित देवदास स्मृति गोशाला के पिंजरापोल सोसायटी की ओर से गोपाष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया. इस अवसर पर बुधवार की सुबह गोशाला में विधि विधान से गोमाता की पूजा अर्चना की गई. इसके बाद दोपहर में वृंदावन के स्वामी अन्नताचार्य के नेतृत्व में बराकर मारवाड़ी पंचायती ठाकुरबाड़ी से गोशाला तक गाजे बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी. सैकडों की संख्या में समाज के लोग एवं बरकार पिंजरापोल सोसायटी के सदस्यों ने भाग लिया. शोभायात्रा के दौरान पुष्पवर्षा की गई एवं आरती की गयी. गौशाला परिसर में स्वामी अन्नताचार्य महाराज की ओर से गोसेवा को लेकर प्रवचन का कार्यक्रम किया गया. जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया. कुल्टी विधायक डॉ अजय पोदार को गोशाला कमिटी की ओर से सम्मानित किया गया. इस अवसर पर गोशाला कमिटी की ओर स्वामी जी को माला पहनाकर बिधायक अजय पोद्दार, अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल, सचिव अर्जुन अग्रवाल, बालमुकुंद अग्रवाल, रामरतन सिघानिया, सुभाष केडिया, श्री सुभाषरिया आदि ने स्वागत किया. स्वामी अन्नताचार्य ने सभी लोगों से गोसेवा करने की अपील की. उन्होंने गौ सेवा से मिलने वाले फल के बारे में जानकारी दी. उन्होंने कहा कि कलियुग में गोसेवा, गोदान एवं गोमाता की भोजन सामाग्री देने से पुण्य की प्राप्ति होती है. इस अवसर पर पिंजरापोल सोसाइटी के अध्यक्ष और सचिव ने मंच से अपने सम्बोधन मे गोशाला को लेकर चल रहे समाज में भ्रामक ओर गलत प्रचार की कड़ी आलोचना की.

गोपाष्टमी शोभायात्रा के साथ मेला शुरू

पुरुलिया। गोपाष्टमी के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय मेले से पहले बुधवार सुबह पुरुलिया गौशाला से रंगारंग शोभायात्रा निकाली गई. यह यात्रा क्षेत्र में परिक्रमा कर वापस लौटी. जानकारी के अनुसार इस शोभायात्रा में गोशाला प्रबंधन समिति के सदस्यों समेत कई लोग शामिल हुए. गोशाला में दो दिवसीय मेला आज से शुरू हो रहा है. आयोजकों ने बताया कि इस मेले में विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है. हर साल वे मेले के अवसर पर एक रंगीन जुलूस निकालते हैं. आज भी कई लोगों ने उस रंगीन जुलूस में भाग लिया.

पिंजरापोल का 74वां गोपाष्टमी मेला शुरू

रानीगंज। पिंजरापोल सोसाइटी रानीगंज शाखा की ओर से आयोजित 74वें वार्षिक मेले का शुभारंभ आज बड़े धूमधाम से हुआ. इस अवसर पर सुबह गौशाला परिसर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु, नगरवासी और गौभक्तों ने गोवंशों के साथ भाग लिया. गोमाता की जय के जयकारों से पूरा रानीगंज शहर गूंज उठा. शोभायात्रा एमसी रोड, बड़ा बाजार, थाना रोड और पीएन मालिया रोड होते हुए पुनः गौशाला पहुंची. इस दौरान इस्कॉन की ओर से प्रस्तुत भावनात्मक नाटक और भजन-कीर्तन, तथा श्याम बल मंडल एवं राणी सती सत्संग समिति की झांकी और महिलाओं की कीर्तन मंडली ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया. गौशाला परिसर में मेले के दौरान विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन से रानीगंज में श्रद्धा और उत्सव का वातावरण व्याप्त रहा.

जुआ अड्डे से सात गिरफ्तार, दस लाख से अधिक नकदी बरामद

रानीगंज। मंगलवार देर रात रानीगंज थाना क्षेत्र के बांसड़ा इलाके में स्थित एक ढाबे पर पुलिस ने छापेमारी कर जुआ खेलते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया. रानीगंज थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विकास दत्त के नेतृत्व में पुलिस की पीसी पार्टी ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की. छापेमारी के दौरान पुलिस ने जुए के बोर्ड से 10 लाख 3 हजार 100 नकद, 10 सेट ताश के पत्ते और 8 मोबाइल फोन जब्त किए. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दुर्गापुर रियल टाउनशिप के निवासी बाबिन, मंगलपुर के सुरजीत साना, एनएसबी रोड के वीरेंद्र कुमार , जमुरिया बाजार क्षेत्र के कालीप्रसाद जायसवाल, रानीगंज के पाली, तथा दुर्गापुर एबीएल टाउनशिप के गोबर्धन रेड्डी के रूप में हुई है.

पुलिस ने बुधवार को सभी आरोपियों को आसनसोल जिला अदालत में पेश किया. पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस कार्रवाई से क्षेत्र में संचालित अवैध जुआ नेटवर्क पर रोक लगाने में मदद मिलेगी.

ईसीएल चिकित्सा लाभ प्रकोष्ठ का कार्यकारी निदेशकों ने किया निरीक्षण

कर्मचारियों के लिए डिजिटल मेडिकल बिल ट्रैकिंग पोर्टल लांच

शुभम संदेश। सांकतोड़िया

विशेष अभियान 5.0 के तहत, बुधवार को ईसीएल के सीएमडी सतीश झा ने ईसीएल मुख्यालय स्थित नव-निर्मित सेवानिवृत्त पश्चात् चिकित्सा लाभ प्रकोष्ठ "सेवार्थ" का दौरा कर आधिकारिक निरीक्षण किया. इस अवसर पर उनके साथ ईसीएल के कार्यकारी निदेशकगण निदेशक (तकनीकी / संचालन) नीलाद्रि रॉय, निदेशक (वित्त) अंज़र आलम, निदेशक (मानव संसाधन) गुंजन कुमार सिन्हा तथा निदेशक (तकनीकी / परियोजना एवं योजना) गिरीश गोपीनाथन नायर उपस्थित रहे. वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत सुजाता दासगुप्ता, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन / पीआरएमबी), पीआरएमबी प्रकोष्ठ, ईसीएल द्वारा किया गया. निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं निदेशकों ने नवनिर्मित प्रकोष्ठ की सुविधाओं, अधोसंरचना तथा कार्य व्यवस्था का अवलोकन किया.

पूर्व में पीआरएमबी प्रकोष्ठ मुख्यालय भवन के चौथे तल पर स्थित था, जहाँ से कोल इंडिया लिमिटेड की सीपीआरएमएसई एवं सीपीआरएमएसएनई योजनाओं के अंतर्गत 21,000 से अधिक सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं लाभार्थियों को सेवाएँ प्रदान की जाती थीं. वरिष्ठ नागरिक लाभार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, यह नया प्रकोष्ठ "सेवार्थ" अब मुख्यालय भवन के भूतल पर स्थापित किया गया है, जिससे उन्हें अधिक सुगमता एवं बेहतर सुविधाएँ प्राप्त होंगी.

नव-निर्मित कार्यालय परिसर में तीन कक्ष, चार शौचालय एवं लाभार्थियों के लिए एक प्रतीक्षा कक्ष उपलब्ध कराया गया है. यह प्रकोष्ठ एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से सेवानिवृत्त चिकित्सा कार्ड निर्गमन एवं चिकित्सा बिल प्रसंस्करण की प्रक्रिया को बिल ट्रैकिंग पोर्टल से एकीकृत करते हुए अधिक कुशल और व्यवस्थित सेवा प्रदान करने हेतु तैयार किया गया है.

सीपीआरएमएस-एनई योजना के अंतर्गत पंजीकृत सेवानिवृत्त गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के लिए एक डिजिटल मेडिकल बिल ट्रैकिंग पोर्टल भी प्रारंभ किया गया है.

पुरुलिया के रामचंद्रपुर में नेताजी नेत्र चिकित्सालय

अंधेपन के अंधेरे में आशा की किरण

शुभम संदेश। सांकतोड़िया

नेताजी नेत्र चिकित्सालय पुरुलिया जिले के सांतुरी के रामचंद्रपुर में स्थित एक प्राचीन और प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सा संस्थान है. इसका नाम सुनते ही हजारों लोगों के मन में विश्वास और कृतज्ञता का भाव जाग उठता है. महान राष्ट्रवादी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रेरणा और आदर्शों पर स्वामी असीमानंद सरस्वती की पहल पर लगभग छह दशक पहले स्थापित इस अस्पताल की शुरुआत एक सीमित पैमाने पर हुई थी, लेकिन आज यह पश्चिम बंगाल के सबसे विश्वसनीय और मानवीय नेत्र उपचार केंद्रों में से एक बन गया है. समय के साथ, यह अस्पताल पुरुलिया की सीमाओं से परे, पश्चिम बंगाल राज्य में नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम बन गया है. आधुनिक तकनीक और अनुभवी डॉक्टरों की टीम की मदद से, यहाँ प्रतिदिन अनगिनत लोग अपनी खोई हुई दृष्टि वापस पा रहे हैं. नेत्र शल्य चिकित्सा और विभिन्न नेत्र संबंधी चिकित्सा सेवाओं में इस अस्पताल की गुणवत्ता, विशेषज्ञता और मानवीय दृष्टिकोण ने रोगियों के मन में एक विशेष विश्वास और सम्मान पैदा किया है. नेताजी नेत्र चिकित्सालय की एक बड़ी विशेषता इसकी पूर्णतः निःशुल्क चिकित्सा सेवाएँ हैं. यह समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए एक वरदान है. आज कई लोग, कई प्रसिद्ध और महंगे निजी अस्पतालों की बजाय इस ग्रामीण अस्पताल को चुन रहे हैं, क्योंकि यहाँ आधुनिक बुनियादी ढाँचे के साथ-साथ निःस्वार्थ सेवा का भाव है. अस्पताल के विशेष परिचालन अधिकारी डॉ. राजशेखर चक्रवर्ती ने बताया कि पहले की तुलना में इस अस्पताल में काफ़ी सुधार हुआ है, लेकिन परिवहन व्यवस्था अभी उस तरह विकसित नहीं हुई है, जिसकी वजह से मरीज़ों की संख्या में कुछ कमी है. अभी भी औसतन लगभग 300 से 400 मरीज़ हर रोज़ यहाँ इलाज के लिए आते हैं. नेताजी नेत्र चिकित्सालय आज केवल एक चिकित्सा केन्द्र नहीं रह गया है - यह एक पवित्र स्थान बन गया है जो हजारों लोगों की दृष्टि वापस लौटाता है.

द रॉयल अटलांटिस

यहां गेस्ट्स को दिए जाते हैं सोने की कंघी-ब्रश

दुबई के पास जुमेराह आइलैंड पर अटलांटिस द रॉयल नामक लग्जरी रिसॉर्ट बनाया गया है। इस रिसॉर्ट के नाम के साथ विश्व का मोस्ट अल्ट्रा लग्जरी एक्सपीरियंसल रिसॉर्ट का तमगा जुड़ा हुआ है। इस रिसॉर्ट की शुरुआत साल 2023 जनवरी में हुई थी। रिसॉर्ट को लग्जरी वेलनेस प्रोवाइड करने के मकसद से बनाया गया है।

लुई वितों, वेलेंटिनो जैसे ब्रांड भी यहां

रिसॉर्ट 6 अलग-अलग टावरों से मिलकर बना है। प्रत्येक टावर कुछ मंजिलों के ब्लॉक जैसा नजर आता है। 43 मंजिला यह रिसॉर्ट करीब 178 मीटर ऊंचा है। इसमें 795 लग्जरी कमरे हैं। इसमें करीब 44 पेंट हाउस व सुइट्स बनाए गए है। इसके साथ ही 17 से ज्यादा रेस्तरां बनाए गए है। इस रिसॉर्ट में 90 स्विमिंग पूल भी है, जो रिसॉर्ट की भव्यता को दर्शाता है। रिसॉर्ट में लुई वितो, वेलेंटिनो और डोल्बी एंड गबाना जैसे मशहूर टेक्सटाइल ब्रांड भी नजर आते हैं। एंट्रेस प्वाइंट पर पानी पर केंद्रित कई इंस्टॉलेशन डिजाइन किए गए हैं।

100 साल पुराने ऑलिव पेड़ का उपयोग

इस रिसॉर्ट में 17 रेस्तरां है, जो इसे प्लेनेट का सबसे बड़ा सेलेब्रिटी रेस्तरां कलेक्शन बनाता है। इसके साथ ही यहां 18 वें व 19वें फ्लोर पर रॉयल मेंशन नामक प्रायवेट सुइट है। इस दो मंजिला लग्जरी सुइट में एक इनफिनिटी पूल, पर्सनल थियेटर और लाइब्रेरी भी है। इसके प्रवेश द्वार को 100 साल पुराने ऑलिव पेड़ों से सजाया गया है। इस सुइट में 12-15 लोगों के रहने की व्यवस्था हो सकती है। यहां एक रात रुकने का किराया करीब 83 लाख रुपए है। यह दुनिया का सबसे महंगा लग्जरी सुइट बनाता है। यह सुइट करीब 11 हजार वर्गफीट में फैला हुआ है।

ज्वालामुखी के पत्थरों को सोने में डूबाकर देते हैं मसाज

यहां रॉयल कस्टमर्स के लिए हर्मीस द्वारा सोने के टूथब्रश, कंघी और रेजर बनाए गए हैं। रिसॉर्ट में 32 हजार वर्गफीट में वेलनेस एरिया है। यहां पर 24 कैरेट गोल्ड फेशियल और गोल्डन आवर मसाज आगंतुकों को दी जाती है। गोल्डन मसाज में ज्वालामुखी पत्थरों को सोने में डुबाया जाता है और सोने के अर्क वाले अरोमाथेरेपी ऑयल के साथ अरेबिक वेलनेस कल्चर के अनुसार शरीर पर मसाज की जाती है। यहां 3500 गैलन पानी से घिरी ग्लास लिफ्ट भी है और तीन मंजिला एक्वेरियम भी बनाया गया है, जिसमें 7200 समुद्री जीव है। एंट्रेस पर 37 फीट ऊंची स्टेनलेस स्टील की प्रतिमा ड्रॉपलेट्स है, जो रेगिस्तान की धरती पर बारिश की पहली बूंद गिरने को दर्शाती है।

ओपनिंग के लिए पॉप स्टार बियांसे को बुलाया

दुबई तो वैसे भी अपनी लग्जरी लाइफ और अमीरी के लिए जाना जाता है, यहां बनी बुर्ज खलीफा इमारत दुनियाभर में फेमस है, लेकिन इस बार दुबई का नाम एक अल्ट्रा लग्जरी होटल-रिजॉर्ट को लेकर चर्चा में है. दुबई में खुला अटलांटिस रॉयल होटल में एक रात का जितना किराया लगता है, उतने में आप चमचमाती मर्सिडीज कार खरीद सकते है. इस अल्ट्रा लग्जरी रिजॉर्ट की ओपनिंग सेरिमनी के दौरान प्रस्तुति के लिए ग्रैमी अवार्ड विजेता अमेरिकी पॉप गायक बियांसे को बुलाया गया था.

सागरदा फैमेलिया:

141 साल से बन रहा स्पेन का ये चर्च, बनने के बाद होगा विश्व का सबसे ऊंचा चर्च

बार्सिलोना मेगा प्रोजेक्ट के तैयार होने में 2-4 साल का समय लगाना तो आम बात है। लेकिन स्पेन के बार्सिलोना में एक ऐसी जगह है, जिस पर पिछले 141 सालों से काम चल रहा है। लेकिन अभी तक काम खत्म नहीं हुआ है। यह इमारत है सागरदा फैमिलिया नामक चर्च की। इस चर्च पर अभी भी काम चल रहा है। लेकिन फिर भी यह स्पेन के प्रमुख टूरिस्ट आकर्षणों में से एक है। साल 2026 तक इस चर्च का काम पूरा होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

सिविल वॉर और महामारी की वजह से प्रभावित हुआ काम

चर्च के बनने की शुरुआत 1882 में हुई थी। लेकिन कई कारणों से काम पूरा नहीं हो पाया। 1926 में एक चौथाई काम ही हुआ था कि काम पर पहला ब्रेक लग गया। क्योंकि इसके मुख्य आर्किटेक्ट एंटोनी गॉडी की मौत हो गई थी। साल 1939 में स्पेनिश सिविल वॉर की वजह से भी काम रुक गया। उस चर्च के मॉडल को नुकसान पहुंचाया था। चर्च के निर्माण कार्य से जुड़े 12 लोगों की जान भी गई थी। इसके बाद तानाशाह फ्रांसिस्को फ्रेंको के शासनकाल में भी इसके निर्माण की प्रगति प्रभावित हुई। साल 2007 में स्पेनिश सरकार ने इस चर्च के नीचे से हाईस्पीड रेल परियोजना लॉन्च की, जिससे इसके बनने पर प्रश्नचिन्ह खड़े हो गए। बाद में काम कोरोना महामारी आने तक चला।

एक बुकसेलर को आया था इसे बनाने का विचार

इस भव्य चर्च को बनाने का विचार बुकसेलर जोसेप मारिया बोकेबेला को आया था। वे पवित्र परिवार को समर्पित एक स्थल बनाना चाहते थे। इस विशाल चर्च में कुल 18 टावर बनने है। इनमें से 12 टावर जीसस क्राइस्ट के शिष्यों को समर्पित होंगे। वहीं चार टावर प्रचारकों, एक वर्जिन मैरी व मुख्य टावर ईसा मसीह को समर्पित होगा। चर्च के तीन अग्रभाग ईसा मसीह के जन्म, मृत्यु और पुनर्जन्म को प्रदर्शित करेंगे। इस चर्च के बनने के बाद यह दुनिया का सबसे ऊंचा चर्च बन जाएगा। टावर ऑफ जीसस क्राइस्ट की ऊंचाई 565 फीट होगी और बाकी टावर 442 फीट ऊंचे बनने है। चर्च की लंबाई 295 फीट और चौड़ाई 196 फीट है। यह चर्च यूनेस्को के विश्व विरासत स्थलों की सूची में भी शामिल है। क्रिसमस के दिनों में इस चर्च में खास सजावट की जाती है।

क्या आप जानते है कि ऊंचे बादल 5-14 किमी की ऊंचाई पर बनते हैं और इसमें सायरस जैसे बादल शामिल होते हैं। मध्य ऊंचाई के बादल 2-7 किमी की ऊंचाई पर बनते हैं। वहीं, कम ऊंचाई के बादल धरती की सतह से 2 किमी की ऊंचाई तक बनते है, जैसे स्ट्रेटस और क्यूम्यलस। ऊंचे बादलों में तापमान बहुत कम होता है क्योंकि ये बर्फ के क्रिस्टल्स से बने होते हैं। जैसे-जैसे ये बादल नीचे आते हैं, पानी की बूंदों में बदलते जाते हैं।

100 हाथियों के बराबर होता है बादलों का वजन

क्या कभी आपका भी मन हुआ है कि बादलों के संग उड़ते फिरें। या रूई से हल्के, मुलायम, सफेद बादलों पर चढ़कर कहीं सैर पर निकल जाएं। खासकर हवाई जहाज के सफर में जब प्लेन बादलों के बीच से गुजरता है, उस समय तो जानें कितने खयाल आते हैं। काश..खिड़की खोलकर इन बादलों पर कूद जाएं। या इन्हें एक बार छूकर ही देख लें। लेकिन अगर कोई बताए कि इन सपनीले बादलों का वजन सौ हाथियों के बराबर होता है..तो क्या आप विश्वास करेंगे। बादल पानी की छोटी बूंदों या बर्फ के छोटे क्रिस्टल से बने होते हैं। इनमें मौजूद पानी की बूंदें और बर्फ के क्रिस्टल इतने छोटे होते हैं कि जमीन से सफेद फूले हुए दिखाई देते हैं।बादल बनने की प्रक्रिया के बारे में तो ज्यादातर लोगों ने पढ़ा ही है। धरती के पानी के भाप बनकर ऊपर उठने, ठंडी हवा में बदलने और छोटे-छोटे पानी के कणों में इकट्ठा होने का परिणाम हैं ये बादल। यह प्रक्रिया धरती के जल चक्र का हिस्सा है।

कितना होता है बादलों का वजन

बादलों का वजन बेहद दिलचस्प विषय है। आमतौर पर उनकी हल्की फूली आकृति हमें ये मानने पर मजबूर कर देती है कि बादल एकदम हल्के फुल्के होते होंगे। लेकिन वास्तविकता इससे बहुत अलग है। असल में बादलों का वजन बहुत अधिक होता है। औसतन, एक क्यूम्यलस प्रकार का बादल लगभग 1.1 मिलियन पाउंड (लगभग 450,000 किलोग्राम या 450 टन) वजन का होता है। इसे सरल शब्दों में समझें तो यह पृथ्वी पर लगभग 100 हाथियों या तीन विशालकाय ब्लू व्हेल के वजन के बराबर होता है। दिखने में हल्के लगने वाले इन बादलों का भारीपन उनकी अदृश्य भौतिक संरचना का प्रमाण है। वैज्ञानिक बादल के वजन का अनुमान लगाने के लिए उसके घनत्व और आकार का उपयोग करते हैं। उदाहरण के लिए, एक साधारण क्यूम्यलस बादल में पानी की मात्रा लगभग 0.5 ग्राम प्रति घन मीटर होती है। यदि बादल 1 किलोमीटर लंबे, चौड़े, और ऊंचाई में हो, तो इसका कुल वजन 1.1 मिलियन पाउंड तक पहुंच सकता है। अब सवाल ये है कि बादलों के भारी होने के बावजूद वे आसमान में तैरते कैसे हैं। ये इसलिए संभव होता है क्योंकि गर्म हवा का प्रवाह और वायुमंडलीय दबाव बादलों को गिरने से रोकते हैं। इसके अलावा, जब बादलों में पानी की बूंदें आपस में मिलकर बड़ी हो जाती हैं तो वे आखिरकार बारिश या बर्फ के रूप में गिर जाती है।

क्यों हल्के नज़र आते हैं बादल

लौटते है बादलों के वजन पर। अगर बादल इतने भारी होते हैं तो हमें उनके हल्के होने का आभास क्यों होता है। ऐसा इसलिए है कि वो हमें आसमान में उड़ते नजर आते हैं। बादलों का घनत्व आसपास की हवा से कम होता है और वायुमंडलीय दबाव उन्हें सहारा देता है। बादलों का घनत्व हवा की तुलना में कम होने के कारण वे हवा से अधिक उत्प्लावन बल का अनुभव करते हैं। इसी कारण बादल अपने वजन को संतुलित कर पाते हैं और आस-पास की हवा से दूर तक उड़ते रहते हैं। तो अगली बार जब भी आप आसमान की तरफ देखें और आपको बादल नजर आएं तो याद करिएगा कि ये नर्म, मुलायम, सुंदर बादल असल में कितने भारी भरकम है।

क्या हैं क्यूम्यलस बादल

अब आपको क्यूम्यलस के बारे में बता दें। ये शब्द लैटिन भाषा से आया है, जिसका अर्थ है ढेर या संचित। बादल आमतौर पर सफेद, फूले हुए और किसी ढेर की तरह दिखते है। इनकी आकृति साफ-सुथरी और गोल, एक साथ ढेरी सारी होती है इसीलिए इनकी बनावट और संरचना के कारण इन्हें यह नाम दिया गया है। क्यूम्यलस बादल का आयतन करीब एक अरब घन मीटर होता है। अगर बादल के आयतन को पानी के घनत्व से गुणा किया जाए तो बादल का वजन मिलता है। क्यूम्यलस बादलों के कई प्रकार होते हैं जैसे कि क्यूम्यलस ह्यूमिलिस, क्यूम्यलस मेडिओक्रिस, क्यूम्यलस कॉन्जेस्टस, क्यूम्यलस रेडिएटस, क्यूम्यलस विरगा, क्यूम्यलस पैनस, क्यूम्यलस आर्कस, क्यूम्यलस टुबा, क्यूम्यलस पाइलस और क्यूम्यलस वेलम। इन बादलों का वर्गीकरण उनकी ऊंचाई, घनत्व, बनावट और वातावरण में उनकी संरचना के आधार पर किया जाता है। हालांकि सारे बादलों को क्यूम्यलस नहीं कहा जाता है। इनके अलावा, बादल कई अन्य प्रकार के भी होते हैं जैसे कि स्ट्रेटोक्यूम्यलस, स्ट्रेटस, और क्यूम्यलोनिम्बस आदि।

यहां मौजूद है दुनिया की सबसे छोटी गली, गिनीज रिकॉर्ड में भी है शामिल

जब कभी भी हम गलियों का जिक्र करते हैं तो हमारे जहन में लंबी और घुमावदार सड़कों की तस्वीर सामने आती है जो हमारे गांवों और शहरों का एक अहम हिस्सा होती है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि दुनिया में एक ऐसी भी गली हो सकती है जो इतनी छोटी हो कि उसमें से गुजरना मानो एक झटके में हो जाए। जी हां, आज हम आपको एक ऐसे ही गली के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है और जो दुनिया की सबसे छोटी गली मानी जाती है।

लंबाई मात्र 2.06 मीटर

दुनिया की सबसे छोटी गली ब्रिटेन में है। एबेनेजर प्लेस नाम की यह गली स्कॉटलैंड के कैथनेस के वीक में स्थित है। यह गली अपनी अनोखी लंबाई के कारण गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है, इसकी कुल लंबाई केवल 2.06 मीटर है। एबेनेजर प्लेस का केवल एक ही पता है, जो मैकेज होटल के हिस्से के रूप में नंबर वन बिस्ट्रो है।

दुनिया की सबसे छोटी गली का इतिहास

इस गली का निर्माण 1883 में हुआ था और इसे आधिकारिक तौर पर 1887 में गली का दर्जा दिया गया। स्थानीय परिषद ने होटल के छोटे किनारे को एक नई गली के रूप में मान्यता दी और श्री सिंकलेयर को इसका नाम रखने का निर्देश दिया। आपको बता दें, यह गली न केवल अपनी छोटी लंबाई के लिए जानी जाती है, बल्कि अपने ऐतिहासिक महत्व के कारण भी आकर्षण का केंद्र है।

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स मे दुनिया के अनगिनत अद्भुत और अनोखे रिकॉर्ड दर्ज किए जाते है जिसमें सबसे छोटी गली से लेकर सबसे बड़ी बिल्डिंग तक शामिल है। यह एक प्रतिष्ठित मंच है, जहां लोग अपने असाधारण कौशल उपलब्धियां या अनोखे कारनामों को दर्ज करवाने की कोशिश करते है। कई लोग इन रिकॉर्ड्स को तोड़ने और अपने नाम को अमर करने का प्रयास करते हैं, जिसमें कुछ सफल हो जाते हैं जबकि कई को असफलता का सामना भी करना पड़ता है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड आज भी लोगों के बीच एक बड़ा आकर्षण बना हुआ है।

मंथन

स्वास्थ्य व्यवस्था की भयावह लापरवाही पर सीएम सख्त

पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा सदर अस्पताल में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाया जाना झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गहरी चोट है. यह केवल एक चिकित्सा त्रुटि नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनहीनता और प्रशासनिक विफलता का चरम उदाहरण है. थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे बच्चे पहले से ही जीवन की कठिन जंग लड़ रहे हैं, ऐसे में उन्हें संक्रमित रक्त चढ़ाना अपराध से कम नहीं. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा सिविल सर्जन सहित जिम्मेदार अधिकारियों के निलंबन और जांच समिति के गठन से यह संकेत मिला है कि सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है. परंतु केवल निलंबन या जांच पर्याप्त नहीं. यह घटना राज्य के ब्लड बैंक प्रबंधन, जांच प्रक्रिया और संक्रमण नियंत्रण व्यवस्था की खामियों को उजागर करती है. रक्त जांच में लापरवाही का अर्थ है मानव जीवन से खिलवाड़, जिसके लिए कठोरतम जवाबदेही तय की जानी चाहिए. सरकार द्वारा प्रभावित बच्चों के इलाज और आर्थिक सहायता की घोषणा स्वागत योग्य है, लेकिन यह कदम पीड़ा की भरपाई नहीं कर सकता. ज़रूरत है कि झारखंड के सभी सरकारी अस्पतालों में रक्त जांच प्रणाली का व्यापक ऑडिट हो, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और नियमित मॉनिटरिंग की ठोस व्यवस्था बने. यह मामला सिर्फ चाईबासा का नहीं, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र को आईना दिखाता है. यदि अब भी सुधार नहीं हुआ, तो ऐसी त्रासदियां दोहराई जाती रहेंगी. जनजीवन से जुड़ी चिकित्सा सेवाओं में लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं- क्योंकि यहां गलती की कीमत किसी की ज़िंदगी होती है.

नजरिया

नकली दवाओं के कारोबार पर कड़ी लगाम की जरूरत

झारखंड में नकली और एक्सपायरी दवाइयों का कारोबार एक खतरनाक रूप ले चुका है. रांची और आसपास के इलाकों में नकली दवाइयों और कोडीनयुक्त कफ सिरप को भूमिगत रूप से फेंककर छिपाने की कोशिश इस बात का प्रमाण है कि दवा माफिया किस हद तक सक्रिय हैं. यह केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि जनता की जान से खिलवाड़ है. स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी देकर सही कदम उठाया है. राज्य में दवा नियंत्रण प्रणाली की कमजोरी और निरीक्षण व्यवस्था की शिथिलता ने इस अवैध कारोबार को बढ़ावा दिया है. नकली दवाएं किसी भी मरीज के लिए मौत का कारण बन सकती हैं- खासकर उन गरीब लोगों के लिए जो सरकारी अस्पतालों या दुकानों से सस्ती दवाओं पर निर्भर रहते हैं. ऐसे में, जिम्मेदारी केवल माफिया की नहीं, बल्कि उन अधिकारियों और चिकित्सकों की भी है जो लापरवाही या मिलीभगत से इन दवाओं को बाजार में आने देते हैं. सरकार को चाहिए कि राज्यभर में सभी दवा दुकानों, गोदामों और आपूर्ति श्रृंखलाओं की व्यापक जांच कराई जाए. औषधि नियंत्रण विभाग को ट्रैकिंग सिस्टम व नियमित सर्विलांस से लैस किया जाए, ताकि नकली दवाओं की जड़ तक पहुंचा जा सके. डॉ. अंसारी का सख्त संदेश सराहनीय है, पर यह केवल चेतावनी तक सीमित न रहे-बल्कि स्थायी नीति बने. क्योंकि स्वास्थ्य से जुड़ी लापरवाही न केवल अपराध है, बल्कि यह समाज के प्रति सबसे बड़ा अनैतिक कृत्य भी है.

आसियान में भारत की अति प्रभावी भूमिका

अरविंद जयतिलक

अमेरिकी टैरिफ से उपजे आर्थिक अस्थिरता के बीच मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में संपन्न आसियान शिखर सम्मेलन ढेर सारे निहितार्थों को समेटे हुए है. बदलते वैश्विक परिदृश्य के नजरिए से देखें तो आसियान सम्मेलन के जरिए भारत ने फिर अपनी प्रभावी भूमिका निरूपित की है. 22 वें आसियान शिखर सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कहा कि 21 वीं सदी भारत और आसियान की सदी है और साल 2026 आसियान-इंडिया इयर ऑफ मेरी टाइम कोऑपरेशन के रूप में मनाया जाएगा. मोदी का संबोधन रेखांकित करने के लिए पर्याप्त है भारत वैश्विक संगठन आसियान की सार्थकता और उपादेयता को लेकर बेहद गंभीर और सक्रिय है.

पीएम नरेंद्र मोदी का आसियान में संबोधन काफी असरदार रहा, खूब हुई तारीफ.

गौर करें तो आसियान भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का मुख्य आधार है जो शुरू से ही आसियान के वैश्विक उद्देश्यों का समर्थन करता है और दक्षिण-पूर्वी एशिया क्षेत्र की उन्नति का पक्षधर है. यहां ध्यान देने वाली बात है कि आसियान के 11 देशों (इंडोनेशिया, सिंगापुर, वियतनाम, मलेशिया, थाईलैंड, म्यांमार, ब्रूनेई, फिलीपींस, लाओस, कंबोडिया और तिमोर लेस्ट) के बीच समन्वय और साझेदारी विकसित करने के लिए भारत की भूमिका सराहनीय रही है. गौर करें तो आसियान के गठन का उद्देश्य ही दक्षिण-पूर्व एशिया में आर्थिक प्रगति को गति देना और उसके आर्थिक स्थायित्व को बनाए रखते हुए आपसी विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाना है.

भारत और आसियान देशों की कुल आबादी 2.13 बिलियन है. आसियान दुनिया का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक परिक्षेत्र भी है. इसका संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद 4.13 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है. वैश्विक आर्थिक रंगमंच पर आसियान की भूमिका कितनी प्रभावी है इसी से समझा जा सकता है कि विश्व के चार दर्जन गैर आसियान देशों और संगठनों ने जकार्ता स्थित आसियान के सचिवालय में अपने राजदूतों की नियुक्ति की है. आसियान का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है कि उसकी तुलना में आज उत्तरी अमेरिका और यूरोप की अर्थव्यवस्था धीमी गति से आगे बढ़ रही है वहीं पूर्वी यूरोप एवं रूस का आर्थिक ढांचा चरमराया हुआ है. दूसरी ओर अफ्रीका महाद्वीप में आर्थिक अस्थिरता का माहौल है. माना जा रहा है कि है कि आने वाले वर्षों में पूंजी निवेश की उपलब्धता के कारण यह क्षेत्र आधुनिकतम तकनीक एवं विज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी होगा. भारत और आसियान का द्विपक्षीय व्यापार तकरीबन 123 बिलियन डॉलर का है. दोनों के बीच 2010 में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट यानी एफटीए था. फिलहाल भारत इस एफटीए की समीक्षा करना चाहता है. इसलिए कि आसियान देशों के 40-60% के बनिस्बत भारत की तरफ से 71% उत्पादों पर टैक्स छूट दिए जाने से असंतुलन की स्थिति उत्पन हो गई है. गौर करें तो तमाम विसंगतियों और तनावों के बीच गुजरते वक्त के साथ आसियान की भूमिका व्यापक और प्रभावी हो रही है. माना जा रहा है कि 2050 तक यूरोपीय संघ, अमेरिका और चीन के बाद आसियान के चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था होने का अनुमान है.

भारत की बात करें तो पिछले डेढ़ दशक के दौरान आसियान देशों से भारत में छह लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया है. आज की तारीख में भारत का आसियान के साथ व्यापार, भारत के विश्व व्यापार का 11% से अधिक है. लेकिन यहां ध्यान देना होगा कि उस अनुपात में आसियान भारत में अपने विश्व व्यापार का सिर्फ 2% ही व्यापार करता है. ऐसे में भारत को व्यापारिक संतुलन स्थापित करने के लिए सेवा क्षेत्र में व्यापार के लिए ठोस पहल करनी चाहिए. लेकिन एक सच्चाई यह भी है कि आसियान देशों का झुकाव पश्चिमी देशों की ओर अधिक है.

गौर करें तो इंडोनेशिया के अलावा आसियान के अन्य सदस्य देश मसलन मलेशिया, सिंगापुर, फिलिपीन एवं थाईलैंड पश्चिमी देशों के साथ सुरक्षात्मक समझौते से जुड़े हुए हैं. उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के अनेक मुद्दों पर ही नहीं, बल्कि हिंदचीन मसले पर भी पश्चिमी शक्तियों का साथ दिया है. हालांकि मौजूदा परिस्थितियां अब पहले जैसी नहीं रही. आज भारत दुनिया के सबसे बड़ी उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और सभी क्षेत्रों में तेज गति से विकास कर रहा है. इससे प्रभावित होकर ही आसियान देशों ने जनवरी 1992 में 4 क्षेत्रों में 'क्षेत्रक वार्ताकार सहयोगी' और दिसंबर 1995 में 'पूर्ण वार्ताकार सहयोगी' का दर्जा दिया.

23 जुलाई, 1996 को भारत सामरिक दृष्टिकोण से बनाए गए आसियान क्षेत्रीय मंच (एआरएफ) का भी सदस्य बना. इसके अलावा आर्थिक सहयोग को क्रियान्वित करने के लिए संस्थागत कार्यप्रारूप उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत एवं आसियान ने 8 अक्टूबर,2003 को व्यापक समझौता यानी सीईसीए पर हस्ताक्षर किए. हालांकि भारत अभी एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग आयोग एवं प्रशांत आर्थिक सहयोग आयोग का सदस्य नहीं है फिर भी आसियान का सहयोगी वार्ताकार एव आसियान क्षेत्रीय मंच का सदस्य होने से इस क्षेत्र के सभी देशों से उसके संबंध मधुर हैं. भारत आसियान संबंधों की महत्वपूर्ण उपलब्धि दोनों पक्षों के बीच बैंकाक में 13 अगस्त 2009 को हुआ भारत-आसियान मुक्त व्यापार समझौता है जो 1 जनवरी 2010 से लागू है. इस समझौते में आपसी व्यापार की लगभग 80% वस्तुओं (कुल 4000) पर व्यापार शुल्क न्यूनतम स्तर पर करने पर सहमति हुई.

आसियान की पृष्ठभूमि पर नजर डालें तो यह 11 दक्षिण पूर्व एशियाई देशों का समूह है, जो आपस में आर्थिक विकास एवं समृद्धि को बढ़ावा देने और क्षेत्र में शांति तथा स्थिरता स्थापित करने के लिए काम करते हैं. इसकी स्थापना 8 अगस्त, 1967 को थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में की गयी. बदलते वैश्विक परिदृश्य में आसियान का मकसद पहले से कहीं ज्यादा व्यापक, प्रभावी और संतुलनकारी है.

आसियान की पृष्ठभूमि पर नजर डालें तो यह 11 देशों का समूह है, जो आपस में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए काम करते हैं. बदलते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में आसियान का मकसद पहले से कहीं ज्यादा व्यापक, प्रभावी और बेहद संतुलनकारी है.

आज का इतिहास

1485 : हेनरी टुडोर को इंग्लैंड का राजा बनाया गया.उन्होंने टुडोर वंश की स्थापना की.
1883 : स्वामी दयानंद सरस्वती का निधन.
1909 : भारतीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के जनक होमी जहांगीर भाभा का जन्म.
1945 : भारत संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना.
1956 : दिल्ली में अशोक होटल खुला. यह देश का पहला पांच सितारा होटल था.
1961: रूस ने हाइड्रोजन बम में विस्फोट किया, जिसपर दुनियाभर में रोषपूर्ण प्रतिक्रिया व्यक्त की गई.
1974 : मोहम्मद अली ने जार्ज फोरमैन को हरा विश्व हैवीवेट बाक्सिंग खिताब जीता.
1991: अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज बुश ने स्पेन में प. एशिया शांति सम्मेलन में अरब व इस्राइल को शांति के रास्ते चलने को कहा.
2008: असम के कई हिस्सों में एक के बाद एक कई बम धमाकों में 66 से अधिक व्यक्तियों की मृत्यु.

आप भी अपना ईश्वर प्रदत्त हुनर निखारिए, आगे बढ़िए

चिंतन

समुद्र के किनारे खड़े एक पेंगुइन ने जब ऊंचे आसमान में उड़ते बाज को देखा तो सोचने लगा-बाज भी क्या पक्षी है... कितनी शान से खुले आकाश में घूमता है...और एक मैं हूं जो चाहे जितना भी पंख फड़-फड़ा लूं ज़मीन से एक इंच ऊपर भी नहीं उठ पाता...

और ऐसा सोच कर वह कुछ उदास हो गया. ठीक इसी पल बाज ने भी पेंगुइन को नीचे समुद्र में तैरते हुए देखा...और सोचने लगा, ये पेंगुइन भी क्या कमाल का पक्षी है. जो धरती की सैर भी करता है और समुद्र की गहराइयों में गोता भी लगाता है, और यहाँ मैं बस यूँही इधर-उधर उड़ता फिरता हूं.

यह सोचते हुए बाज आकाश की ऊंचाइयों में खो गया और पेंगुइन समद्र की गहराइयों में. दोनों अपने मन में आए निगेटिव थॉट्स को भूल गए और बिना समय गंवाए भगवान की दी हुई उस ताकत को, उस शक्ति को प्रयोग करने लगे जिसके साथ वो पैदा हुए थे. सोचिए अगर वो बाज और पेंगुइन, बाज और पेंगुइन न होकर इंसान होते तो क्या होता? बाज यही सोच-सोच कर परेशान होता कि वो पानी के अन्दर तैर नहीं सकता और पेंगुइन दिन-रात बस यही सोचता कि काश वो आकाश में उड़ पाता. और इस चक्कर में वे दोनों ही अपनी-अपनी तात्कालिक ताकत या हुनर सही ढंग से इस्तेमाल नहीं कर पाते. काश हम इंसान भी इन पक्षियों से सीख पाते कि ईश्वर ने हर किसी में अलग-अलग गुण दिए हैं. हर किसी ने अलग-अलग क्षमताओं के साथ जन्म लिया है और हर इंसान किसी दूसरे इंसान से किसी ना किसी रूप में बेहतर है. लेकिन दुर्भाग्य से, बहुत से लोगों का ध्यान अपनी क्षमता की बजाय दूसरों की उपलब्धि पर ही लगा रहता है, जिसे देखकर वे जलते हैं और अपनी शक्ति गलत जगह लगाते हैं. दोस्तों, क्या आपको पता है कि आपमें सबसे अच्छी बात क्या है? क्या आपने कभी कोशिश की है उस ताकत को जानने और निखारने की, जिसके साथ ईश्वर ने आपको भेजा है? अगर नहीं की है तो करिए, उस ईश्वर प्रदत्त हुनर, उस ताकत को समझिए, अपनी ताकत को पहचानिए और उसे अपनी मेहनत से इतना निखारिए कि औरों की नज़र में आप एक सफल व्यक्ति बन पाएं या नहीं लेकिन अपनी और उस ऊपर वाले की नज़र में आप एक चैंपियन ज़रूर बन जाएं.

इंडिया पर ट्रेंडिंग

1. #SaveLivesWithFASTER
2. #ZeroGSTMeinSuperPlan
3. #SanatanDharma
4. Jago Hindu
5. Jan Jagran
6. AdityaBirla SunLifeInsurance
7. #RLP_Foundation_Day
8. #PuneethRajkumar
9. श्री गणेश
10. राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी

बहुरंग

कार्तिक की अगली रोमांटिक फिल्म पर आया बड़ा अपडेट

अभिनेता कार्तिक आर्यन की अगली फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' लगातार सुर्खियों का केंद्र बनी हुई है. लंबे समय से चर्चा में यह फिल्म आखिरकार रिलीज के करीब पहुंच चुकी है और मेकर्स ने इसके प्रमोशन्स को एक अनोखा और भावुक ट्विस्ट देने की तैयारी कर ली है. रिपोर्ट के अनुसार, सबसे पहले फिल्म का फर्स्ट लुक जारी होगा. तारीख भी उतनी ही स्पेशल रखी गई है. अनन्या पांडे के जन्मदिन, यानी 30 अक्टूबर को प्रशंसकों को फिल्म की पहली झलक देखने को मिलेगी. कहा जा रहा है कि यह मेकर्स की ओर से अनन्या के लिए एक प्यारा सा तोहफा होगा. वहीं कार्तिक आर्यन के जन्मदिन पर यानी 22 नवंबर को फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया जायेगा. मेकर्स इसे डबल सेलिब्रेशन बनाना चाहते हैं और स्टार को उनके बड़े दिन पर एक शानदार सरप्राइज देना चाहते हैं. फिल्म का निर्देशन समीर विद्वांस कर रहे हैं, जबकि करण जौहर, अदार पूनावाला, अपूर्वा मेहता और किशोर अरोड़ा के प्रोडक्शन के तले इसे बनाया जा रहा है. रोमांस, ड्रामा और स्टार पावर से सजी यह फिल्म 31 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. फैंस अब बस इंतजार कर रहे हैं उस दिन का, जब कार्तिक और अनन्या की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री एक बार फिर बड़े पर्दे पर चमकेगी.

प्रशांत वर्मा की 'महाकाली' का नया पोस्टर

तेजा सज्जा की ब्लॉकबस्टर 'हनुमान' देकर दर्शकों का दिल जीत चुके प्रशांत वर्मा अब अपनी अगली भव्य और ऐतिहासिक फिल्म 'महाकाली' से सिनेमाघरों में एक नए तूफान की तैयारी कर रहे हैं. इस प्रोजेक्ट को लेकर फिल्म जगत में पहले ही उत्साह चरम पर है. पिछले महीने जारी हुआ अक्षय खन्ना का शक्तिशाली फर्स्ट लुक, जिसमें वह शुक्राचार्य के रूप में नजर आए, सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था. अब निर्माताओं ने रोमांच का स्तर एक पायदान और ऊपर चढ़ा दिया है. प्रशांत वर्मा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करके सभी का ध्यान फिर से 'महाकाली' की ओर खींच लिया है. तस्वीर में सोने और कांच की चूड़ियों से सजा हुआ एक हाथ दिखाई देता है, मानो आग में तपकर शक्ति का रूप ले चुका हो. इस एक झलक ने ही दर्शकों की उत्सुकता को चरम पर पहुंचा दिया है, क्योंकि संकेत साफ है कि मंच तैयार है भारत की पहली महिला सुपरहीरो के आगमन के लिए. 'महाकाली' प्रशांत सिनेमैटिक यूनिवर्स की तीसरी फिल्म है. हालांकि निर्देशक की कुर्सी इस बार पूजा अपर्णा कोल्लुरु संभाल रही हैं, लेकिन कहानी और स्क्रीनप्ले की डोर अभी भी प्रशांत वर्मा के हाथों में है. यही वजह है कि इस फिल्म से भी उसी नएपन और बड़े विजन वाली सिनेमाई दुनिया की उम्मीद की जा रही है, जिसे दर्शक उनके पिछले काम में देख चुके हैं. हालांकि प्रमोशनल अपडेट्स लगातार आ रही हैं. मगर मेकर्स अभी तक इसकी रिलीज तारीख को गुप्त खजाने की तरह संभालकर बैठे हैं. यही रहस्य और जिज्ञासा इस फिल्म को और अधिक चर्चा में बनाए हुए है. बड़े सेट्स, पौराणिक कथानक और प्रभावशाली किरदारों से सजी 'महाकाली' को दर्शक अब सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक भव्य सिनेमाई अनुभव के रूप में देख रहे हैं. हर नया पोस्टर और अपडेट यह साफ कह रहा है कि प्रशांत वर्मा इस बार भी चौंकाने वाले हैं.



राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

मेष : व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी. पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा. कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी. शुभांक-2-4-6

वृष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें. रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी. कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे. स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा. शुभांक-3-5-7

मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. यात्रा शुभ रहेगी. काम को प्राथमिकता से करें. कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी. शुभांक-2-4-6

कर्क : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. मान-सम्मान बढ़ेगा. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. पारिवारिक विवाद टालें. अच्छे समय का इन्तजार करें. शुभांक-1-5-6

सिंह : लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा. व्यवसायिक अभ्युदय व प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी. सुख-सुविधा में वृद्धि होगी. शुभांक-3-5-7

कन्या : कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी. लाभमार्ग प्रशस्त होगा. नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी. कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा. शुभांक-3-4-7

तुला : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी.अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी ड्क्षचता रहेगी. शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. शुभांक-3-5-6

वृश्चिक : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा. कर्ज लेने से बचें. शुभांक-3-5-7

धनु : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे. सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी. आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी. यात्रा शुभ रहेगी. अपने काम पर पैनी नजर रखिए. विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा. शुभांक-2-4-6

मकर : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. शुभांक-1-5-8

कुंभ : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. शुभांक-3-5-7

मीन : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. समय आपके साथ है, किसी से मनमुटाव न करें, आगे बढ़ें. शुभांक-1-3-5

तलाक की खबरों पर माही विज ने तोड़ी चुप्पी, बोलीं- 'झूठी खबरें बंद करो'

टीवी की चर्चित जोड़ी जय भानुशाली और माही विज के तलाक की खबरों ने एंटरटेनमेंट गलियारों में हलचल मचा रखी है. फैंस के मन में बस एक ही सवाल घूम रहा है कि क्या सच में 14 साल पुरानी यह शादी अपनी मंजिल पर विराम लगा चुकी है. अफवाहों का ज्वार इतना तेज बढ़ा कि आखिरकार माही विज को सामने आकर अपना पक्ष रखना पड़ा. वायरल पोस्ट ने बढ़ाई बेचैनीसोशल मीडिया पर एक पोस्ट तेजी से वायरल होने लगी. उसमें दावा किया गया कि दोनों के रिश्ते की डोर टूट चुकी है और जुलाई-अगस्त 2025 के बीच तलाक के कागजों पर हस्ताक्षर भी हो चुके हैं. पोस्ट में यहां तक लिख दिया गया कि तीनों बच्चों की कस्टडी भी तय हो गई है. यह पढ़कर फैंस के दिल की धड़कन जैसे रुक गई हो. माही विज की सख्त प्रतिक्रियामाही ने उस वायरल पोस्ट पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए सीधे शब्दों में लिखा, ₹झूठी खबरें फैलाना बंद करें. इस पर मैं कानूनी कार्रवाई करूंगी.₹ इससे पहले जुलाई में भी जब तलाक की खबरें सामने आई थीं, तब माही ने कहा था कि उन्हें हर बात का स्पष्टीकरण देना जरूरी नहीं. कुछ रिपोर्ट्स का यह भी दावा है कि दोनों लंबे समय से अलग रह रहे हैं और रिश्ते को संभालने की कोशिशों के बावजूद बात आगे नहीं बढ़ पा रही. हालात चाहे जो भी हों, फैंस अब इस जोड़ी के खुशहाल भविष्य की उम्मीद में दुआएं कर रहे हैं. जय भानुशाली और माही विज ने 2011 में शादी की थी.

बॉक्स ऑफिस रिव्यू

'थामा' 100 करोड़ क्लब में शामिल, 'एक दीवाने की दीवानियत' की कमाई भी आ गई सामने

आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की 'थामा' का बॉक्स ऑफिस पर धमाका जारी है. रिलीज के महज 8 दिनों में फिल्म ने 100 करोड़ का जादुई आंकड़ा छू लिया है. दूसरी तरफ हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की रोमांटिक ड्रामा 'एक दीवाने की दीवानियत' भी धीरे-धीरे अपनी मोहब्बत की कमाई का सिक्का जमाती दिख रही है और रोज की कमाई में 'थामा' को कड़ी चुनौती दे रही है. मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की इस फिल्म ने वीकडेज में भी अच्छा प्रदर्शन किया है. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, 8वें दिन फिल्म ने 5.50 करोड़ रुपये की कमाई की. कुल कमाई अब 101.10 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है. बॉक्स ऑफिस की रफ्तार यूं ही बनी रही तो यह फिल्म जल्द ही 150 करोड़ क्लब में शामिल होती नजर आएगी. 30 करोड़ के बजट में बनी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' न सिर्फ अपना खर्च निकाल चुकी है, बल्कि हिट फिल्मों की कतार में भी शामिल हो गई है. 8वें दिन का कलेक्शन लगभग 4.35 करोड़ रुपये रहा. इस तरह कुल कमाई 49.35 करोड़ रुपये पर पहुंच गई है. दिलचस्प ट्विस्ट यह है कि रोजाना के कलेक्शन में यह फिल्म 'थामा' को लगभग बराबरी की टक्कर देते हुए आगे बढ़ रही है. दोनों फिल्मों ने मिलकर बॉक्स ऑफिस को दीवाना बना रखा है. दर्शकों की तालियां सुनाई दे रही हैं और काउंटर पर नोटों की बरसात सी हो रही है.

न्यूज अपडेट

गया में रील बनाने के चक्कर में दो किशोरों की हुई मौत, एक गंभीर

गया। गुरारू-इस्माइलपुर रेलखंड के शंकर बिगहा मंझियामा गांव के पास सोमवार को रील बनाने के दौरान दो किशोरों की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया. तीनों किशोर रेलवे ट्रैक पर मोबाइल से रील बना रहे थे, तभी दोनों दिशाओं से ट्रेन आने पर वे संभल नहीं पाए और हादसे का शिकार हो गए. छठ पर्व की खुशियां देखते ही देखते मातम में बदल गईं. मृतकों की पहचान राजीव कुमार (12) निवासी कोंच पाली और गौतम कुमार (14) निवासी परैया खगड़ी बिगहा के रूप में हुई है. गंभीर रूप से घायल विपिन कुमार (14) परैया पराणपुर का रहने वाला है. तीनों किशोर छठ पूजा पर मंझियामा गांव अपने मामा सुरेंद्र पासवान के घर आए हुए थे. स्थानीय लोगों की मदद से घायल को पहले गुरारू के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, बाद में उसे गया मगध मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया. हादसे के बाद गांव में मातम छा गया. मृतकों में एक सुरेंद्र पासवान का भांजा और एक नाती बताया जा रहा है.

फर्जी आईपीएस बनकर देव सूर्य मंदिर में दिखा रहा था रौब, गिरफ्तार

औरंगाबाद । प्रसिद्ध देव सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर के दर्शन करने पहुंचे भोजपुर निवासी आशीष कुमार नामक युवक को पुलिस ने फर्जी आईपीएस अधिकारी बनकर धौंस दिखाने के आरोप में गिरफ्तार किया है. बताया जा रहा है कि अधिक भीड़ के कारण दर्शन न मिल पाने पर उसने खुद को आईपीएस बताकर सीधे औरंगाबाद एसपी को फोन किया और वीआईपी दर्शन की व्यवस्था करने को कहा. एसपी के आदेश पर नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने उसे दर्शन कराया, लेकिन उसकी गतिविधियाँ संदिग्ध लगने पर थानाध्यक्ष ने गुप्त जांच शुरू की. जांच में उसके फर्जी होने की पुष्टि होते ही पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया. पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आशीष कुमार सोमवार से ही औरंगाबाद में खुद को आईपीएस बताकर पुलिसकर्मियों पर रौब जमा रहा था. उसने कई महिला पुलिसकर्मियों को शादी का प्रलोभन दिया और कुछ लोगों से पैसे उगाहने की भी कोशिश की थी. फिलहाल पुलिस आरोपी से गहराई से पूछताछ कर रही है और उसके नेटवर्क की जांच में जुटी है.

सड़क हादसे में डीटीओ, सीओ और ओएसडी गंभीर रूप से घायल हुए

बेगूसराय। सिंघौल थाना क्षेत्र स्थित एनएच-31 पर बुधवार की अहले सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हुआ, जिसमें जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) राजीव कुमार, सदर अंचलाधिकारी (सीओ) राहुल कुमार और ओएसडी रंजीत कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए. जानकारी के अनुसार, तीनों अधिकारी एक ही वाहन से सिमरिया घाट के निरीक्षण से लौट रहे थे. इसी दौरान रास्ते में उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जोरदार टक्कर खा गई. टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. हादसे में सीओ राहुल कुमार के दोनों हाथों में फ्रैक्चर आ गया, जबकि डीटीओ राजीव कुमार के पैर और रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोटें आई हैं. ओएसडी रंजीत कुमार को हल्की चोटें पहुंची हैं. स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत बेगूसराय के ग्लोकल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है.

सिवान के रघुनाथपुर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजद पर साधा निशाना, कहा

खानदानी अपराधियों को सत्ता में नहीं आने देना है

शुभम संदेश। सिवान

बिहार विधानसभा चुनाव के बीच बुधवार को सिवान के रघुनाथपुर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित किया. शहाबुद्दीन के गढ़ माने जाने वाले इस क्षेत्र में योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर तीखा प्रहार किया. उन्होंने कहा कि बिहार में कुछ माफिया, खानदानी अपराधी और भ्रष्टाचारियों ने मिलकर महागठबंधन बना लिया है, लेकिन जनता अब अपराध और भ्रष्टाचार से मुक्त शासन चाहती है. इस दौरान सभा स्थल 'जय श्रीराम' के नारों से गूंज उठा. योगी आदित्यनाथ ने बिना नाम लिए राजद उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्होंने कभी अपराध को राजनीति का आधार बनाया, वे अब फिर से बिहार को अंधकार की ओर ले जाने की कोशिश कर रहे हैं. लेकिन बिहार की जनता अब जाग चुकी है. "किसी भी हालत में माफियाओं, खानदानी अपराधियों और भ्रष्टाचारियों को सत्ता में नहीं आने देना है," उन्होंने कहा.

उन्होंने धर्म और विकास दोनों मुद्दों पर विपक्ष को घेरते हुए कहा कि राजद ने राम मंदिर आंदोलन के समय 'राम रथ यात्रा' को रोकने का पाप किया था. "यूपी में समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाई थीं, जबकि बिहार में राजद ने भगवान राम के नाम पर चल रहे आंदोलन को दबाने का प्रयास किया था," योगी ने कहा.

योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष की राजनीति को अपराध, तुष्टिकरण और वोट बैंक तक सीमित बताया. उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने बिहार और उत्तर प्रदेश दोनों जगह सम्मान और स्वाभिमान की पहचान वापस दिलाई है. "बिहार विकास की नई रफ्तार से आगे बढ़ रहा है. 6,100 करोड़ की लागत से अयोध्याधाम को सीतामढ़ी से जोड़ने वाले राम-जानकी मार्ग का निर्माण युद्धस्तर पर जारी है. यह केवल सड़क नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक एकता का प्रतीक है." योगी ने दावा किया कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है. "जो बच जाता है, यूपी का बुलडोजर उसे पूरा कर देता है," यह कहते ही सभा तालियों और नारों से गूंज उठी. उन्होंने कहा कि आज बिहार में एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज और गरीब कल्याण योजनाओं की बाढ़ है. डबल इंजन की सरकार ने गरीबों के घर, युवाओं के रोजगार और किसानों की समृद्धि के लिए ठोस कदम उठाए हैं. उन्होंने कहा कि बिहार में अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस का संदेश स्पष्ट हो चुका है. राजद और सपा पर अराजकता की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि "इन दलों ने जनता को भ्रम में रखकर केवल अपने परिवार का भला किया, लेकिन अब जनता विकास की राजनीति को चुन चुकी है." युवाओं को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि पहचान की लड़ाई अब खत्म हो चुकी है. "आज हर बिहारी अपने गौरव और स्वाभिमान के साथ देश-दुनिया में जाता है. यही नए भारत और नए बिहार की पहचान है." सभा के अंत में योगी आदित्यनाथ ने अपील की कि "नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार को फिर से बहुमत दिलाएं, ताकि बिहार में विकास की गंगा बहे और अपराध पर बुलडोजर चलता रहे." सभा मंच पर सिवान की सांसद विजयलक्ष्मी कुशवाहा, रघुनाथपुर से जदयू प्रत्याशी विकास कुमार सिंह, दरौली से लोजपा (आर) प्रत्याशी विष्णु देव पासवान, भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी सहित एनडीए के सभी घटक दलों के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे.

40 ग्राम स्मैक के साथ नशे का सौदागर गिरफ्तार

अररिया। नगर थाना पुलिस ने 40 ग्राम स्मैक,नगद 2 लाख 63 हजार 556 रूपये, चार मोबाइल, एक एल्युमिनियम फॉइल और एक डिजिटल वेट मशीन के साथ नशे के सौदागर अमजद अली उर्फ रिंकू को गैयारी गांव में वार्ड संख्या दो से गिरफ्तार किया है. जानकारी बुधवार को एसपी अंजनी कुमार ने दी. एसपी ने बताया कि नगर थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर संजीव कुमार को गुप्त सूचना मिली कि अमजद अली नामक व्यक्ति अवैध रूप से स्मैक का कारोबार सिसौना गैयारी वार्ड संख्या 2 स्थित अपने घर से अपने सहयोगी गुलशन कुमार के साथ मिल कर करता है. सूचना पर छापामारी दल अमजद अली के घर के पास पहुंची, और एक को पकड़ लिया गया. वहीं दूसरा व्यक्ति मौके से फरार हो गया. पकड़े गए व्यक्ति का नाम अमजद अली था. तलाशी लेने पर उसके घर के कमरे से काले रंग के प्लास्टिक की पन्नी से कुल 40 ग्राम स्मैक, घर के फ्रीज से 2 लाख 63 हजार 556 रुपये,एक डिजिटल वेट मशीन, चार मोबाइल एवं एक रोल एल्युमिनियम फॉइल बरामद हुआ.

बिहार विधानसभा चुनावः ललन सिंह का विपक्ष पर तीखा हमला, कहा

महागठबंधन का घोषणा पत्र बेअसर

शुभम संदेश। मुंगेर

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी पारा लगातार चढ़ता जा रहा है. मतदान की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है. राज्य में पहले चरण का मतदान 6 नवंबर को जबकि दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होना है. इसी बीच चुनाव प्रचार अभियान अपने चरम पर है. एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री और मुंगेर के सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला. मुंगेर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए ललन सिंह ने महागठबंधन के घोषणा पत्र को 'बेअसर' बताया. उन्होंने कहा कि जिन्हें जनता की सेवा का कोई इरादा ही नहीं है, उनके घोषणा पत्र की कोई अहमियत नहीं होती. ललन सिंह ने कहा कि बिहार की जनता तेजस्वी यादव को अच्छी तरह जानती है और उनके माता-पिता के शासनकाल में बिहार ने क्या देखा, यह सबको मालूम है. उन्होंने दावा किया कि इस बार भी बिहार की जनता एनडीए के साथ है और राज्य में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनेगी.

असदुद्दीन ओवैसी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए ललन सिंह ने कहा कि ओवैसी का बिहार की राजनीति में कोई महत्व नहीं है. ओवैसी ने हाल ही में कहा था कि "लालू के राज में भी जंगलराज था और नीतीश के राज में भी." इस पर पलटवार करते हुए ललन सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार में अल्पसंख्यक समाज के उत्थान के लिए जो कार्य किए हैं, वह पूरे देश के लिए एक मिसाल हैं. उन्होंने शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में अल्पसंख्यकों के हित में ठोस कदम उठाए हैं. ललन सिंह ने आगे कहा कि "ओवैसी साहब हैदराबाद से आकर जो भी बयान देते हैं, उसका बिहार की राजनीति पर कोई असर नहीं पड़ने वाला." उन्होंने दावा किया कि बिहार की जनता विकास और स्थिरता चाहती है, न कि नकारात्मक राजनीति. ललन सिंह बुधवार को अपने चुनावी दौरे के तहत मुंगेर, जमालपुर और तारापुर विधानसभा क्षेत्रों में एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएं और जनसंपर्क अभियान चलाएंगे. उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने बिहार के विकास के लिए जो काम किए हैं, वे जनता के सामने हैं और जनता एक बार फिर नीतीश कुमार के नेतृत्व में भरोसा जताएगी.

तेज प्रताप महुआ में मो हुसैन की अंतिम यात्रा में हुए शामिल

वैशाली। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के प्रचार का आखिरी दौर तेज़ी पर है. सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, सभी नेता ताबड़तोड़ जनसभाएं कर रहे हैं. इसी बीच जनशक्ति जनता दल के सुप्रीमो और लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव एक बार फिर सुर्खियों में हैं. तेज प्रताप यादव, जो इस बार महुआ विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं, ने बुधवार को अपने व्यस्त चुनावी कार्यक्रम के बीच इंसानियत की मिसाल पेश की. महुआ के डोगरा गांव के निवासी मोहम्मद हुसैन के निधन की खबर मिलते ही तेज प्रताप यादव ने अपना मधेपुरा का जनसभा कार्यक्रम रद्द कर दिया और सीधे हेलीकॉप्टर से महुआ पहुंचे. हुसैन की अंतिम यात्रा में शामिल होकर तेज प्रताप यादव ने न केवल कंधा लगाया बल्कि कब्र पर मिट्टी डालकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी. स्थानीय लोगों ने उनके इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि तेज प्रताप भले ही पार्टी और परिवार से अलग हों, लेकिन वे अपने लोगों से जुड़े हुए हैं. चुनावी हलचल के बीच तेज प्रताप यादव का यह मानवीय चेहरा एक अलग ही संदेश दे रहा है.

बिहार विधानसभा में चुनाव लड़ रहे 40 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति

संवाददाता । पटना

बिहार की राजनीति में धन और बाहुबल का बोलबाला जारी है. एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिंक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ताजा जारी रिपोर्ट के अनुसार बिहार विधानसभा में चुनाव लड़ रहे 519 उम्मीदवार यानी 40 प्रतिशत करोड़पति हैं. जिनकी औसत संपत्ति 3.26 करोड़ है. वहीं, शैक्षिक रूप से 519 उम्मीदवार (40 प्रतिशत) केवल 12वीं तक ही पढ़े हैं, जबकि 651 (50 प्रतिशत) स्नातक या स्नातकोत्तर हैं. कुल उम्मीदवारों में से केवल 9 प्रतिशत महिलाएं हैं. मुंगेर के तारापुर से चुनाव लड़ रहे उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 11.5 करोड़ की संपत्ति घोषित की है, जो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से छह गुना अधिक है. उनके पास 9.29 करोड़ की अचल संपत्ति और कामराज विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि है. उनकी पत्नी ममता ने 2024-25 12.73 लाख कमाए, जिनकी कुल संपत्ति 1.35 करोड़ है. दंपति के पास कुल मिलाकर 400 ग्राम सोना, 500 ग्राम चांदी, 7 लाख की एक बोलेरो कार और दो लाइसेंसी हथियार, एक राइफल और एक रिवॉल्वर, कुल मिलाकर 6 लाख की संपत्ति है. लखीसराय से चुनाव लड़ रहे दूसरे उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने 1.01 करोड़ की चल संपत्ति और 3.2 करोड़ की अचल संपत्ति घोषित की है. उनकी पत्नी सुशीला देवी 2.81 करोड़ की चल संपत्ति और 4.59 करोड़ की अचल संपत्ति के साथ उनसे आगे हैं. उनके पति के पास 90 ग्राम सोने की तुलना में उनके पास 450 ग्राम सोना भी है. परिवार के गैराज में एक महिंद्रा एक्यूवी-700 और एक बोलेरो शामिल है, जबकि दंपति पर कुल मिलाकर लगभग 22.65 लाख का कर्ज है. गया शहर से चुनाव लड़ रहे वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम कुमार ने 3.16 करोड़ की संपत्ति घोषित की है. उनके और उनकी पत्नी प्रभावती देवी के पास कुल मिलाकर 1 किलो से ज़्यादा सोना और 10.5 किलो चांदी के अलावा 8.36 लाख की एक टाटा सफारी भी है. उनके पास 10 लाख मूल्य की तीन लाइसेंसी बंदूकें भी हैं. बेतिया से चुनाव लड़ रही मंत्री रेणु देवी ने 5.5 करोड़ की संपत्ति घोषित की है, जिसमें पटना, बेतिया और कोलकाता की संपत्तियां शामिल हैं. उनके पास 510 ग्राम सोना, दो कारें (इनोवा और स्कॉर्पियो) और 1.3 लाख से ज़्यादा मूल्य की लाइसेंसी बंदूकें हैं. उन पर कुल 5.46 लाख का कर्ज़ है. सीवान सदर से भाजपा नेता मंगल पांडे पर तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं. उनकी कुल संपत्ति 2.86 करोड़ है, जो उनकी पत्नी के साथ साझा की गई है. उनके पास कुल मिलाकर लगभग 1 किलो सोना, 7 किलो चांदी, एक टाटा सफारी और दो आग्नेयास्त्र हैं.

कारोबार

सोना 12,700 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता हुआ, निवेशक चिंतित

नयी दिल्ली। सोने की कीमतों में हाल के दिनों में भारी गिरावट देखने को मिल रही है. सोना अपने ऑल-टाइम हाई स्तर से करीब 12,700 रुपये प्रति 10 ग्राम नीचे आ चुका है, जिससे निवेशकों में चिंता बढ़ गई है.

कुछ हफ्ते पहले तक सोने के लगातार बढ़ते दामों से मुनाफा कमाने वाले निवेशक अब कीमतों में गिरावट से नुकसान झेल रहे हैं. जानकारी के मुताबिक, सोने का भाव अपने रिकॉर्ड स्तर 1,32,294 रुपये प्रति 10 ग्राम से गिरकर अब लगभग 1,19,351 रुपये पर आ गया है. यानी सोना करीब 9.7% टूट चुका है. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर दिसंबर डिलीवरी वाला सोना पिछले सत्र में 1,19,646 रुपये पर बंद हुआ था और आज 1,19,647 रुपये पर सपाट खुला. शुरुआती कारोबार में सोने ने 1,20,230 रुपये का उच्च और 1,19,351 रुपये का निम्न स्तर छुआ. दोपहर 12:10 बजे तक सोना 541 रुपये की तेजी के साथ 1,20,187 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा था. चांदी के भाव में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिला. मंगलवार को चांदी 1,633 रुपये की तेजी के साथ 1,45,975 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई. हालांकि, बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि फिलहाल सोने-चांदी में अस्थिरता बनी रहेगी, क्योंकि वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता बढ़ी हुई है. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कीमती धातुओं पर दबाव देखा जा रहा है. ग्लोबल मार्केट में सोना 4,000 डॉलर प्रति औंस और चांदी 47 डॉलर से नीचे आ गई है.

आईएमएफ ने एक बार फिर बढ़ाया भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान, कहा

भारत की अर्थव्यवस्था का आधार मजबूत है

एजेंसी। नयी दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने एक बार फिर भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर अपने अनुमान में सुधार किया है. संस्थान ने कहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था 2025-26 में 6.6 प्रतिशत की दर से विकास कर सकती है. यह दर अमेरिका (1.9%) और चीन (4.8%) से कहीं अधिक है. इससे पहले अप्रैल 2024 में आईएमएफ ने भारत की विकास दर क्रमशः 6.2 और 6.3 प्रतिशत बताई थी, जिसे जुलाई में बढ़ाकर 6.4 प्रतिशत किया गया था. अब एक बार फिर आईएमएफ ने भारत की आर्थिक स्थिति को देखते हुए अनुमान को बढ़ा दिया है. आईएमएफ का कहना है कि भारत की अर्थव्यवस्था का आधार मजबूत है और इसका बड़ा कारण देश का आंतरिक बाजार है. जब दुनिया अमेरिकी टैरिफ और व्यापारिक तनावों से जूझ रही थी, तब भारत ने अपने घरेलू उपभोग और उत्पादन के बल पर विकास की गति बनाए रखी. घरेलू मांग में मजबूती ने भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक मंदी के प्रभाव से बचाए रखा है. भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और आर्थिक विशेषज्ञ डॉ. गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था निरंतर प्रगति कर रही है. उन्होंने बताया कि पेट्रोल-डीजल की खपत, बिजली की मांग, सीमेंट और स्टील उत्पादन में वृद्धि जैसे संकेतक इस बात की पुष्टि करते हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से विस्तार कर रही है. डॉ. अग्रवाल ने कहा कि 2023 से ही वे यह बात कह रहे थे कि भारत वैश्विक मंदी के बावजूद दुनिया के विकास का इंजन बनेगा और आज के आंकड़े इसे सही साबित कर रहे हैं. भारत के सेवा क्षेत्र में निरंतर वृद्धि हो रही है. देश के अंदर और विदेशों में रोजगार के अवसर बढ़ने से उद्यमियों द्वारा निवेश में तेजी आई है. इससे रोजगार सृजन के साथ-साथ उपभोग भी बढ़ा है, जो अर्थव्यवस्था को और मजबूत बना रहा है. डॉ. अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार ने यह साबित किया है कि टैक्स दरों में कमी करके भी आर्थिक विकास को गति दी जा सकती है. 12 लाख रुपये तक की आय को लगभग करमुक्त करने और जीएसटी दरों में भारी कमी से लोगों के हाथ में अधिक पैसा बचा, जिससे बाजार में खपत और बिक्री दोनों बढ़ी हैं.

दिवाली सीजन में करीब 5.5 लाख करोड़ रुपये की वस्तुओं की रिकॉर्ड बिक्री हुई. वाहन कंपनियों मारुति, टाटा और होंडा ने भी अनुमान से अधिक बिक्री दर्ज की. महंगाई दर में कमी ने आम उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति को बढ़ाया है. इसके चलते रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने रेपो दरों में कटौती की, जिससे कर्ज सस्ता हुआ और उपभोक्ताओं की ईएमआई घट गई. इसका सीधा असर बाजार में सकारात्मक माहौल के रूप में दिखा.

आरबीआई के हालिया आंकड़ों के अनुसार, सितंबर 2025 में व्यवसायियों द्वारा लिए गए कर्ज की मात्रा पिछले वर्ष की तुलना में अधिक रही. यह संकेत है कि उद्योगपतियों का अर्थव्यवस्था पर भरोसा बढ़ा है और वे निवेश बढ़ाने के लिए तैयार हैं. इससे आने वाले समय में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे. भारत का आंतरिक बाजार जितना मजबूत हो रहा है, उतना ही वह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को भी प्रभावित कर रहा है. सौर ऊर्जा, फार्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स, सॉफ्टवेयर और मशीनरी जैसे क्षेत्रों में भारत चीन, जापान, अमेरिका और जर्मनी से आयात करता है. विकास की रफ्तार जारी रहने से भारत इन देशों से अधिक आयात करेगा, जिससे वैश्विक मांग भी बनी रहेगी. आईएमएफ और विश्व बैंक का मानना है कि आने वाले वर्षों में भारत न केवल अपनी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेगा, बल्कि दुनिया भर के देशों के लिए विकास का प्रमुख इंजन भी बनेगा.

दो हजार टन क्षमता वाला देश का पहला बैटरी आधारित मालवाहक जहाज 2026 तक समुद्र में उतरेगा

नयी दिल्ली। देश को हरित और स्थायी ऊर्जा साधनों में सक्षम बनाने के प्रयासों के तहत केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है. देश का पहला बैटरी आधारित मालवाहक जहाज जल्द ही तैयार हो रहा है और इसे 2026 तक समुद्र में उतारा जाएगा. लगभग दो हजार टन क्षमता वाला यह जहाज मुंबई में निर्मित किया जा रहा है. केंद्रीय पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बताया कि यह जहाज डीजल-इलेक्ट्रिक तकनीक पर आधारित होगा. जहाज में डीजल से बिजली उत्पन्न होगी और इसे बैटरी में संग्रहित किया जाएगा, जो आगे चलाकर जहाज को चलाने में मदद करेगी. यह तकनीक भारत में पहली बार बड़े मालवाहक जहाज में लागू की जा रही है. अब तक यह प्रणाली केवल छोटे जहाजों तक ही सीमित थी. एसएसआर मरीन प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर (ऑफ ऑपरेशन) संजीव के अग्रवाल ने कहा कि यह जहाज पूरी तरह से देश में निर्मित होगा. इसके अलावा, इसे केवल माल ढुलाई के लिए ही नहीं, बल्कि रक्षा क्षेत्र में भी इस्तेमाल किया जा सकेगा. इस परियोजना के जरिए भारत समुद्री परिवहन में हरित तकनीक को बढ़ावा देगा और ऊर्जा की खपत को भी कम करेगा. यह पहल देश को हरित ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ाने और समुद्री उद्योग में नई तकनीकों को अपनाने में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी.

कच्चे तेल की खरीद तकनीकी-व्यावसायिक आधार पर

नयी दिल्ली। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने स्पष्ट किया है कि उसकी कच्चे तेल की खरीद पूरी तरह तकनीकी और व्यावसायिक व्यवहार्यता पर आधारित होती है. कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संजय खन्ना ने कहा कि बीपीसीएल रूस सहित दुनिया के किसी भी भौगोलिक क्षेत्र से तेल खरीदती है और रिफाइनरी के लिए जो तेल सबसे अधिक व्यवहार्य हो, वही चुना जाता है. खन्ना ने आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में रामायपटनम पोर्ट के पास प्रस्तावित ग्रीनफील्ड रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के लिए विस्तृत व्यवहार्यता रिपोर्ट (डीएफआर) तैयार किए जाने की जानकारी दी. परियोजना के लिए आवश्यक पर्यावरणीय मंजूरियां भी जारी हैं. पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कच्चे तेल का आयात निर्णय कंपनी स्तर पर लिया जाता है, न कि देश स्तर पर. कंपनियां कानून के अनुसार सबसे किफायती और उपयुक्त तेल चुनती हैं. सरकार ने किसी भी तेल आयातक को रूस से तेल खरीदने या न खरीदने का निर्देश नहीं दिया है. खन्ना ने आगे बताया कि बीपीसीएल ने प्रधानमंत्री के 2070 तक नेट जीरो लक्ष्य के अनुरूप 2040 तक नेट जीरो की विस्तृत योजना तैयार की है.

सफलता

अमेरिका की एआई चिप निर्माता कंपनी एनवीडिया ने रच दिया नया इतिहास

कंपनी का मार्केट कैप पहुंचा 5 ट्रिलियन डॉलर के पार

एजेंसी। नयी दिल्ली

अमेरिका की एआई चिप निर्माता कंपनी एनवीडिया ने इतिहास रच दिया है. मंगलवार को कारोबार के दौरान कंपनी का मार्केट कैप 5 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच गया, जिससे एनवीडिया यह मुकाम हासिल करने वाली दुनिया की पहली कंपनी बन गई. इस उपलब्धि के साथ एनवीडिया का मार्केट कैप अब भारत की जीडीपी (4.19 ट्रिलियन डॉलर) से भी अधिक हो गया है. कंपनी के शेयरों में यह उछाल अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक बयान के बाद देखने को मिला. ट्रंप ने कहा कि वह इस हफ्ते होने वाली चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बैठक में एनवीडिया की ब्लैकवेल चिप पर चर्चा करेंगे. ट्रंप ने यह भी बताया कि एनवीडिया के सीईओ और फाउंडर जेंसन हुआंग ने हाल ही में ओवल ऑफिस में उन्हें ब्लैकवेल चिप भेंट की थी. ट्रंप के इस बयान के बाद एनवीडिया के शेयरों में 5% से अधिक की तेजी दर्ज की गई. इस उछाल से कंपनी का मार्केट कैप करीब 300 अरब डॉलर बढ़ गया. कंपनी के शेयर पहली बार 200 डॉलर प्रति शेयर के पार पहुंच गए. एनवीडिया के साथ-साथ अमेरिकी शेयर बाजार भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा. प्रमुख सूचकांक एसएंडपी 500 इतिहास में पहली बार 6,900 अंकों के पार पहुंच गया. अप्रैल 2025 के निचले स्तर से अब तक इसका कुल मार्केट कैप 18 ट्रिलियन डॉलर बढ़ चुका है.

वर्तमान में एनवीडिया का मार्केट कैप 4.894 ट्रिलियन डॉलर है, जिससे वह दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी बन गई है. इसके बाद माइक्रोसॉफ्ट का स्थान आता है, जिसका मार्केट कैप 4.029 ट्रिलियन डॉलर है. तीसरे स्थान पर ऐपल है, जिसकी वैल्यू 3.992 ट्रिलियन डॉलर है. टॉप 10 कंपनियों की सूची में आगे गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट (3.239 ट्रिलियन डॉलर), अमेजन (2.444 ट्रिलियन डॉलर), मेटा प्लेटफॉर्म्स (1.887 ट्रिलियन डॉलर), ब्रॉडकॉम (1.761 ट्रिलियन डॉलर), सऊदी अरामको (1.669 ट्रिलियन डॉलर), टीएसएमसी (1.563 ट्रिलियन डॉलर) और टेस्ला (1.531 ट्रिलियन डॉलर) शामिल हैं. एनवीडिया की यह उपलब्धि न केवल टेक्नोलॉजी उद्योग के लिए बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी एक ऐतिहासिक क्षण है. कंपनी की एआई चिप्स ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में क्रांति ला दी है, और इस उपलब्धि ने एनवीडिया को वैश्विक स्तर पर नवाचार की अग्रणी ताकत के रूप में स्थापित कर दिया है.

आरबीआई का स्वर्ण भंडार बढ़ कर 880 मीट्रिक टन हुआ

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक का स्वर्ण भंडार सितंबर 2025 तक 880.18 मीट्रिक टन पहुंच गया है, जो पिछले 12 महीनों में 25.45 मीट्रिक टन की वृद्धि दर्शाता है. यह जानकारी केंद्रीय बैंक ने अपनी अप्रैल-सितंबर 2025 की छमाही रिपोर्ट में दी. सितंबर 2024 के अंत में आरबीआई का सोना 854.73 मीट्रिक टन था. आरबीआई ने बताया कि कुल 880.18 मीट्रिक टन सोने में से 575.82 मीट्रिक टन देश में सुरक्षित है, जबकि 290.37 मीट्रिक टन सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड (BoE) और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स में रखा गया है. इसके अलावा, 13.99 मीट्रिक टन सोना जमा के रूप में आरक्षित है. देश के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का हिस्सा मार्च 2025 के अंत में 11.70% था, जो सितंबर 2025 तक बढ़कर 13.92% हो गया.

सरकार इस वित्तीय वर्ष में एलआईसी में 1-1.5 अरब डॉलर हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रही

नयी दिल्ली। सरकार इस वित्तीय वर्ष के अंत तक भारतीय जीवन बीमा निगम में 1 से 1.5 अरब डॉलर (लगभग 8,800 से 13,200 करोड़ रुपये) की हिस्सेदारी बेच सकती है. सूत्रों के अनुसार, अगले कुछ हफ्तों में रोडशो आयोजित होने की संभावना है. सेबी के नियमों के तहत एलआईसी के पब्लिक फ्लोट को कम से कम 10% तक बढ़ाना अनिवार्य है. मई 2022 में सरकार ने एलआईसी में 3.5% हिस्सेदारी आईपीओ के जरिए बेची थी. नियमों के अनुसार, सरकार को 16 मई 2027 तक एलआईसी में अपनी 6.5% हिस्सेदारी बेचनी होगी. इसका अनुमानित मूल्य लगभग 4.2 अरब डॉलर यानी करीब 37,000 करोड़ रुपये हो सकता है. फिलहाल सरकार के पास एलआईसी में 96.5% हिस्सेदारी है. सरकारी अधिकारियों और मर्चेंट बैंकरों ने बताया कि यह बिक्री कई किस्तों में की जाएगी ताकि शेयर की कीमत पर ज्यादा असर न पड़े और मौजूदा निवेशकों को नुकसान न हो. मर्चेंट बैंकर ने कहा, ₹यह हिस्सेदारी बिक्री कई चरणों में होगी और पहली किस्त चालू तिमाही के अंत से पहले संभव है.₹ एलआईसी का शेयर मूल्य 3 जुलाई से ही अपने आईपीओ प्राइस 949 रुपये से नीचे चल रहा है. मंगलवार को शेयर मामूली बढ़कर 900.7 रुपये पर बंद हुआ, जिससे कंपनी का बाजार मूल्य लगभग 5.7 लाख करोड़ रुपये रहा. विश्लेषकों का मानना है कि हिस्सेदारी की बिक्री से सरकार को वित्तीय लक्ष्यों में मदद मिलेगी और साथ ही शेयर बाजार में एलआईसी की तरलता बढ़ेगी. हालांकि, निवेशकों की निगाहें इस पर टिकी हैं कि बिक्री का असर शेयर मूल्य पर कितना होगा और पहली किस्त की कीमत किस स्तर पर तय होगी.

नौ साल बाद प्लेऑफ में पहुंचा तेलुगु टाइटंस

नई दिल्ली। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीज़न 12 में तेलुगु टाइटंस ने नौ साल बाद प्लेऑफ में जगह बना ली. मंगलवार को त्यागराज इंडोर स्टेडियम में टाइटंस ने पटना पाइरेट्स को 46-39 से हराकर उनकी आठ मैचों की विजयी लय तोड़ दी. इस जीत के साथ टीम क्वालिफायर-2 में पहुंच गई है, जहां आज रात उनका सामना सीज़न 10 की चैंपियन पुणेरी पलटन से होगा. मुख्य कोच कृष्ण कुमार हुड्डा ने कहा, "यह हमारे लिए करो या मरो वाला मैच था. नौ साल बाद प्लेऑफ में पहुंचना टीम के लिए ऐतिहासिक पल है. विजय और भरत की जोड़ी टीम के लिए अमूल्य है. विजय की कप्तानी और भरत की रेडिंग ने टीम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया." कप्तान विजय मलिक ने कहा, "हमने शुरुआत से अच्छा प्रदर्शन किया.

टेबल टेनिस: डब्ल्यूटीटी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय जोड़ी बनी

मानुष शाह-दीया चितले ने डब्ल्यूटीटी में रचा इतिहास

एजेंसियां । नई दिल्ली

भारतीय टेबल टेनिस में नया इतिहास रचते हुए मानुष शाह और दीया चितले की जोड़ी ने पहली बार डब्ल्यूटीटी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई किया है. यह उपलब्धि हासिल करने वाली यह पहली भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी बन गई है. इस सफलता के साथ भारतीय टेबल टेनिस ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक नई ऊंचाई हासिल की है. मंगलवार को जारी नवीनतम डब्ल्यूटीटी सीरीज़ फाइनल्स रेस रैंकिंग के अनुसार शाह–चितले की जोड़ी इस साल के अंत में हांगकांग (चीन) में 10 से 14 दिसंबर तक होने वाले प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में जगह पक्की करने वाली पांचवीं मिश्रित युगल टीम बन गई. डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर मस्कट (17 से 22 नवंबर) के बाद की फाइनल रेस रैंकिंग से सात सर्वश्रेष्ठ जोड़ियां सीधे फाइनल्स में क्वालीफाई करेंगी, जबकि आठवां स्थान मेज़बान देश की वाइल्डकार्ड जोड़ी को दिया जाएगा. विश्व टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) की नवीनतम रैंकिंग में शाह–चितले की जोड़ी आठवें स्थान पर है. इस सीज़न में उन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचा है. अप्रैल में हुए डब्ल्यूटीटी कंटेंडर ट्यूनिस टूर्नामेंट में उन्होंने जापान की मिवा हारिमोटो

और सोरा मात्सुशिमा को फाइनल में मात देकर खिताब अपने नाम किया — जो उनके करियर का अब तक का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय खिताब रहा. इसके बाद जुलाई में हुए यूएस स्मैश में भारतीय जोड़ी ने जापान की सत्सुकी ओडो और कोरिया के ओह जुनसंग को हराया, जबकि डब्ल्यूटीटी कंटेंडर ब्यूनस आयर्स में उन्होंने जापान के हीरों तो शिनोजुका और सत्सुकी ओडो की जोड़ी को पराजित कर प्रभावशाली जीत दर्ज की.

डब्ल्यूटीटी फाइनल्स की शुरुआत वर्ष 2021 में हुई थी. इस वर्ष प्रतियोगिता में पुरुष और महिला एकल वर्ग में 16-16 खिलाड़ी भाग लेंगे. कुल 13 लाख अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि वाली इस प्रतियोगिता में पहली बार पुरुष और महिला युगल वर्ग की जगह मिश्रित युगल इवेंट को शामिल किया गया है. मिश्रित युगल वर्ग में कुल आठ जोड़ियों को दो ग्रुपों में बाँटा जाएगा, जिनमें प्रत्येक ग्रुप में चार जोड़ियां होंगी. ग्रुप चरण के बाद शीर्ष जोड़ियां सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी, और सभी मैच बेस्ट ऑफ फाइव प्रारूप में खेले जाएंगे. इस ऐतिहासिक अवसर पर दिया चितले ने कहा, "डब्ल्यूटीटी फाइनल्स जैसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में खेलना हमारे लिए गर्व का विषय है.

कनाडियन ओपन 2025

अनाहत सिंह ने विश्व नंबर-7 टिन्ने गिलिस को हराया, सेफा में बनाई जगह

एजेंसियां । टोरंटो (कनाडा)

भारत की उभरती स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने कनाडियन ओपन 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ा उलटफेर किया है. दिल्ली की 17 वर्षीय अनाहत ने मौजूदा चैंपियन और विश्व नंबर-7 टिन्ने गिलिस को सीधे गेमों में 12-10, 11-9, 11-9 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया. राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत ने क्वार्टरफाइनल में भी बेहतरीन खेल दिखाते हुए विश्व नंबर-20 मेलिसा एल्वेस (फ्रांस) को हराकर चौंकाया था. यह उनके करियर की पहली टॉप-10 खिलाड़ी पर जीत है, जिससे उनके आत्मविश्वास में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है. अब सेमीफाइनल में उनका सामना इंग्लैंड की जॉर्जिना केनेडी से होगा.

जीत के बाद अनाहत ने कहा, "मैं इस

हफ्ते अपने खेल से बहुत खुश हूं. आज सुबह कोचों से बात हुई थी, उन्होंने कहा कि अगर मैं कल की तरह खेलूं तो किसी को भी हरा सकती हूं — और वही हुआ." उन्होंने आगे कहा, "इस टूर्नामेंट से पहले मुझे उम्मीद नहीं थी कि मैं यहां तक पहुंचूंगी. यूएस ओपन के दौरान ग्रेग गॉल्टियर के साथ चार दिन की ट्रेनिंग ने मुझे आत्मविश्वास दिया."

17 साल बाद घर पर इंग्लैंड को हरा कर जीत ली सीरीज

एजेंसियां । हैमिल्टन

न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन मैचों की वनडे सीरीज़ 2-0 से अपने नाम कर ली. बुधवार को खेले गए दूसरे वनडे में कीवी टीम ने इंग्लैंड को 5 विकेट से हराया, जिससे उसने 17 साल बाद घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज़ जीत दर्ज की. पिछली बार न्यूजीलैंड ने 2008 में इंग्लैंड को घर पर हराया था. बारिश से बाधित इस मुकाबले में इंग्लैंड की बल्लेबाज़ी एक बार फिर बिखर गई. पहले बल्लेबाज़ी करते हुए पूरी टीम सिर्फ 175 रन पर ऑलआउट हो गई. इंग्लैंड की ओर से जेमी ओवरटन ने 42 और हैरी ब्रूक ने 34 रन बनाए, जबकि बाकी बल्लेबाज़ फ्लॉप रहे. न्यूजीलैंड की तरफ से ब्लेयर टिकनर ने 4 विकेट (4/34) और नाथन स्मिथ ने 2 विकेट झटके.

लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत भी कमजोर रही, लेकिन रचिन रवींद्र (54) और डैरिल मिशेल (56 नाबाद) ने शानदार साझेदारी कर पारी को संभाल लिया. अंत में मिचेल सैंटनर (34 नाबाद, 17 गेंदों में) ने तेज़ बल्लेबाज़ी करते हुए टीम को 33.1 ओवर में ही जीत दिला दी.इंग्लैंड की ओर से तेज़ गेंदबाज़ जॉफ्रा आर्चर ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 3 विकेट (3/23) झटके, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके. इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने सीरीज़ 2-0 से अपने नाम कर ली.

एक नया इतिहास बनाया,मील का पत्थर हासिल किया

आईसीसी वनडे रैंकिंग में पहली बार नंबर-1 बने रोहित शर्मा

एजेंसियां । नई दिल्ली

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और स्टार सलामी बल्लेबाज़ रोहित शर्मा ने एक नया मील का पत्थर हासिल करते हुए पहली बार आईसीसी वनडे बल्लेबाज़ी रैंकिंग में नंबर 1 स्थान प्राप्त किया है. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में समाप्त तीन मैचों की वनडे सीरीज़ में उनके शानदार प्रदर्शन ने उन्हें यह मुकाम दिलाया. रोहित शर्मा ने एडिलेड में खेले गए दूसरे वनडे में 73 रनों की पारी खेली थी, जबकि सिडनी में उन्होंने नाबाद 121 रनों की मैच-विजेता पारी खेलकर भारत को सीरीज़ जिताई. उनके इस प्रदर्शन की बदौलत उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज़ चुना गया. इन पारियों के बाद रोहित के अब 781 रेटिंग अंक हो गए हैं, जिससे उन्होंने

अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान (764 अंक) को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया.

इससे पहले रोहित का सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग स्थान दूसरा स्थान (जुलाई 2018) था. यह पहला मौका है जब उन्होंने आईसीसी वनडे बल्लेबाज़ी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर कब्जा किया है. भारतीय कप्तान शुभमन गिल, जो सीरीज़ में निरंतर प्रदर्शन कर रहे हैं, अब तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं. इब्राहिम जादरान अफगानिस्तान के पहले बल्लेबाज़ बने, जिन्होंने कुछ समय के लिए वनडे बल्लेबाज़ी रैंकिंग में नंबर 1 स्थान प्राप्त किया था. यह स्थिति तब बनी जब शुभमन गिल उनसे नीचे आए और रोहित अभी शीर्ष पर नहीं पहुंचे थे.

भारतीय उप-कप्तान श्रेयस अय्यर, जिन्होंने सीरीज़ के दूसरे मैच में 61 रन बनाए, एक स्थान की बढ़त के साथ अब नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं. गेंदबाज़ों की रैंकिंग में भी कई बदलाव देखने को मिले. ऑस्ट्रेलिया के तेज़ गेंदबाज़ जोश हेज़लवुड दो स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि स्पिनर एडम ज़म्पा दो स्थान की बढ़त के साथ 12वें स्थान पर आ गए हैं. भारत के अक्षर पटेल छह स्थान ऊपर बढ़कर 31वें स्थान पर पहुंच गए, वहीं वाशिंगटन सुंदर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 स्थान की बड़ी छलांग लगाकर 73वें स्थान पर जगह बनाई.

अन्य प्रमुख बदलावों में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रुक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में 135 रनों (101 गेंदों) की दमदार पारी खेली और रैंकिंग में 23 स्थान की छलांग लगाकर अब 25वें स्थान पर आ गए हैं.

पूर्व इंग्लिश गेंदबाज एंडरसन को मिला नाइटहुड सम्मान

एजेंसियां । लंदन

इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज और टीम के सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले खिलाड़ी जेम्स एंडरसन को विंडसर कैसल में मंगलवार को आयोजित एक विशेष समारोह के दौरान प्रिंसेस ऐनी द्वारा नाइटहुड की उपाधि से सम्मानित किया गया. यह सम्मान उन्हें क्रिकेट के प्रति उनके असाधारण योगदान के लिए प्रदान किया गया है. 43 वर्षीय एंडरसन ने जुलाई 2024 में लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर अपने 21 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कहा था. उन्होंने 188 टेस्ट मैचों में 704 विकेट झटके, जो किसी भी तेज गेंदबाज द्वारा सबसे अधिक हैं. टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में उनसे आगे केवल दो स्पिनर हैं — श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन (800 विकेट) और ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉर्न (708 विकेट).

टेस्ट क्रिकेट के अलावा एंडरसन ने वनडे प्रारूप में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया. उन्होंने 194 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 269 विकेट लिए, जो आज भी इंग्लैंड के लिए एक रिकॉर्ड है, भले ही उन्होंने अपना आखिरी वनडे

मैच 2015 में खेला था. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भी एंडरसन ने खेल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जारी रखी. उन्होंने 2024 काउंटी सीज़न में अपने घरेलू क्लब लंकाशायर के लिए शानदार प्रदर्शन किया. लगभग दस साल बाद टी20 क्रिकेट में वापसी करते हुए उन्होंने अपनी टीम को एजबस्टन में आयोजित फाइनल्स डे तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई. इसके अलावा, एंडरसन को द हंड्रेड लीग में मैनचेस्टर ओरिजिनल्स की ओर से वाइल्डकार्ड कॉन्ट्रैक्ट भी मिला. रिपोर्ट्स के अनुसार, वे 2025 सीज़न में भी काउंटी क्रिकेट खेलने की संभावनाओं पर विचार कर रहे हैं.

जोनाथन ट्रॉट और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच गलतफहमी दूर

एजेंसियां । नई दिल्ली

अफगानिस्तान क्रिकेट को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हेड कोच जोनाथन ट्रॉट ने हाल ही में अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) के साथ संवादहीनता की बात कही थी. उनके इस बयान ने टीम और बोर्ड के बीच मतभेद की अफवाहें पैदा कर दी थीं. हालांकि, जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले ट्रॉट और बोर्ड के बीच सभी गलतफहमियों को दूर कर लिया गया है. इस बात की पुष्टि खुद हेड कोच ने की।ट्रॉट ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज की शुरुआत से पहले मीडिया से बातचीत में कहा कि एसीबी और उनके बीच सकारात्मक और स्वस्थ माहौल में चर्चा हुई. इस दौरान टीम की रणनीति, चयन और अन्य अहम मुद्दों पर विस्तार से बात की गई. उन्होंने कहा कि अब हर तरह की गलतफहमी समाप्त हो गई है और पूरी टीम और कोचिंग स्टाफ एकजुट होकर काम कर रहे हैं. ट्रॉट ने यह भी कहा कि जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज जीतने के साथ ही टीम टी20 विश्व कप 2026 की तैयारी में पूरी तरह जुट जाएगी।कुछ समय पहले ट्रॉट के अफगानिस्तान टीम से विश्व कप के बाद अलग होने की खबरें भी आई थीं. इस सवाल पर उन्होंने स्पष्ट किया कि वह वर्तमान में टीम के भविष्य और प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं. बोर्ड की ओर से उन्हें लंबे समय तक टीम का हेड कोच बनाए रखने की इच्छा भी जताई गई है. ट्रॉट और बोर्ड के बीच किसी भी विवाद का समाधान टीम की प्रगति के लिए अहम माना जा रहा है. अफगानिस्तान क्रिकेट टीम ने पिछले दो सालों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत स्थिति का परिचय दिया है. 2023 के वनडे विश्व कप में टीम ने भारत में इंग्लैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान जैसी टीमों को हराकर सभी को चौंका दिया. इसके अलावा, 2024 के टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को हराकर क्रिकेट जगत में सनसनी मचा दी. इन उपलब्धियों को अफगानिस्तान क्रिकेट के सुनहरे दौर का प्रतीक माना जा रहा है और इसका श्रेय हेड कोच जोनाथन को जाता है.

रामगढ़ टीम को एडीपीओ ने झंडा दिखाकर किया रवाना

शुभम संदेश । रामगढ़

खेलो झारखंड अंतर्गत तीन दिवसीय राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रामगढ़ जिला की टीम को अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नलिनी रंजन, एपीओ कुमार राज और इशिता तिर्की ने झंडा दिखाकर रवाना किया. इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रामगढ़ जिला में खेलो झारखंड प्रतियोगिता का परिणाम दिखना शुरू हो गया है. कुमारी नीलम ने कहा कि हाल ही में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में रामगढ़ जिला ने पूरे राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रौशन

किया. एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भी रामगढ़ के खिलाड़ी गोल्ड, सिल्वर और ब्रोंज मेडल जीतकर जिले का गौरव बढ़ाएंगे. एडीपीओ ने बताया कि राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अंडर 14, 17 और 19 वर्ग के 96 बालक/बालिका खिलाड़ी रांची के खेलगांव में 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक हिस्सा लेंगे.

पेनाल्टी शूटआउट में डॉर्टमुंड की जीत, अंतिम-16 में जगह पक्की

डीएफबी कप

एजेंसियां । बर्लिन

बोरुसिया डॉर्टमुंड ने डीएफबी कप के मुकाबले में आइंट्राच्ट फ्रैंकफर्ट को 1-1 के ड्रॉ के बाद पेनाल्टी शूटआउट में हराकर अंतिम-16 में प्रवेश कर लिया. इस जीत के साथ डॉर्टमुंड ने अपनी अपराजित लय भी बरकरार रखी. मुकाबले की शुरुआत फ्रैंकफर्ट ने शानदार तरीके से की और 7वें मिनट में ही अंसगर नॉफ के गोल से बढ़त बना ली. पूर्व डॉर्टमुंड विंगर नॉफ ने मारियो गोत्ज़े की थ्रो बॉल का फायदा उठाकर गोल किया. इसके बाद फ्रैंकफर्ट ने गेंद पर कब्जा बनाए रखा, लेकिन डॉर्टमुंड की मजबूत रक्षा के सामने ज्यादा मौके नहीं बना

पाए. गोलकीपर ग्रेगर कोबेल ने हाफटाइम से पहले फारेस चाइबी और रित्सु दोआन के प्रयासों को रोककर टीम को संतुलन बनाए रखा. हाफ टाइम के बाद डॉर्टमुंड ने दबाव बनाना शुरू किया और 48वें मिनट में जूलियन ब्रांट ने बराबरी का गोल दागा. जूलियन रायर्सन के क्रॉस को ब्रांट ने नेट में बदलकर टीम को मैच में वापस लाया. मैच का नतीजा पेनाल्टी शूटआउट में तय हुआ. डॉर्टमुंड के ब्रांट, बायर, सबित्जर और रायर्सन ने अपने-अपने शॉट गोल में बदल दिए. फ्रैंकफर्ट के डोअन का शॉट क्रॉसबार के ऊपर गया, जबकि कोबेल ने चाइबी का शॉट रोककर टीम को 4-2 की जीत दिलाई.

रोमांचक जीत के बाद डॉर्टमुंड के मैनेजर कोवाक ने कहा, "मुकाबला कठिन था और दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल दिखाया. पेनाल्टी शूटआउट में किस्मत हमारे साथ रही. जीत हमारे लिए महत्वपूर्ण है." अब डॉर्टमुंड शुक्रवार को ऑग्सबर्ग का सामना करेगा, जबकि फ्रैंकफर्ट अगले हफ्ते बुंडेसलीगा में हीडेनहाइम से भिड़ेगी.

सेफा. में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत को आक्रामक खेल दिखाने की जरूरतः इयान

एजेंसियां । नई दिल्ली

महिला विश्व कप 2025 के दूसरे सेमीफाइनल में भारत और ऑस्ट्रेलिया गुरुवार को डीवाई पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई में आमने-सामने होंगे. इस टूर्नामेंट में अब तक अजेय ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ भारतीय टीम के लिए मुकाबला आसान नहीं होने वाला है. मैच से पहले वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज इयान बिशप ने भारतीय टीम को आक्रामक खेल की सलाह दी है.

बिशप ने कहा, भारतीय टीम को आक्रामक खेलना होगा. अगर एक विकेट गिर रहा है तो दूसरे विकेट का इंतजार न करें. क्षेत्ररक्षण चुस्त होना चाहिए और दूसरा विकेट लेने की पूरी कोशिश करनी चाहिए. हमने देखा है कि कई बार भारतीय टीम की फील्डिंग बहुत साधारण होती है. ऑस्ट्रेलियाई टीम में मूनी, गार्डनर जैसी बल्लेबाज मौजूद हैं, जो बड़ी पारियां खेल सकती हैं. ऐसे में कप्तानी, क्षेत्ररक्षण, गेंदबाजी और बल्लेबाजी में आक्रामकता जरूरी है. उन्होंने आगे कहा कि भारतीय महिला टीम के पास इतिहास रचने का मौका है. 1983 पुरुष विश्व कप में भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को हराकर असाधारण प्रदर्शन किया था. इसी तरह, महिला टीम भी ऑस्ट्रेलिया को हराकर कई पीढ़ियों को प्रेरित कर सकती है.

बारिश ने बिगाड़ा खेल, भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टी-20 मुकाबला रद्द हुआ

एजेंसियां । कैनबरा

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला लगातार बारिश के कारण बुधवार को रद्द कर दिया गया. पांच मैचों की टी-20 सीरीज का दूसरा मुकाबला अब 31 अक्टूबर को खेला जाएगा. मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया. भारतीय टीम की शुरुआत तेज रही, जहां अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने 3.4 ओवर में 35 रन जोड़े. चौथे ओवर की पांचवीं गेंद पर अभिषेक शर्मा को नाथन एलिस ने आउट किया. पांचवें ओवर की समाप्ति पर बारिश शुरू हो गई. बाद में मैच 18-18 ओवर का किया गया. शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव ने मात्र 35 गेंदों में 62 रनों की शानदार साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया. भारत का स्कोर 9.4 ओवर में 97/1 था, तभी तेज बारिश ने खेल रोक दिया. इसके बाद बारिश नहीं रुकी और अंपायरों ने मुकाबला रद्द कर दिया.

बारिश से मैच का कोई परिणाम नहीं निकला, लेकिन भारतीय बल्लेबाज़ों के आक्रामक तेवर और बल्लेबाजी ने दर्शकों को आगामी मुकाबलों के लिए रोमांचित कर दिया. फैंस अब दूसरे मैच का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.

50 छक्के लगाने वाले पांचवें बल्लेबाज बने सूर्या

एजेंसियां । नई दिल्ली

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 150 छक्के लगाने वाले पांचवें बल्लेबाज बन गए हैं. यह रिकॉर्ड उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कैनबरा में पहले टी20 मैच में मनुका ओवल में खेलते हुए हासिल किया. बारिश से प्रभावित इस मुकाबले के 9.3 ओवर में नाथन एलिस की गेंद पर छक्का लगाते ही सूर्या ने यह उपलब्धि पूरी की. टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में रोहित शर्मा शीर्ष पर हैं, जिन्होंने 2007 से 2024 तक 159 मैचों में 205 छक्के जड़े. इसके अलावा यूएई के मोहम्मद वसीम 91 मैचों में 187 छक्कों के साथ दूसरे स्थान पर हैं. न्यूजीलैंड के मार्टिन गप्टिल 122 मैचों में 173 छक्कों के साथ तीसरे और इंग्लैंड के जोस बटलर 144 मैचों में 172 छक्कों के साथ चौथे स्थान पर हैं.

क्रिकेट

धौनी पर बनी फिल्म "एमएस धौनी: द अनटोल्ड स्टोरी" से मिली प्रेरणा

पाकिस्तानी क्रिकेटर उस्मान ने क्रिकेट में की वापसी

एजेंसियां । मुंबई

भारतीय क्रिकेट टीम के सफलतम कप्तान और महान विकेटकीपर-बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर के क्रिकेटरों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहे हैं. उनकी मेहनत, नेतृत्व क्षमता और शांत स्वभाव ने कई युवा खिलाड़ियों को प्रभावित किया है. यहां तक कि पाकिस्तान के एक क्रिकेटर ने भी धोनी पर बनी फिल्म से प्रेरित होकर दोबारा क्रिकेट में वापसी की.

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम में शामिल किए गए 27 वर्षीय ऑफ-स्पिनर उस्मान तारिक ने खुलासा किया कि उन्होंने एक समय क्रिकेट छोड़ दी थी, लेकिन एम.एस. धोनी के जीवन पर आधारित फिल्म "एम.एस. धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी" देखने के बाद उन्हें फिर से खेल में लौटने की प्रेरणा मिली.

तारिक ने बताया कि चयन न होने के कारण उन्होंने स्थानीय क्रिकेट सर्किट छोड़ दिया था और दुबई में एक कंपनी में सेल्समैन की नौकरी करने लगे थे. उन्होंने कहा, "मैंने सोचा था कि क्रिकेट मेरे लिए खत्म हो गया है. लेकिन जब मैंने धोनी की फिल्म देखी, तो लगा कि अगर वह छोटे शहर से निकलकर इतनी ऊंचाई पर पहुंच सकते हैं, तो मैं क्यों नहीं? उस दिन मैंने नौकरी छोड़ दी और पाकिस्तान लौटकर दोबारा क्रिकेट शुरू किया." तारिक ने इस साल कैरेबियन प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन किया था, जहां उन्होंने 20 विकेट लेकर पूर्व दक्षिण अफ्रीकी

स्पिनर इमरान ताहिर के बाद दूसरा स्थान हासिल किया. इसी प्रदर्शन के चलते उन्हें पहली बार पाकिस्तान की टी20 टीम में जगह मिली. हालांकि, तारिक का क्रिकेट करियर उतार-चढ़ाव से भरा रहा है. 2024 में उन्हें पाकिस्तान सुपर लीग में क्वेटा ग्लैडिएटर्स ने चुना था, लेकिन उनका गेंदबाजी एक्शन अवैध पाए जाने के बाद अनुबंध रद्द कर दिया गया. तारिक का गेंदबाजी एक्शन बेहद अनोखा है — गेंद डालने से पहले वह करीब दो सेकंड तक पूरी तरह रुकते हैं और फिर साइड-आर्म एक्शन से ऑफ-ब्रेक गेंदें फेंकते हैं. यह शैली भारत के रविचंद्रन अश्विन की गेंदबाजी से मिलती-जुलती है, हालांकि अश्विन का एक्शन कभी विवादों में नहीं आया. तारिक ने बताया कि उनकी कोहनी की संरचना असामान्य है, जिसके दो कोने हैं. उन्होंने कहा, "मैं एक ऐसी कोहनी के साथ पैदा हुआ हूं जिसके दो जोड़ हैं. यह मेरी प्राकृतिक शारीरिक बनावट है, न कि कोई तकनीकी बदलाव."

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के मौजूदा नियम शारीरिक विकृति के कारण गेंदबाजी में छूट नहीं देते. इसके बावजूद, तारिक ने अपना एक्शन सुधार लिया है और उन्हें कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 में खेलने की अनुमति मिली. अब वह पाकिस्तान टीम के लिए खेलने को तैयार हैं और अपने आदर्श एमएस धोनी की तरह क्रिकेट में नई ऊंचाइयों को छूने का सपना देख रहे हैं.

हेंड्रिक्स और बॉश के दम पर द. अफ्रीका ने पहले टी- 20 में पाक को 55 रनों से हराया

एजेंसियां । रावलपिंडी

ओपनर रीजा हेंड्रिक्स की बेहतरीन बल्लेबाजी और तेज गेंदबाज कॉर्बिन बॉश की घातक गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में 55 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली. यह मुकाबला मंगलवार देर रात रावलपिंडी में खेला गया, जिसमें मेहमान टीम ने हर विभाग में पाकिस्तान पर दबदबा बनाए रखा. टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीकी टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 194 रन बनाए. ओपनर रीजा हेंड्रिक्स ने 40 गेंदों में 60 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 8 चौके और 2 छक्के शामिल थे. उन्होंने क्विंटन डी कॉक (13 गेंदों पर 23 रन) के साथ मिलकर तेज़ शुरुआत दिलाई. इसके बाद डेब्यू कर रहे टोनी डी जोर्जी ने 16 गेंदों पर 33 रन बनाकर टीम की रनगति बनाए रखी. ऑलराउंडर जॉर्ज लिंडे ने 22 गेंदों पर 36 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेलते हुए स्कोर को 190 के पार पहुंचाया.

पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद नवाज सबसे सफल गेंदबाज रहे. उन्होंने 4 ओवर में 26 रन देकर 3 विकेट झटके, जबकि शाहीन अफरीदी और अब्बास अफरीदी को 2-2 विकेट मिले. लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तानी टीम की शुरुआत निराशाजनक रही. टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और कभी भी रनगति पकड़ नहीं सकी. ओपनर सैम अय्यूब ने 28 गेंदों पर 37 रन बनाए, लेकिन दूसरे छोर से कोई बल्लेबाज टिक नहीं पाया. कप्तान बाबर आज़म, जो दिसंबर 2024 के बाद अपना पहला टी20 मैच खेल रहे थे, दो गेंदों पर खाता खोले बिना आउट हो गए. उन्होंने बॉश की गेंद पर हेंड्रिक्स को कैच थमाया.

दक्षिण अफ्रीका के लिए गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया. कॉर्बिन बॉश ने घातक स्पेल डालते हुए 4 ओवर में सिर्फ 14 रन देकर 4 विकेट झटके और पाकिस्तान की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी. वहीं जॉर्ज लिंडे ने 4 ओवर में 31 रन देकर 3 विकेट हासिल किए. पाकिस्तान की पूरी टीम 19.2 ओवर में 139 रन पर सिमट गई. दक्षिण अफ्रीका की इस जीत से सीरीज में उन्हें 1-0 की बढ़त मिल गई है. सीरीज का दूसरा मुकाबला शुक्रवार को लाहौर में खेला जाएगा, जबकि तीसरा और अंतिम मैच शनिवार को वहीं पर होगा. मेजबान टीम अब सीरीज में वापसी की कोशिश करेगी, जबकि दक्षिण अफ्रीका इसे अपने नाम करने उतरेगी.

कौलेश्वरी पहाड़ से 5 वर्षीय मासूम लापता परिजनों में मचा कोहराम

चतरा । हंटरगंज थाना क्षेत्र स्थित विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कौलेश्वरी पहाड़ से मंगलवार को एक 5 वर्षीय मासूम रहस्यमय तरीके से लापता हो गया. लापता बच्चे की पहचान लेंजवा पंचायत के कोसमाही गांव निवासी बाढ़ो यादव के पुत्र शुभम कुमार के रूप में हुई है. शुभम अपने परिवार के साथ मुंडन संस्कार के लिए मां कौलेश्वरी मंदिर आया था. परिजनों के अनुसार, पूजा अर्चना के बाद जब परिवार पहाड़ से नीचे उतर रहा था, तभी भीड़ का फायदा उठाकर एक अजनबी ने बच्चे को अपने साथ नीचे भेजने का प्रस्ताव दिया. परिजन उसकी बातों में आ गए और बच्चे को उसके सुपुर्द कर दिया. तलहटी पर पहुंचने पर न तो अजनबी मिला और न ही बच्चा. घटना के बाद परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला. थक-हारकर उन्होंने हंटरगंज थाना में शिकायत दर्ज कराई.

चौपारण में बिरहोर परिवारों का जीवन संकट में

जर्जर घर कभी भी बन सकता है हादसे का कारण

शुभम संदेश । हजारीबाग

चौपारण प्रखंड के बिगहा बाजार स्थित बिरहोर कॉलोनी में आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय के दो परिवार—शांति मसोमात और रजनी मसोमात—अत्यंत दयनीय जीवनयापन करने को विवश हैं. दोनों परिवार जिस घर में रहते हैं, उसकी दीवारें पूरी तरह दरक चुकी हैं और छत कभी भी गिर सकती है. घर की जर्जर स्थिति के कारण बच्चों और महिलाओं का जीवन हर पल खतरे में है. बरसात के दौरान हालात और भी भयावह हो जाते हैं, घर के भीतर पानी भर जाता है, दीवारों से रिसाव होता है और चारों ओर सीलन से वातावरण दमघोंटू हो जाता है.

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया गया, लेकिन प्रशासन पूरी तरह मौन है. न तो कोई सर्वेक्षण हुआ और न ही राहत या सहायता प्रदान की गई. समाजसेवी पिंटू यादव ने कहा कि बिरहोर समुदाय आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है और ये लोग जंगलों और पहाड़ियों में कठिन हालात में जीवन यापन करते हैं. उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना या जनजातीय कल्याण विभाग की उपयुक्त योजना के तहत सुरक्षित आवास उपलब्ध कराया जाए.

बिरहोर समुदाय झारखंड की विलुप्तप्राय आदिम जनजातियों में से एक है, जिनकी आबादी बहुत कम रह गई है. सरकार की योजनाएं कागजों पर तो हैं, लेकिन चौपारण के बिगहा जैसे इलाकों में इसका कोई प्रभाव नजर नहीं आता. स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत संबंधित अधिकारी इन परिवारों की सुध नहीं लेते.

समाजसेवी और ग्रामीणों ने चेताया है कि यदि प्रशासन समय रहते कदम नहीं उठाता, तो यह जर्जर घर किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है. उन्होंने जिला प्रशासन से सामूहिक रूप से मांग की है कि बिरहोर परिवारों को तुरंत राहत और सुरक्षित आवास प्रदान किया जाए, ताकि इन विलुप्तप्राय जनजातियों का अस्तित्व और जीवन दोनों सुरक्षित रह सके.

आदिवासी समाज के प्रबुद्धजनों का मिलन समारोह संपन्न

दुमका। आदिवासी समाज के गैर-सरकारी एवं नौकरीपेशा वर्ग से जुड़े गणमान्य प्रबुद्धजनों का मिलन समारोह प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण जबरदहा ग्राम में सहर्ष संपन्न हुआ. कार्यक्रम की अगुवाई समाजसेवी हाबिल मुर्मू ने की. इस अवसर पर उपस्थित प्रबुद्धजनों ने आदिवासी समाज की वर्तमान स्थिति, दिशा और दशा का निष्पक्ष विश्लेषण किया. साथ ही समाज के सर्वांगीण विकास, उज्ज्वल भविष्य और सतत प्रगति के लिए अपने मूल्यवान विचार साझा किए. विचार-विमर्श के दौरान कई संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा की गई. इसके अलावा, खेती-बाड़ी में रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता और स्वास्थ्य पर पड़ रहे दुष्प्रभाव तथा अनावश्यक प्लास्टिक उपयोग जैसे मुद्दों पर भी गहन चर्चा की गई. मिलन समारोह में मैनेजर टुडू, गोविंद बेसरा, वकील बास्की, ग्रीन मुर्मू, पीरु सोरेन, गौनोलाल सोरेन, सुकोल मरांडी, सोनाराम हेम्ब्रम, अंथोनी हांसदा सहित अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित थे.

भागवत कथा सह कार्तिक उद्यापन को लेकर निकली कलश यात्रा

जमुआ (गिरिडीह)। जमुआ प्रखंड अंतर्गत ग्राम श्याम सिंह नावाडीह में बुधवार को सात दिवसीय भागवत कथा यज्ञ सह कार्तिक उद्यापन को लेकर कलश यात्रा निकाली गई. कलश यात्रा में 51 महिलाएं एवं कन्याएं शामिल हुईं. रंग-बिरंगे परिधानों में सजे श्रद्धालु माथे पर कलश लेकर बुढ़िया नदी स्थित महादेव मंदिर पहुंचे. वृंदावन, प्रयागराज और बनारस से आए पंडित आचार्य निलेश कृष्ण शास्त्री महाराज (वृंदावन), यज्ञाचार्य महेश त्रिपाठी (प्रयागराज), रामगोपाल चतुर्वेदी (प्रयागराज) आदि ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल का शुद्धिकरण कराया. इसके बाद कन्याओं और महिलाओं ने कलशों में शुद्ध जल भरा. कलश यात्रा बुढ़िया नदी महादेव मंदिर से होकर ग्राम श्याम सिंह नावाडीह स्थित चिंतामणि पांडेय के महल प्रांगण में बने यज्ञ स्थल तक पहुंची. इस दौरान गाजे-बाजे और भगवान के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया. यज्ञ मंडप का शुद्धिकरण भी इसी जल से किया गया. इस अवसर पर चिंतामणि पांडेय, गंगाधर पांडेय, कृष्णानंद पांडेय, उज्ज्वल पांडेय समेत कई श्रद्धालु उपस्थित थे.

डालमिया सीमेंट बोकारो में चला स्वच्छता अभियान

बोकारो। उपायुक्त सह अध्यक्ष, जिला गंगा समिति, बोकारो के निदेशानुसार बुधवार को नमामि गंगे योजनांतर्गत स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड, बोकारो इकाई में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत कंपनी परिसर में स्वच्छता शपथ के साथ हुई, जिसमें कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया. इसके पश्चात औद्योगिक क्षेत्र में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया. अभियान के दौरान सड़कों, परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की गई तथा प्लास्टिक कचरे के संग्रहण और निस्तारण का कार्य भी किया गया. कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है. स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ समाज और मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव है. उन्होंने कर्मचारियों से अपील की कि वे अपने कार्यस्थल एवं आस-पास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें. जिला प्रशासन की ओर से प्रीतम राज (जिला परियोजना पदाधिकारी, नमामि गंगे) एवं अभिषेक (यूनिसेफ, बोकारो) ने कार्यक्रम में भाग लिया और उपस्थित जनों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया. प्लांट की ओर से सुनील कुमार के. भुसारी (यूनिट हेड), अमित सिंह (एच.आर. मैनेजर), सुधीर कुमार सिंह (सुरक्षा प्रमुख), राकेश कुमार सिंह (इन्फ्रास्ट्रक्चर हेड), धनंजय कुमार एवं मथुरा प्रसाद (डी.बी.एफ. टीम) उपस्थित रहे.

प्रवासी मजदूरों ने डीसी से लगाई न्याय की गुहार

दुमका। रोजगार के लिए अन्य प्रदेशों में ले जाने वाले मेठों के खिलाफ प्रवासी मजूदरों का बुधवार को गुस्सा फूटा. दर्जनों की संख्या में एकत्रित होकर मजदूरों ने उपायुक्त कार्यालय पहुंच कर उपायुक्त और श्रम अधीक्षक को आवेदन सौंपा और कार्रवाई की मांग की. आवेदन में मजदूरों ने बताया कि जिले के जामा प्रखंड के चुंडू मरांडी और बाबुजन टुडू, हथियापाथर के धर्मेंद्र बेसरा, मसलिया के सुनीलाल मुर्मू ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से करीब 200 से अधिक लोगों को जम्मू-काश्मीर के शांम्बा जिला में डाबर इंडिया लिमिटेड कंपनी में काम दिलाने के नाम पर ले गये. वहीं काम दिलाने के नाम पर 10 हजार रुपये प्रति व्यक्ति से वसूला गया. काम के दौरान जम्मू में दीपक मुर्मू नामक मजदूर दुर्घटनाग्रस्त हो गया. हादसे में दीपक का पैर भी टूट गया. घायल मजदूर दीपक को कंपनी ने जैसे-तैसे इलाज कराया. दीपक पूरी तरह ठीक भी नहीं हुआ कि कंपनी के निदेशक ने काम छोड़ घर भेजने के लिए दबाव बनाया गया. इसे लेकर अन्य मजदूर संगठित हुए और कंपनी के खिलाफ एक माह के अंदर काम छोड़ सभी घर लौट गए. मेठ और कंपनी से नाराज जिले के विभिन्न प्रखंडों के दर्जनों मजदूर एकत्रित होकर उपायुक्त और श्रम अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपी मेठ के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की.

सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा

पेंशन के लंबित आवेदनों के शीघ्र निबटारे के दिए निर्देश

शुभम संदेश । कोडरमा

समाहरणालय सभागार में उपायुक्त श्री ऋतुराज की अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न पेंशन योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदनों की प्रगति और लंबित मामलों का निस्तारण सुनिश्चित करना था. बैठक में मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान योजना तथा स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन योजना से संबंधित आवेदनों की समीक्षा की गई.उपायुक्त श्री ऋतुराज ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण किया जाए और किसी भी पात्र लाभुक को योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाए. उन्होंने पेंशन प्रभारियों से कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएं और सक्रिय रूप से कार्य करते हुए लाभार्थियों को समय पर पेंशन उपलब्ध कराएं. इसके साथ ही उन्होंने यह स्पष्ट किया कि जो प्रभारियों कार्य में उदासीनता दिखाएंगे, उनके खिलाफ शो-कॉज कार्रवाई की जाएगी.

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि सभी पेंशन आवेदनों का शत-प्रतिशत निस्तारण समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए. उपायुक्त ने अधिकारियों को बताया कि समय पर पेंशन वितरण न केवल लाभार्थियों के जीवन में राहत लाता है, बल्कि सरकारी योजनाओं की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता को भी बढ़ाता है. उन्होंने लंबित आवेदनों के निस्तारण में किसी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं होने की चेतावनी दी.

बैठक में सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा श्री नीतीश कुमार निशांत, सभी पेंशन प्रभारियों और कंप्यूटर ऑपरेटर्स भी उपस्थित रहे. सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे डिजिटल पोर्टल और रिकॉर्ड का सही उपयोग करते हुए सभी आवेदन प्रक्रियाओं को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरा करें. उपायुक्त ने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ बिना किसी अवरोध के उपलब्ध हो.

इस बैठक के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की प्रभावशीलता बढ़ाने और लाभार्थियों तक त्वरित लाभ पहुँचाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश और ठोस रणनीति निर्धारित की गई.

हजारीबाग : डेली मार्केट में बीती रात भीषण आग लगने से दर्जनों दुकानें जलकर खाक, लाखों का नुकसान हुआ

हजारीबाग । हजारीबाग के मेन रोड स्थित डेली मार्केट में मंगलवार देर रात करीब 1 से 2 बजे के बीच भीषण आग लग गई, जिसने कुछ ही देर में लगभग दो दर्जन दुकानों को अपने चपेट में ले लिया. आग में कपड़े की दुकान, किराना और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की दुकानें पूरी तरह स्वाहा हो गईं. दुकानदारों ने बताया कि लाखों की पूंजी और परिवार के भरण-पोषण की आशा एक ही पल में खत्म हो गई. स्थानीय लोगों ने धुआं देखकर फायर ब्रिगेड को सूचना दी और घंटों की मशक्कत के बाद दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया. आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है; कुछ लोग शॉर्ट सर्किट को जिम्मेदार मान रहे हैं, जबकि अन्य इसे लापरवाही का नतीजा बता रहे हैं. व्यापारियों ने प्रशासन से फायर सेफ्टी के पर्याप्त इंतजाम और पीड़ितों की मदद की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन की राह अपनाई जाएगी.

चरही में चुरचू मंडल भाजपा का एक दिवसीय सम्मेलन संपन्न, विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श

चरही । चरही ऑफिसर्स क्लब में चुरचू मंडल भाजपा का एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की, जबकि संचालन मुरारी सिंह ने संभाला. मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद और रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता मौजूद रहे. सम्मेलन में संगठन की विभिन्न रणनीतियों, विकास कार्यों और आगामी चुनावी तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया. कार्यक्रम में अमरेंद्र गुप्ता, सर्वेश सिंह, द्वारिका सिंह, शशि कुमार, राजू चतुर्वेदी, बलराम महतो सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे. सम्मेलन ने मंडल स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने का संदेश दिया.

धूमधाम से मनी संत शिरोमणि जलाराम बापा की 262वीं जयंती

शुभम संदेश । धनबाद

गुजरात के राजकोट वीरपुर मे जन्मे संत शिरोमणि जलाराम बापा की 262वीं जयंती का आयोजन धनबाद में बड़े हर्षोल्लास और भक्ति भाव से किया गया. इस अवसर पर जलाराम भक्ति मंडल, धनबाद द्वारा शास्त्री नगर स्थित जलाराम बापा मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई. शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए, जहां ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच भक्तों ने उत्साहपूर्वक नगर भ्रमण किया. झांकी में श्रद्धालु महिलाओं ने माथे पर कलश धारण कर नगर भ्रमण किया. शोभायात्रा गुर्जर क्षत्रिय धर्मशाला पहुंचकर संपन्न हुई. तत्पश्चात जलाराम बापा का महाप्रसाद हजारों श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया. श्रद्धालुओं में इस अवसर पर गहरी आस्था और उल्लास देखा गया. कार्यक्रम में धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो अपनी धर्मपत्नी सावित्री देवी के साथ पहुंचे. जलाराम बापा का आशीर्वाद ग्रहण किया. इसके अलावा पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह, उद्योगपति सुरेंद्र कुमार सिन्हा, पूर्व महापौर शेखर अग्रवाल, भाजपा नेता कुंभनाथ सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे.

कौलेश्वरी में भारी भीड़ एसडीओ -एसडीपीओ ने सुरक्षा का किया निरीक्षण

चतरा । हंटरगंज प्रखंड स्थित मां कौलेश्वरी धाम में छठ पर्व के समापन के बाद मंगलवार सुबह से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. लाखों की संख्या में दर्शनार्थियों के आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है. इसी क्रम में कौलेश्वरी विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सह एसडीओ मोहम्मद ज़हूर आलम, सदर एसडीपीओ संदीप सुमन और एसडीपीओ वसीम रजा ने दल बल के साथ पहुंचकर विधि व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया. अधिकारियों ने बिजली, पानी, सफाई और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए. लगातार बारिश और कीचड़ के कारण यातायात प्रभावित हुआ, कई किलोमीटर तक जाम की स्थिति बनी रही. इसके बावजूद पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं.

पुलिस अलर्ट हजारीबाग में चोरी की घटनाओं पर पुलिस को सख्त कार्रवाई करने का निर्देश

आरक्षी अधीक्षक ने किया विभिन्न इलाकों का निरीक्षण

शुभम संदेश । हजारीबाग

हाल के दिनों में चोरी और गृहभेदन की घटनाओं में वृद्धि के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है. पुलिस अधीक्षक (एसपी) अंजनी अंजन ने चोरी की घटनाओं वाले इलाकों का स्वयं निरीक्षण किया और जनता को भरोसा दिलाया कि अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर सभी घरों में चोरी की घटनाओं में कमी लाई जाएगी. इस दिशा में एसआईटी का गठन किया गया है, जो लगातार चोरी की वारदातों की जांच कर रही है. हालिया घटनाओं में 26 अक्टूबर को पगमिल स्थित अल्फलाह कॉलोनी रोड नंबर-2 में चोरों ने एक घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पार कर दी. 27 अक्टूबर को लोहसिंघना निवासी शाहनवाज आलम के घर से लगभग 14 लाख रुपये के जेवरात चोरी हो गए. 4 अक्टूबर को केरेडारी थाना क्षेत्र के चट्टीबरियातू गांव में कुलदीप सोनी के घर से एक लाख 70 हजार नकद और करीब 1.30 करोड़ रुपये मूल्य के जेवरात गायब हुए.

एसपी अंजन ने निरीक्षण के दौरान शहर के कोर्रा, मुफस्सिल, सदर, बड़ा बाजार और लोहसिंघना थाना क्षेत्रों का दौरा किया और घटनास्थलों का विस्तृत निरीक्षण किया. उन्होंने स्थानीय लोगों और पड़ोसियों से बातचीत कर जानकारी ली कि चोर किस तरह रेकी कर वारदात को अंजाम देते हैं. उन्होंने संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि गश्ती और निगरानी को और कड़ा किया जाए. निरीक्षण के दौरान सदर एसडीपीओ अमित आनंद, डीएसपी मनोज कुमार और संबंधित थाना प्रभारी भी मौजूद थे.

एसपी अंजनी अंजन ने आम जनता से अपील की कि यदि कोई परिवार शहर से बाहर जा रहा है, तो अपने स्थानीय थाना को सूचित करें. ताकि पीसीआर और पेट्रोलिंग टीम द्वारा उनके घर की निगरानी की जा सके. पुलिस प्रशासन ने कहा कि अब हर संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जाएगी और चोरी की घटनाओं पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई तेज की जाएगी. इस प्रयास से हजारीबाग शहर में चोरी की घटनाओं को रोकने और जनता में सुरक्षा का भरोसा बढ़ाने की कोशिश की जा रही है.

एक नजर

उपायुक्त ने की नमामि गंगे परियोजना की मासिक बैठक

साहिबगंज। बुधवार को जिला अंतर्गत नमामि गंगे परियोजना के तहत संचालित योजनाओं और कार्यों की मासिक समीक्षात्मक बैठक उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित की गई. मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग बैठक में उपस्थित रहे. उपायुक्त ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में की गई प्रगति की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. बैठक में यह निर्णय लिया गया कि शंकुतला सहाय घाट सौंदर्यीकरण हेतु विस्तारित परियोजना का भूमि पूजन आगामी शनिवार को किया जाएगा. साथ ही यह भी तय हुआ कि 8 से 15 नवंबर 2025 तक गंगा स्वच्छ पखवाड़ा का आयोजन साहिबगंज से राजमहल तक किया जाएगा, जिसमें जिले के सभी पदाधिकारी सक्रिय रूप से भाग लेंगे. इसके अतिरिक्त, नमामि गंगे घाट पर कैफे एरिया निर्माण हेतु प्रस्ताव को भी समिति द्वारा अनुमोदित किया गया. बैठक में नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह सहित संबंधित समिति सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे.

डीसी ने की भूमि संरक्षण विभाग की समीक्षा बैठक

साहिबगंज। उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में भूमि संरक्षण विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में तालाब निर्माण, परकुलेशन टैंक, डिप बोरिंग, पंपसेट वितरण, मिनी ट्रैक्टर तथा मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण जैसी विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई. उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं में कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए. उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन तालाबों एवं परकुलेशन टैंकों से संबंधित भूमि विवादों का त्वरित समाधान किया जाए ताकि योजनाओं का लाभ समय पर ग्रामीणों को मिल सके. उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक कार्यस्थल की नियमित निगरानी एवं भौतिक जांच कर उसकी रिपोर्ट कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए, जिससे योजनाओं के प्रभाव एवं उपयोगिता का सही मूल्यांकन किया जा सके. बैठक में जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल गुप्ता सहित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे.

सेविका-सहायिका नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश

गोड्डा। जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में खाली पड़े सेविका और सहायिका पदों पर नियुक्ति को लेकर उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई. बैठक में रिक्त पदों पर चयन हेतु की जा रही आमसभाओं की समीक्षा की गई. उपायुक्त ने सभी प्रखंडवार सीडीपीओ से सेविका-सहायिका चयन से जुड़ी आमसभाओं की प्रगति और जिन स्थानों पर किसी प्रकार की समस्या आ रही है, उसकी जानकारी ली. उन्होंने निर्देश दिया कि आमसभा की प्रक्रिया जल्द पूर्ण कर सभी चयन से संबंधित दस्तावेज मुख्यालय को भेजे जाएं. साथ ही उपायुक्त ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में महिला पर्यवेक्षकों द्वारा किए जा रहे ई-केवाईसी, एफआरएस और आधार अपडेटेशन कार्य की भी समीक्षा की और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए. जिन पर्यवेक्षकों की प्रगति धीमी पाई गई, उनके कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और रैंडम सर्वेक्षण करने का निर्देश संबंधित सीडीपीओ को दिया गया. वहीं, जिन महिला पर्यवेक्षकों का कार्य उत्कृष्ट पाया गया, उनके प्रयासों की सराहना करते हुए उपायुक्त ने कहा कि उन्हें झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा. बैठक में उप विकास आयुक्त दीपक कुमार दूबे, अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी महगामा आलोक वरण केसरी, संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी सीडीपीओ और महिला पर्यवेक्षक उपस्थित थे.

झारखंड एकता समाज का मिलन समारोह संपन्न

जमुआ (गिरिडीह)। जमुआ प्रखंड के झारो नदी तट पर बुधवार को झारखंड एकता समाज (सामाजिक सह प्रवासी संगठन) की ओर से एक भव्य मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस आयोजन में विभिन्न प्रखंडों और जिलों से बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, प्रवासी साथी, समाजसेवी शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरुआत झारखंडी परंपरा के अनुरूप पारंपरिक स्वागत गीत और दीप प्रज्वलन के साथ हुई. पूरे वातावरण में झारखंडी संस्कृति की झलक दिखाई दी. आयोजन समिति के सदस्य मनोज यादव, राजू यादव, सुनील यादव, संतोष यादव और रविंद्र यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि इस समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, सहयोग और प्रवासी झारखंडियों के बीच आपसी संबंधों को और मजबूत करना है. उन्होंने कहा कि प्रवासी झारखंडियों को एकजुट कर सामाजिक विकास और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा करना संगठन का प्रमुख लक्ष्य है. कार्यक्रम में प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव ने कहा कि आज आवश्यकता है कि झारखंड के लोग अपनी पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए एक मंच पर एकजुट हों. उन्होंने प्रवासी श्रमिकों के हित में योजनाबद्ध प्रयास की जरूरत पर बल दिया. समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि झारखंड एकता समाज देश-विदेश में बसे झारखंडियों को एक सूत्र में पिरोने का कार्य कर रहा है. इस मंच के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, प्रवासियों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर ठोस पहल की जा रही है.

पेज तीन का शेष

एसएनएमएमसीएच में होगा स्वास्थ्य सुविधाओं....

साथ ही पीजी ब्लॉक में निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करना, पीजी भवन संख्या-2 में मरम्मत, सुंदरता बढ़ाने एवं आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना, पुराने वार्ड यूनिट की मरम्मत, रंग-रोगन एवं जीर्णोद्धार,शांति मंदिर के पास स्थित गेट पर मविंग गेट का निर्माण एवं पीजी भवन परिसर में मरीजों की आवश्यकता को देखते हुए जीर्णोद्धार कार्य किए जाएंगे. उपायुक्त ने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद अस्पताल की समग्र संरचना और पर्यावरण में सुधार होगा तथा मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलेगी.

तृणमूल की पूर्व बोरो चेयरमैन भाई....

जिसके बाद वह भी जोर -जोर से चिल्लाने लगी, चीखने और चिलाने की आवाज सुन मौके पर भारी संख्या मे स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ गई. लोगों की भीड़ देख बेबी बाउरी ने कहा की कार्तिक उसके घर में चोरी के इरादे से घुसा था और जब उन्होंने उसे देख लिया तो वह भागकर उनके घर का दीवार फांदकर निकलने की कोशिश में सीढ़ी पर जा गिरा. इसके आगे वह कुछ नहीं जानते, जबकि कार्तिक की माँ ने भीड़ के सामने कहा की उसके बेटे को पाँच महीना पहले ही एक करोड़ रुपए का लॉटरी लगा है, ऐसे में उसको चोरी करने की क्या जरूरत है. उसकी हत्या की गई है और उस हत्या के पीछे तृणमूल की पूर्व बोरो चेयरमेन बेबी बाउरी, अमरदीप बाउरी, संदीप बाउरी सहित ज्योत्स्ना बाउरी शामिल है, उन्होंने उसकी हत्या क्यों की क्या कारन था इसका खुलासा वह खुद करेंगे. कार्तिक की माँ न्याय के लिये अड़ गई.

कार्तिक की माँ सबिता बाउरी के द्वारा दिए गए लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की जाँच करते हुए तृणमूल के पूर्व बोरो चेयरमेन बेबी बाउरी और अमरदीप बाउरी को गिरफ्तार कर लिया है. बाकि के अन्य दो आरोपी संदीप बाउरी और ज्योत्स्ना बाउरी अब भी फरार बताए जा रहे हैं. जिनकी बहोत ही जल्द गिरफ़्तारी कर लिए जाने की बात पुलिस कर रही है, फिलहाल दोनों गिरफ्तार आरोपियों को आसनसोल अदालत मे पेश किया गया है.

पूरे देश में गो हत्या पर प्रतिबंध लगाने की मांग....

पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने कहा कि गोसेवा से वंश की बढ़ोतरी होती है.गोसेवा से ही राजा दशरथ के चार पुत्रों की प्राप्ति हुई थी.किन्नर कल्याण बोर्ड के सदस्य श्वेता किन्नर ने कहा कि गोसेवा सर्वोपरि है. हर लोगों को गो सेवा करनी चाहिए. झारखंड गोसेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि झारखंड में 22 गोशाला निबंधित है.गोसेवा से आने वाले का काम कैसे हो इसके लिए अर्थव्यवस्था मजबूत बनाना होगा. आयोग के द्वारा सभी गोशाला के साथ आम लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है. मनोज अग्रवाल ने कहा कि वेद से पुराण तक सेवा को सर्वोच माना गया है. अध्यक्ष सुभाष तायल ने कहा कि गोसेवा से जुड़ने के लिए आप अपने तथा परिवार के खुशी को गोशाला के साथ आत्मसात करें. जन्मदिन विवाह समारोह जैसे कार्यक्रम को गोशाला को सहयोग के रूप में दान देकर खुशी मनाएं. सुबह में गोपूजन के साथ ध्वाजारोहण किया गया.इसके बाद गो भ्रमण कराया गया.कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजकुमार अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल सहित अध्यक्ष महेंद्र कुमार अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार अग्रवाल, सचिव मुरलीधर पोद्दार, द्वारका प्रसाद गोयनका, हरि राम गुप्ता, कैलाश प्रसाद चौधरी, राम प्रसाद कटेसरिया, रमेश रिटोलिया, सत्यनारायण भोजगढ़िया, अनिल खेमका, शारदानंद सिंह, जगदीश तुलस्यान, अशोक सराफ, प्रकाश शर्मा, निशांत गोयनका, अनिल खरकिया, संदीप सांवरिया, बृजमोहन अग्रवाल, विनोद शर्मा,पवन मित्तल, सतीश अग्रवाल आदि थे.

न्यूज अपडेट

नोबेल पुरस्कार विजेता का अमेरिका ने नॉन इमिग्रेंट वीजा रद्द कर दिया

नयी दिल्ली । नाइजीरिया के नोबेल पुरस्कार विजेता लेखक वोल सोयिंका ने दावा किया है कि अमेरिका ने उनका नॉन-इमिग्रेंट वीजा रद्द कर दिया है, जो उन्हें पिछले वर्ष जारी किया गया था. 91 वर्षीय लेखक ने कहा कि उन्हें अमेरिकी यात्रा करनी हो तो अब दोबारा आवेदन करना होगा. सोयिंका ने मंगलवार को पत्रकारों को अमेरिकी वाणिज्य दूतावास (लागोस) की ओर से भेजा गया एक पत्र दिखाया, जिसमें उनसे पासपोर्ट जमा कर वीजा को उपस्थित होकर रद्द करवाने को कहा गया है. यह पत्र 23 अक्तूबर को जारी किया गया था. लेखक ने कहा, अब मेरे पास कोई वीजा नहीं है. जाहिर तौर पर मुझे अमेरिका में प्रवेश से रोक दिया गया है. अगर कोई मुझसे मिलना चाहता है, तो जानता है कि मुझे कहां खोजना है.

अफगानिस्तान-पाकिस्तान में शांति वार्ता समाप्त, कोई समाधान नहीं

नयी दिल्ली । इस्तांबुल में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच दीर्घकालिक युद्धविराम वार्ता बिना किसी ठोस समाधान के खत्म हो गई है. दोनों पक्ष 19 अक्तूबर को दोहा में मध्यस्थता के जरिये युद्धविराम पर सहमत हुए, लेकिन इस्तांबुल में तुर्किये और कतर की मध्यस्थता में हुई दूसरे दौर की वार्ता में कोई आम सहमति नहीं बन पाई. दोनों पक्षों की ओर से इस विफलता के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया गया है. इस महीने हुई घातक झड़पों के बाद, यह क्षेत्र में शांति के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है. 2021 में काबुल में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से सबसे भीषण हिंसा में सीमा पर दर्जनों लोगों के मारे जाने के बाद, दक्षिण एशियाई पड़ोसियों के बीच स्थायी शांति के उद्देश्य से यह वार्ता हुई.

नेपाल के एवरेस्ट इलाके में भारी हिमपात, पर्यटक होटलों में फंसे

काठमांडू । नेपाल के सोलुखुम्बु जिले के एवरेस्ट (सगरमाथा) क्षेत्र में मंगलवार सुबह से लगातार भारी हिमपात हो रहा है. खुम्बु पासाङल्हामु ग्रामीण नगरपालिका के दिङबोचे से ऊपर के इलाकों में घना हिमपात हुआ है, जबकि नाम्चे बाजार और आसपास के निचले क्षेत्रों में बारिश जारी है. सगरमाथा प्रदूषण नियंत्रण समिति के अध्यक्ष लामाकाजी शेर्पा ने बताया, 'दिङबोचे से ऊपर घना हिमपात हो रहा है, नीचे बारिश पड़ रही है. सभी पर्यटक होटल के अंदर हैं, बाहर निकलना मुश्किल है.' वर्तमान में इस क्षेत्र में करीब तीन हजार से अधिक विदेशी पर्यटकों की उपस्थिति है. सोमवार को ही लगभग 800 विदेशी पर्यटक काठमांडू से लुक्ला पहुंचे थे. हिमपात के कारण रास्ते ढक गए हैं.

ट्रंप के दक्षिण कोरिया दौरे से पहले उत्तर कोरिया ने दागे क्रूज मिसाइल

नयी दिल्ली । उत्तर कोरिया ने बुधवार को दावा किया कि उसने अपने पश्चिमी समुद्री क्षेत्र में समुद्र से सतह पर मार करने वाली क्रूज मिसाइलों का सफल परीक्षण किया है. यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दक्षिण कोरिया दौरे से ठीक पहले उठाया गया है. उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए ने बताया कि मंगलवार को हुआ यह परीक्षण सफल रहा और इससे देश की परमाणु हथियारों से लैस सेना की क्षमता और संचालन क्षेत्र और मजबूत होगा. दक्षिण कोरिया की सेना ने अभी यह पुष्टि नहीं की है कि उसने इन मिसाइल परीक्षणों को दर्ज किया या नहीं. यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब ट्रंप और दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग के बीच शहर ग्योंगजू में बैठक होने वाली है.

माउंट एवरेस्ट इलाके में एक निजी एयरलाइन हेलीकॉप्टर क्रैश हुआ

नयी दिल्ली । बुधवार सुबह नेपाल में माउंट एवरेस्ट इलाके के पास एक निजी एयरलाइन का हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया. गनीमत रही कि हेलीकॉप्टर का पायलट इस हादसे में बाल-बाल बच गया, लेकिन उसे चोटें आई हैं. निजी एयरलाइन एल्टीट्यूड एयर का हेलीकॉप्टर बिना यात्रियों के नेपाल के लुकला से उड़ा था और खुंबू इलाके में स्थित लोबुचेम में फंसे टूरिस्टों को बचाने के मिशन पर था, उसी दौरान यह घटना हुई. नेपाल पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि 'कैप्टन विवेक खड़का हेलीकॉप्टर उड़ा रहे थे और लैंड करने की कोशिश करते समय हादसा हुआ. पुलिस ने बताया कि जिस इलाके में हेलीकॉप्टर लैंड करने वाला था, वहां भारी बर्फबारी हो रही थी, जिसके चलते हेलीकॉप्टर फिसल गया.

मध्य वियतनाम में बाढ़ : 9 लोगों की मौत, पांच अन्य व्यक्ति लापता

हनोई। वियतनाम के मध्य इलाके में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य व्यक्ति लापता बताए गए हैं. बयान के मुताबिक, बाढ़ के कारण दनांग शहर और होई आन में छह लोगों की मौत हो गई. दनांग देश का एक लोकप्रिय तटीय इलाका है. बाढ़ में एक लाख से भी ज्यादा घर जलमग्न हो गए हैं और बिजली एवं पानी की आपूर्ति बाधित हुई है. बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वालें इलाकों में देश के प्रमुख पर्यटन स्थल ह्यू और होई आन शामिल हैं. देश की पूर्व राजधानी ह्यू और होई आन में बारिश अभी भी जारी है. सोमवार रात तक क्षेत्र में रिकार्ड 1,000 मिलीमीटर से ज्यादा वर्षा रिकार्ड की गई.

जापान में छात्रों ने आईएनएस सह्याद्रि का दौरा किया : जापान के योकोसुका बंदरगाह पर भारतीय नौसेना के स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस सह्याद्रि पर मौजूद स्कूली छात्र.

भारतीय मूल के उद्योगपति दर्शन सिंह की कनाडा में हत्या

लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी

एजेंसी । ओटावा

कनाडा में भारतीय मूल के एक बड़े उद्योगपति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है. लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली है. कनाडा के मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, भारतीय मूल के उद्योगपति दर्शन सिंह साहसी की कनाडा के एबट्सफोर्ड इलाके में उस वक्त हत्या कर दी गई, जब वे कार में सवार होकर कहीं जा रहे थे.

हत्याकांड का सीसीटीवी फुटेज आया सामने : दर्शन सिंह साहसी की हत्या का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दर्शन सिंह अपनी कार में सवार होते दिख रहे हैं, तभी एक हमलावर उनके पास आता है और दर्शन सिंह पर गोलियां चला देता है. हमलावर अकेला था और मौके से एक टोयोटा कोरोला कार में सवार होकर फरार हो गया. गोलीबारी की सूचना के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची तो दर्शन सिंह गंभीर हालत में घायल थे. इसके बाद पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया. कनाडा पुलिस ने बताया कि अभी जांच शुरुआती चरण में है और जल्द ही इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी. वहीं कनाडा स्थित गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर दर्शन सिंह साहसी की हत्या की जिम्मेदारी ली है.

ड्रग माफियाओं के ठिकानों पर छापेमारी, पुलिस कार्रवाई में एक दिन में 64 की मौत

एजेंसी । नयी दिल्ली

ब्राजील में ड्रग तस्करों और माफियाओं पर पुलिस की कार्रवाई में एक दिन में 64 लोगों की मौत हुई है. इसे लेकर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने चिंता जाहिर की है. गौरतलब है कि ब्राजील में रियो डी जनेरियो के दो गरीब इलाकों में पुलिस की कार्रवाई हुई. इसमें 64 लोगों की मौत हुई, जबकि 81 को गिरफ्तार किया गया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, लगभग 2,500 हथियारबंद पुलिसकर्मी इन इलाकों में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के खिलाफ अभियान में शामिल थे. मारे गए लोगों में चार पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं. रियो के गवर्नर क्लॉडियो कास्त्रो ने कॉम्प्लेक्सो दा पेन्हा और कॉम्प्लेक्सो दो अलेमाओ के करीब चलाए गए इस मिशन को राज्य के इतिहास में सबसे बड़ा अभियान बताया. यूएन ने कहा कि गरीब समुदायों के खिलाफ यह कार्रवाई पुलिस अभियानों के घातक नतीजों की चिंता पैदा करने वाली प्रवृत्ति को और बढ़ाती है और कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा बल प्रयोग

पर गंभीर सवाल खड़े करती है. संयुक्त राष्ट्र ने ब्राजील सरकार से अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों के पालन की अपील की है और इस घटना की तेज और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने को कहा है. गौरतलब है कि ब्राजील का रियो डी जनेरियो एक लोकप्रिय पर्यटन केंद्र के तौर पर जाना जाता है. हालांकि, नशीले पदार्थों की तस्करी की वजह से पुलिस की छापेमारी भी यहां आम है. इस क्षेत्र में कई गरीब बस्तियों में बड़ी आबादी बसी है. ऐसे में तस्करी की वजह से यह अपराध का भी एक नेटवर्क खड़ा हुआ है. ब्राजील की सरकार ने कहा इस छापेमारी में कोमांडो वेरमेल्हो (रेड कमांड) को निशाना बनाया गया, जो कि मादक पदार्थ की तस्करी करने वाला एक ताकतवर गिरोह है. अधिकारियों का कहना है कि यह गिरोह रियो में अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश में जुटा था.

रियो में दिखे 'युद्ध जैसे' हालात : अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास उत्तरी रियो में गोलियों की आवाज गूंज रही थी, जबकि झड़पों के दौरान लगाई गई आग से घना धुआं उठ रहा था. दुकानें बंद होने और प्रमुख सड़कों पर यातायात ठप होने के कारण निवासी अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागे. मौके पर मौजूद एक के पत्रकारों ने युद्ध जैसे हालात का वर्णन किया, विला क्रुजेरो में पुलिस लगभग 20 युवा बंदियों की सुरक्षा कर रही थी, जो नंगे पांव और बिना कमीज़ के फुटपाथ पर सिर झुकाए बैठे थे.

हमास बोला-इजरायल ने तोड़ा संघर्ष विराम

गाजा पर आईडीएफ का हमला, 26 लोगों की मौत

एजेंसी । नयी दिल्ली

इजरायल और हमास के बीच तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है. मंगलवार देर रात इजरायली वायुसेना ने गाजा पट्टी में कई ठिकानों पर जोरदार हवाई हमले किए. स्थानीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इन हमलों में कम से कम 26 लोगों की मौत हुई और कई लोग घायल हुए हैं. रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, मरने वालों में पांच लोग बुरैज शरणार्थी शिविर में, चार गाजा सिटी के सबरा इलाके में और पांच खान यूनिस में एक कार पर हुए हमले में मारे गए. स्थानीय निवासियों का कहना है कि बमबारी बुधवार सुबह तक जारी रही और कई इलाकों में मलबा फैल गया. संघर्षविराम का उल्लंघन : हालांकि इजरायली सेना ने इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि उन्होंने "तुरंत और शक्तिशाली जवाबी कार्रवाई" का आदेश दिया था. सेना के एक अधिकारी ने बताया कि हमास ने इजरायली बलों पर हमला करके संघर्षविराम का उल्लंघन किया है.

हमास का पलटवार और आरोप : हमास के सशस्त्र विंग 'अल-कसम ब्रिगेड' ने दावा किया है कि उसने मंगलवार को एक लापता बंधक का शव सौंपने की जो योजना बनाई थी, उसे इजरायल के हमलों के कारण स्थगित कर दिया गया है. संगठन ने कहा कि इजरायल की ओर से लगातार बमबारी की जा रही है, जिससे शवों की पहचान और उन्हें सौंपने की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है.

संघर्षविराम अब भी लागू : 10 अक्टूबर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता से संघर्षविराम लागू किया गया था. इस समझौते ने 2023 से जारी दो साल लंबे युद्ध को रोक दिया था. हालांकि, तब से दोनों पक्ष एक-दूसरे पर समझौते के उल्लंघन का आरोप लगाते रहे हैं. अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि संघर्षविराम औपचारिक रूप से अब भी लागू है, भले ही बीच-बीच में झड़पें जारी हों.

वहीं इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने आरोप लगाया कि हमास ने बंधकों के शवों की अदला-बदली के दौरान "गलत अवशेष" सौंपकर समझौता तोड़ा है. इसके जवाब में हमास ने कहा कि वह संघर्षविराम का पालन कर रहा है, जबकि इजरायल स्थिति को भड़काने की कोशिश कर रहा है.

अभी तक 68 हजार से ज्यादा मौतें

गाजा सिटी में शिफा अस्पताल के पास भी बमबारी हुई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई. अस्पताल के पास लगे राहत शिविरों पर भी बम गिरने की खबर है. गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अब तक दो साल की इस जंग में 68,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं और हजारों लोग अब भी लापता हैं. संघर्षविराम के तहत हमास ने सभी जीवित बंधकों को रिहा किया था और इजरायल ने करीब 2,000 फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ा था. लेकिन अब बंधकों के शवों की खोज को लेकर दोनों पक्षों में नया विवाद भड़क उठा है.

रूसी एलएनजी के आयात पर प्रतिबंध लगाना मुश्किल: जापान

एजेंसी । टोक्यो

जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस अनुरोध को ठुकरा दिया है जिसमें जापान से रूसी तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात पर रोक लगाने की बात की गई थी. उन्होंने ट्रंप से कहा कि रूसी एलएनजी के आयात पर प्रतिबंध लगाना मुश्किल होगा. ट्रंप ने हाल ही में अपनी 'सफल' जापान यात्रा समाप्त की है. जापान के समाचार पत्र 'निक्केई बिज़नेस डेली' ने बुधवार को सरकारी अधिकारियों के हवाले से इस आशय का खुलासा किया. अखबार के मुताबिक जापान के कुल एलएनजी आयात में रूसी एलएनजी की हिस्सेदारी लगभग नौ प्रतिशत की ही है, और जापानी कंपनियों मित्सुई और मित्सुबिशी की रूस की सखालिन-दो परियोजना में हिस्सेदारी है.

गौरतलब है कि इस हफ़्ते ट्रंप की एशियाई देशों की यात्रा से पहले, अमेरिका ने जापान सहित रूसी ऊर्जा खरीदारों से आयात बंद करने का आग्रह किया था और यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने और रूस को बातचीत के लिए तैयार करने के प्रयासों में उसकी दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों, रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगा दिया था. निक्केई के अनुसार, पिछले हफ़्ते जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री चुनी गईं ताकाइची ने ट्रंप से कहा कि अगर जापान पीछे हटता है, तो इससे चीन और रूस खुश ही होंगे. उन्होंने अमेरिका से जापान की ऊर्जा ज़रूरतों को समझने का अनुरोध किया. जापान ने पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका से एलएनजी की खरीदारी बढ़ा दी है क्योंकि वह अपने प्रमुख आपूर्तिकर्ता ऑस्ट्रेलिया से अलग होने और रूस की सखालिन-दो एलएनजी परियोजना के साथ आपूर्ति अनुबंधों की समाप्त होने के लिए विकल्पों की तलाश कर रहा है. सखालिन-दो से अधिकांश आपूर्ति 2028 से 2033 की अवधि में समाप्त हो जाएगी.

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 66 लाख के इनामी 51 नक्सलियों ने किया सरेंडर

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में बुधवार को 51 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर बीजापुर एसपी डॉ. जितेंद्र कुमार यादव एवं अन्य पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है. आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में 9 महिला और 42 पुरुष नक्सली शामिल हैं. इनमें 23 नक्सलियों पर कुल 66 लाख रुपये का इनाम घोषित था. इसमें 8 लाख के पांच, 5 लाख का एक, 2 लाख के 7 और एक लाख के 7 नक्सली शामिल हैं. नक्सलियों में माओवादी संगठन की रीढ़ समझे जाने वाले पीएलजीए बटालियन के अलग-अलग कैडर के नक्सली शामिल हैं. इनमें पीएलजीए बटालियन और कंपनी नंबर 1, 2 और 5 के 5 सदस्य, एरिया कमेटी और प्लाटून से जुड़े 7 सदस्य, एलओएस (स्थानीय संगठन स्क्वाड) के 3 सदस्य, 1 मिलिशिया प्लाटून कमांडर, 14 मिलिशिया प्लाटून सदस्य, और जनताना सरकार, डीएकेएमएस और सीएनएम संगठनों के 20 सदस्य शामिल हैं. आत्मसमर्पण करने वालों में 8 लाख रुपये के पांच इनामी बुधराम पोटाम, मनकी कोवासी, हुंगी सोढ़ी, रविंद्र पुनेम और देवे करटाम जैसे सक्रिय नक्सली भी शामिल हैं. आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सलियों को पुनर्वास योजना के तहत 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई, वहीं सरकार की पुनर्वास नीति के तहत अन्य सुविधायें भी प्रदाय किया जायेगा. बीजापुर पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव ने 51 नक्सलियों के आत्मसमर्पण की पुष्टि करते हुए बताया कि सरकार की पुनर्वास नीति नक्सलियों को मुख्यधारा की ओर लौटने के लिए आकर्षित कर रही है.

दाऊद का करीबी ड्रग्स माफिया दानिश चिकना एनसीबी के शिकंजे में

मुंबई । अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के ड्रग्स सिंडिकेट को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने एक बार फिर करारा झटका दिया है. दाऊद के सबसे भरोसेमंद गुर्गों में से एक और डोंगरी में ड्रग्स फैक्ट्री संभालने वाला कुख्यात तस्कर दानिश चिकना गोवा से गिरफ्तार कर लिया गया है. इस गिरफ्तारी को दाऊद के भारत में चल रहे अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर एनसीबी मुंबई की एक बहुत बड़ी और निर्णायक कार्रवाई माना जा रहा है. दानिश चिकना उर्फ दानिश मर्चेंट दाऊद इब्राहिम के ड्रग्स कारोबार का एक अभिन्न हिस्सा था और उसकी गिरफ्तारी से पूरे अंडरवर्ल्ड में हड़कंप मच गया है. एनसीबी मुंबई की टीम ने एक विशेष ऑपरेशन के तहत गोवा से गिरफ्तार किया है. दानिश चिकना लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा था और जांच एजेंसियों को चकमा दे रहा था.

पश्चिम बंगाल में 24 घंटे के अंदर दूसरा मामला

एसआईआर में नाम कटने के डर से जान देने की कोशिश!

एजेंसी । कोलकाता

पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में बुधवार को 60 साल के एक किसान ने मतदाता सूची से अपना नाम कट जाने के डर से आत्महत्या की कोशिश की. यह घटना 24 घंटे में दूसरा ऐसा मामला है जिसने स्थानीय प्रशासन को सतर्क कर दिया है. किसान की पहचान खैरुल शेख के रूप में हुई है, जो दिनहाटा-2 ब्लॉक के बुरीरहाट-2 ग्राम पंचायत के जीतपुर गांव के रहने वाले हैं.

परिवार के अनुसार, खैरुल शेख का नाम 2002 की वोटर लिस्ट में दर्ज था, लेकिन उसमें स्पेलिंग की गलती थी. इसी वजह से उन्हें डर था कि इस बार एसआईआर के दौरान उनका नाम सूची से हटाया जा सकता है.

कीटनाशक पीकर जान देने की कोशिश : बुधवार को उन्होंने कीटनाशक पी लिया. परिजनों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी जान बच गई. वह इस समय कूचबिहार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है. यह 24 घंटे में दूसरी ऐसी घटना है, जिससे मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया के दौरान लोगों में बढ़ती असुरक्षा और भय की स्थिति पर सवाल खड़े हो गए हैं.

एक और मामला आ चुका सामने : इससे पहले मंगलवार को भी पश्चिम बंगाल में एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) के डर से एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली. इसके बाद सियासी हलचल तेज हो गई.

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर डर और विभाजन की राजनीति करने का आरोप लगाया, जबकि भाजपा ने पलटवार करते हुए ममता पर जानबूझकर झूठ फैलाने और लोगों में दहशत पैदा करने का आरोप लगाया था. बराकपुर पुलिस आयुक्त मुरलीधर शर्मा के अनुसार, 57 वर्षीय प्रदीप कर का शव उत्तर 24 परगना जिले के पनिहाटी स्थित उनके घर में फांसी के फंदे से लटका मिला. मौके से बरामद सुसाइड नोट में उन्होंने लिखा कि वे एनआरसी को लेकर डरे और तनाव में थे. हाल ही में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) की घोषणा के बाद उनका तनाव और बढ़ गया था.

ममता बनर्जी ने भाजपा को घेरा : ममता बनर्जी ने एक्स पर लिखा, भाजपा ने सालों से निर्दोष नागरिकों को एनआरसी के डर से आतंकित किया है. झूठ फैलाया, असुरक्षा को हथियार बनाया और इसे वोट की राजनीति में बदल दिया. उन्होंने कहा कि भाजपा ने संवैधानिक लोकतंत्र को भय के रंगमंच में बदल दिया है. मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि बंगाल में एनआरसी लागू नहीं होने दिया जाएगा.

राजनीतिक लाभ के लिए झूठ फैलाने का आरोप : इस पर भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने पलटवार करते हुए कहा कि देश में कहीं भी एनआरसी लागू नहीं है और ममता बनर्जी राजनीतिक लाभ के लिए झूठ फैला रही हैं. उन्होंने प्रदीप कर की मौत की जांच की मांग करते हुए लिखा, यह तय होना चाहिए कि आत्महत्या की असली वजह क्या थी, न कि इसे राजनीतिक हथियार बनाया जाए.

राजा रघुवंशी मर्डर केस

सोनम और राज समेत पांच आरोपियों पर आरोप तय, जल्द शुरू होगा ट्रायल

एजेंसी । शिलांग

मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स जिले की एक स्थानीय अदालत ने मंगलवार को राजा रघुवंशी मर्डर केस में पांच आरोपियों पर आरोप तय कर दिए हैं. इस बहुचर्चित केस में राजा की पत्नी सोनम रघुवंशी, राज कुशवाहा, विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी पर गंभीर आरोप तय किए गए हैं. सभी आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) (हत्या), 238(a) (सबूत मिटाना) और 61(2) (आपराधिक साजिश) के तहत केस दर्ज किया गया था.

पुलिस के मुताबिक, मध्य प्रदेश के

इंदौर के रहने वाले राजा रघुवंशी अपनी पत्नी सोनम रघुवंशी के साथ 21 मई को शिलांग पहुंचे थे. वहां से कपल सोहरा गया, जो अपनी वादियों और झरनों के लिए मशहूर है. लेकिन इस खूबसूरत ट्रिप का अंत दर्दनाक साबित हुआ. 26 मई को दोनों के लापता होने की खबर आई. इसके बाद स्थानीय पुलिस, स्पेशल ऑपरेशंस टीम, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय ट्रेकर्स ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया. कई दिनों की सर्च ऑपरेशन के बाद 2 जून को वेई सावदोंग फॉल्स के पास एक गहरी खाई से राजा रघुवंशी का शव बरामद किया गया. शव मिलने के बाद सोहरा पुलिस स्टेशन में हत्या का मामला दर्ज किया गया. जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि सोनम का राज कुशवाहा नामक एक युवक के साथ संबंध था. दोनों ने मिलकर राजा को रास्ते से हटाने की साजिश रची थी. इसके लिए उन्होंने मध्य प्रदेश के हिटमैन विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी को सुपारी दी. पुलिस का दावा है कि यह पूरी वारदात सोनम की मौजूदगी में हुई.

स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 **(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार).**

आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.